kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-13 ❐ अंक-90 ❐ रविवार, 28 अप्रैल 2024 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी है। कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को ओबीसी का आरक्षण देकर उनके अधिकारों पर डाका डाला गया है। ओबीसी आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना ख़तरनाक शुरुआत है। इससे एक नया पाकिस्तान बनाने का ज़हर बोना है। **केशव प्रसाद मौर्य**

वकील उज्ज्वल निकम होंगे मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के उम्मीदवार 11

तेलंगाना में भाजपा की बड़ी जीत होने वाली है: धामी 12

उत्तराखंड के जंगलों में आग का तांडव 689.89 हेक्टेयर जंगल राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड के वनों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। राज्य में अभी तक 689.89 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुका है। इससे वन विभाग को लाखों का नुकसान हुआ है। नैनीताल में आग बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर को लगाया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात तक पूरे प्रदेश के जंगलों में आग लगने की 575 घटनायें सामने आ चुकी हैं। आग लगने से कुल 689.89 हेक्टेयर क्षेत्रफल जल कर राख हो चुका है। इससे वन विभाग को 14,41,771 रुपये का नुकसान हुआ है।

❐ आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टरों को लगाया गया

वनाग्नि की सबसे अधिक 405 घटनायें आरक्षित वन क्षेत्र में हुई हैं। आरक्षित वन क्षेत्र में 478.29 हेक्टेयर क्षेत्रफल आग की भेंट चढ़ चुका है। इसी प्रकार सिविल वन क्षेत्र में 170 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इसमें 211.6 हेक्टेयर वन खाक हो गया है। आग से कुमाऊं मंडल खासा प्रभावित है। गढ़वाल मंडल में कल शाम तक 211 जबकि कुमाऊं मंडल में 313 घटनायें दर्ज की गयी हैं। ● शेष पेज 11 पर

तीरंदाजी कप : ज्योति की स्वर्ण पदकों की हैट्रिक

भारत ने कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में पांच पदक जीते

एजेंसी

शंघाई। एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन के बूते शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाकर भारतीय दबदबे की अगुआई की जिसमें कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक जीते।

दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरूआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिकों की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146=146 (9*-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की जिससे वह तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी के बाद एक विश्व कप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं। पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने जून 2021 में पेरिस विश्व कप के तीसरे चरण में यह



कारनामा किया था। ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी। युवा प्रियांश ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में रजत के रूप में अपना पहला विश्व कप पदक जीता। अपने ज्योति टीम का हिस्सा रहीं। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा ने इटली को 236 . 225 से हराया । भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाये और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला। पुरूष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238 . 231 से मात दी । नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी। मौजूदा एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति के लिए यह दोहरा स्वर्ण पदक था। वह व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक की दौड़ में है और दिन के अंत ● शेष पेज 11 पर

संक्षेप

हेलीकॉप्टर में फिसल जाने से ममता घायल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को शनिवार को दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर के अंदर फिसलकर गिर जाने से मामूली चोटें आयीं। यह घटना तब हुई, जब सुश्री बनर्जी चुनाव प्रचार के वास्ते आसनसोल जाने के लिये हेलीकॉप्टर के अंदर गयीं। उनके सुरक्षाकर्मियों ने हालांकि उनकी मदद की। इस घटना के बाद भी, वह चुनावी सभा के लिये निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आसनसोल रवाना हुईं। आसनसोल पहुंचने पर उनका स्वागत तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने किया। गौरतलब है कि प्रसिद्ध अभिनेता एवं सांसद श्री सिन्हा आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

तीन दिन चलेगी लू, कानपुर में पारा 44 डिग्री पहुंचा

लखनऊ। गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन पूरे उत्तर प्रदेश में एक या दो स्थानों पर लू चलने की चेतावनी जारी की है। शनिवार को प्रदेश में कानपुर नगर सबसे गर्म स्थान रहा, यहां दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक या दो स्थानों पर तेज सतही हवाएं 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने का अनुमान भी जताया गया है। शनिवार को राज्य में अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। अयोध्या में दिन का तापमान 42.5 , प्रयागराज और वाराणसी में क्रमशः 42.2 डिग्री, आगरा में 41.4, इटावा में 41, गोरखपुर में 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ मण्डलों में रात के तापमान में काफी ज्यादा बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी। यह सामान्य से तीन से पांच डिग्री ज्यादा रहा।

आतंकवाद और नक्सलवाद की जनक है कांग्रेस : योगी

एजेंसी

फिरोजाबाद/औरैया/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के समय गरीब भूखों मरता था। सपा के लोग वसूली करते थे। माफिया सत्ता पर हावी होकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। इनके पास गरीबों को देने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन सपा ने आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। गरीब भूखों मरता था और यह लोग आतंकियों को बिरयानी खिलाते थे। कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के जनता महाविद्यालय, अजीतमल में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने इटावा के सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया को फिर से 'दिल्ली' भेजने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी ने दस वर्ष में भारत के सर्वांगीण विकास, आपके और आपके भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए कार्य किए हैं। देश में अब सुरक्षा का माहौल है। पटाखा फूटने पर अब पाकिस्तान तुरंत ही सफाई देता है कि मेरा कोई हाथ नहीं है। सीएम योगी ने आमजन से पूछा कि आतंकवाद, नक्सलवाद का जनक कौन है। औरैया को विकास और एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज से किसने वंचित किया था। मोदी जी के नेतृत्व में नए-नए संस्थान खुल रहे हैं। कांग्रेस, सपा-बसपा ने कुल मिलाकर जितना कार्य नहीं किया, मोदी जी ने 10 वर्ष में उससे अधिक कार्य कर दिया। सीएम ने पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया।

उसे पता है कि अगर हाथ हुआ तो पाकिस्तान साफ हो जाएगा। फिरोजाबाद लोकसभा सीट के लिए बीजेपी प्रत्याशी



चुनावी यात्रा

- कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है: सीएम
- पाकिस्तान को पता है कि आतंकी हमलों में हुआ हाथ तो हो जाएंगे पूरा साफ: योगी
- कल्याण सिंह के लिए संवेदना के शब्द नहीं निकले और माफिया के घर फातिहा पढ़ने चले गए
- बच्चे ने प्रकट किए मनोभाव, बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे

ठाकुर विश्वदीप सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने यहां जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब वे मथुरा की ओर बढ़ चले हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' वाले लोगों को लगता है कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, वहीं कांग्रेस राज में उनके चट्टे-बट्टे गरीबों का ● शेष पेज 11 पर

खतरनाक हैं कांग्रेस के मंसूबे

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के मेनिफ़ेस्टो को आधार बनाते हुए कहा कि इन लोगों के मंसूबे बहुत ही खतरनाक हैं। इन्होंने 1947 में देश को बांटा अब अपने मेनिफ़ेस्टो में कहते हैं कि देश के लोगों की संपत्ति का सर्वे कराएंगे, उसपर विरासत टैक्स लगाएंगे और आधी संपत्ति पर कब्जा करके बांट देंगे। इन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या और आबादी बढ़ाने वाले तत्वों को आपकी संपत्ति बांटकर भारत का तालिबानीकरण करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी ओर ओबीसी के आरक्षण के हक पर डकैती डालना चाहती है और इसमें सपा उसका साथ दे रही है। ये अब भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की धरती पर गोकशी की छूट देना चाहते हैं। क्या राम और कृष्ण के भक्त कभी इसे स्वीकार करेंगे। कांग्रेस व्यक्तिगत कानून को फिर से लागू करके तीन तलाक को दोबारा लागू कराना चाहती है। देश में माओवादी अपसंस्कृति को लागू करना चाहती है। ये 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' वाले लोग हैं। जनता को अब भारत, राम और कृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करने वालों के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना होगा।

हाइकोर्ट ने धनंजय सिंह की सजा पर रोक से किया इंकार, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जौनपुर के पूर्व सांसद और बाहुबली नेता धनंजय सिंह को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ा झटका देते हुए स्पेशल कोर्ट की सात साल की सजा के फैसले को बरकरार रखा है। उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद उनके चुनाव लड़ने की संभावनाएं भी समाप्त हो गयी हैं।

अभियोजन सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने धनंजय को जमानत देते हुए निचली अदालत द्वारा उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद ने निचली अदालत द्वारा अपनी सजा को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 25 अप्रैल

को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। गौरतलब है कि 6 मार्च को जौनपुर की एक विशेष अदालत ने धनंजय सिंह और उनके सहयोगियों को लगभग चार साल पुराने अपहरण और रंगदारी के मामले में सात साल के कठोर कारावास के साथ 50,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। 10 मई 2020 को जौनपुर में नमामि गंगे योजना में ● शेष पेज 11 पर

मेरे सिंदूर और मंगल सूत्र पर खतरा मंडरा रहा है : श्रीकला

जौनपुर। जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बरेली जेल भेजने पर उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जौनपुर लोकसभा से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी श्रीकला सिंह ने शनिवार को कहा कि यह धर्म युद्ध है, एक बहू के सिन्दूर को बचाने का समय है। मेरे सिंदूर और मंगलसूत्र पर खतरा मंडरा रहा है। पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी श्रीकला सिंह आज जौनपुर में एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने अभय सिंह का नाम लिए बगैर कहा ह्न मेरे पति के ऊपर जिन लोगों ने जानलेवा हमला किया था, ● शेष पेज 11 पर

कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

इंफाल। मणिपुर के नारानसेना इलाके में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरंग पुलिस थाना क्षेत्र में नारायणसेना के एक गांव में कथित तौर पर सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया। कुकी आतंकवादियों ने नारायणसेना में सीआरपीएफ के बी/128 बीएन शिविर की ओर बम फेंके और गोलीबारी की। विस्फोट में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआई एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गए, जबकि एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी की मौत हो गई। ● शेष पेज 11 पर

आतंकवाद, नक्सलवाद को खत्म करेंगे : शाह

एजेंसी

पोरबंदर (गुजरात)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह देश से आतंकवाद एवं नक्सलवाद को खत्म कर देंगे और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनसुख मांडविया के समर्थन में गुजरात के पोरबंदर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस कदम का विरोध किया था और कहा था कि इसके कारण कश्मीर

में खून की नदी बहेगी। शाह ने कहा, ''पिछले पांच साल में खून की नदी बहना तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने की भी हिम्मत नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, ● शेष पेज 11 पर

चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर 138 उम्मीदवार मैदान में, 82 पर्चे खारिज

कन्नौज सीट के हर पोलिंग बूथ पर लगेंगी दो-दो ईवीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर दाखिल नामांकन पत्रों की जांच में 138 उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये और 82 पर्चे खारिज कर दिये गये। इन 13 लोकसभा सीटों तथा ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए सोमवार 29 अप्रैल को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी होगी। चौथे चरण का मतदान सोमवार 13 मई को होगा।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कन्नौज लोकसभा सीट के लिए 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 17 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें श्रीकृष्ण, अंकुर प्रताप सिंह, रामलखन, आनन्द कुमार, जरार खान, शिवांक, विजय

कुमार, शोभित सिंह, सुनील कुमार, राजेश सिंह चौहान, राधारानी हैं। इस तरह से कन्नौज लोकसभा सीट पर होने वाले मतदान में हर पोलिंग बूथ पर दो-दो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें लगायी जाएंगी। एक ईवीएम में 15 उम्मीदवार और एक नोटा का बटन होता है। शाहजहॉपुर (सु.) सीट के लिए 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा जिन 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें सुरेश कुमार, राजेश, रामपाल शास्त्री, किशनलाल, नरेन्द्र कुमार, राम कुमार, राकेश, संजीव, सुरेश, महेन्द्र, शैलेश कुमार हैं। खीरी सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा एक प्रत्याशी विजय पाल का नामांकन पत्र खारिज हुआ। धौरहरा सीट के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें भगौती प्रसाद, नरेन्द्र कुमार, ब्रजलाल हैं। सीतापुर सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें राम कुमार मिश्र, सीमा, अशोक कुमार ● शेष पेज 11 पर

ईडी ने बेहद मनमाने तरीके से काम किया

केजरीवाल ने शीर्ष न्यायालय में हलफनामा देकर कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 'बेहद मनमाने तरीके' से काम किया।

मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे। केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। उन्होंने कहा, 'जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का सरासर अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है। केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में 'साफ झूठ' उजागर हो

जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है। केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी ने कभी भी उनके द्वारा जांच में कथित असहयोग का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा, ''याचिकाकर्ता (केजरीवाल) को किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से न बुलाने या उनसे लिखित में या डिजिटल माध्यम से दस्तावेज न मांगने और व्यक्तिगत रूप से उनकी उपस्थिति पर जोर देने की क्या जरूरत थी, यह पता नहीं चल पा रहा है। आप नेता ने कहा कि उनकी याचिका स्वीकार किये जाने योग्य है और वह तुरंत रिहा किये जाने के हकदार हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के ''सरगना और मुख्य साजिशकर्ता'' हैं और सबूत के आधार पर अपराध के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं करती है। ईडी ने यह भी दावा किया कि केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और आप नेताओं के साथ मिलकर काम किया और नीति के तहत पहुंचाए गए लाभ के बदले में शराब कारोबारियों से 'रिश्वत मांगने' में भी शामिल थे। ईडी ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका में कोई तथ्य नहीं होने के आधार पर इसे खारिज करने योग्य बताया। जांच एजेंसी ने कहा है कि जिस सबूत को आधार बनाते हुए जांच अधिकारी ने उन्हें गिरफ्तार किया था उसपर विभिन्न अदालतों द्वारा गौर किया गया था। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें संघीय धन शोधन रोधी एजेंसी द्वारा दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है और बार-बार समन जारी करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ● शेष पेज 11 पर

राम व कृष्ण की धरती पर गोकशी की छूट देना चाहती है कांग्रेस : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम व कृष्ण की धरती पर कांग्रेस गोकशी की छूट देना चाहती है। देश का हिंदू समाज इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। गाय उसके लिए मां के समान है।

वह शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस के घोषणापत्र में अल्पसंख्यकों को खानपान की आजादी देने के वायदे का जिक्र करते हुए उन्होंने कांग्रेस और उसकी अगुवाई वाले गठबंधन पर गोमांस को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश का हिंदू समाज कांग्रेस की इस मंशा को कभी सफल नहीं होने देगा। उल्लेखनीय है कि यूपी में योगी सरकार ने गोहत्या को लेकर कड़ा कानून बना रखा है। इसके तहत प्रदेश में गोकशी पर 10 साल

- यूपी में गोकशी पर 10 साल तक जेल और पांच लाख तक जुर्माने का प्रावधान
- वर्ष 2020 में अध्यादेश लाने के बाद सदन में कानून बनाकर गोकशी पर लगाया गया अंकुश

की सजा और पांच लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं, गोवंश के अंगभंग पर सात साल की जेल और तीन लाख के जुर्माने का प्रावधान है। योगी सरकार ने 2020 में ही गोकशी पर अध्यादेश लाने के बाद उसे कानून का रूप दिया था। उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अधिनियम 2020 में योगी सरकार ने कई नए प्राविधान जोड़े थे, जिससे प्रदेश में गोकशी करना आसान नहीं रह गया है। इसके तहत यूपी में गोकशी या गोवंश की तस्करी के अपराधों में सजा और कड़ी कर दी गई है। इस अधिनियम के तहत गोवंश की तस्करी पर 10 साल तक की जेल और दोबारा दोषी पाए जाने पर सजा दोगुनी हो सकती है। इससे पूर्व के कानून में गोवंश के वध या इस नीयत से तस्करी पर न्यूनतम सजा का प्रावधान नहीं था। संशोधित कानून में गोकशी पर न्यूनतम तीन साल की सजा और न्यूनतम तीन लाख जुर्माना तय किया गया है। वहीं, गोवंश को अंगभंग करने पर भी कम से कम एक साल की सजा और एक लाख का न्यूनतम जुर्माना होगा। अधिनियम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो कोई किसी गाय या उसके गोवंश को ऐसी शारीरिक क्षति करता है, जो उसके जीवन को संकट में डाले या अंग भंग करे, उस व्यक्ति पर एक वर्ष से साथ वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपए से तीन लाख रुपए तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। संशोधित कानून के अनुसार अगर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा गोवंश जब्त किया जाता है तो एक साल तक उसके भरण-पोषण के खर्च की वसूली भी अभियुक्त से ही की जाएगी। पूर्व के कानून में गोवंश या उसके मांस को ढोने वाले वाहनों, उनके मालिकों या चालकों पर कार्रवाई को लेकर तस्वीर साफ नहीं थी। वहीं संशोधित कानून में अब जब तक वाहन मालिक साबित नहीं कर देंगे कि उन्हें वाहन में प्रतिबंधित मांस की जानकारी नहीं थी, वे भी दोषी माने जाएंगे। साथ ही चालक और ऑपरेटर भी दोषी होंगे। वाहन सीज कर दिया जाएगा। इस अधिनियम के तहत सभी अपराध गैरजमानती होंगे।

राजनाथ सिंह के नामांकन के लिए लोकसभा संचालन समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ लोकसभा सीट से 29 अप्रैल को नामांकन करने जा रहे भाजपा के उम्मीदवार व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन कार्यक्रम को लेकर लोकसभा संचालन समिति ने बैठक की। बैठक में नामांकन जुलूस से लेकर नामांकन दाखिल करने तक की योजना तैयार की गयी। हजरतगंज के हलवासिया कोर्ट में आयोजित भाजपा की लोकसभा संचालन समिति की बैठक में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह के नामांकन कार्यक्रम के सम्बंध में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ता हजरतगंज स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय तक पहुंचेंगे। सुबह के वक्त सड़क पर यातायात व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए खाली स्थानों पर वाहनों को खड़ा करेंगे। भाजपा के प्रदेश कार्यालय से निकलने के बाद नामांकन जुलूस अटल चौक होते हुए हजरतगंज से परिवर्तन चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द ने कहा कि नामांकन कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति रहनी है। लखनऊ शहर के रहने वाले सभी जनप्रतिनिधि और भाजपा के पुराने नेताओं को निमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही भाजपा के पदाधिकारीगण और विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों का भी नामांकन जुलूस में रहना होगा। इस बार भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह का नामांकन ऐतिहासिक होने वाला है। बैठक में मुख्य रुप से भाजपा नेता नीरज सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, अवध क्षेत्र भाजपा के प्रभारी संजय राय, लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, संचालन समिति के सह संयोजक पुष्कर शुक्ला, भाजपा नेता सुधीर हलवासिया सहित चुनाव समिति से जुड़े तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

टेंपो पलटने से छात्र घायल

भोगनीपुर/कानपुर देहात (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के बिदखुरी रोड पर एक बच्ची को बचाने के चक्कर में टेंपो पलट गया जिसमें उसमे बैठा छात्र घायल हो गया. पुखरायां निवासी बबलू ने बताया कि उसका लड़का शिवम अकोडी से टेंपो में बैठकर पुखरायां की तरफ आ रहा था की अकोड़ी मोड़ के पास एक बच्ची को बचाने के चक्कर में टेंपो पलट गया जिससे उसमें बैठ छात्र शिवम घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल पुखरायां में भर्ती कराया है.हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

जल्द ही ड्रेस में नजर आएंगे परिषदीय स्कूलों के बच्चे, डीबीटी प्रक्रिया तेज करने के दिए गए निर्देश

कानपुर देहात (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। परिषदीय विद्यालयों में अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरुआत हो गई है। इसी के साथ हर साल दिए जाने वाले यूनिफार्म, स्वेटर, स्कूल-बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी के लिए दी जाने वाली डीबीटी की तैयारी भी विभाग ने समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश दिया गया है कि कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं को प्रोन्नत किया जा चुका है इसकी सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। शिक्षक को हर छात्र-छात्रा की प्रोन्नति को सत्यापित करना होगा। प्रोन्नति के सत्यापन के समय छात्र-छात्राओं के विवरण, उनके अभिभावक के विवरण में कोई संशोधन अपेक्षित हो तो उसे भी संशोधित करके सत्यापित करें। नए प्रवेशित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के विवरण को भी प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकृत करें। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि इसी के साथ आधार को भी प्रमाणित करें। माता-पिता में से कोई जीवित न हो तो किसी रिश्तेदार का आधार प्रमाणित किया जाए। पोर्टल पर अपलोड डाटा को बीईओ सत्यापित करेंगे। अभिभावकों के आधार से जुड़े बैंक खाते और मोबाइल नंबर की भी जांच कर लें। खाते सक्रिय स्थिति में हैं या नहीं? जिन छात्रों के आधार नहीं बने हैं उनके अपग्रेडेशन की जरूरत है इसे भी समय से पूरा कराएं। सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर आधार कार्ड बनवाने की व्यवस्था पहले से है। सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से अभिभावकों के बैंक खाते को आधार से लिंक कराएंगे ताकि डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी जा सके।बीते वर्ष 19 जुलाई को प्रत्येक अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये भेजे गए थे। इससे पहले वर्ष 2022 में अगस्त में यह धनराशि भेजी गई थी। इस बार कोशिश है कि पहले ही धनराशि खाते में भेज दी जाए। चार जून से पहले चुनाव आयोग की अनुमति लेकर धनराशि भेजी जा सकती है।

लड्डू खाने से कई बच्चे बीमार

लखनऊ (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में लड्डू खाकर कई बच्चे बीमार हो गये। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो बच्चों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है शेष बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। मेहंदी गंज इलाके में रहने वाले 12 से अधिक बच्चे उल्टी दस्त की शिकायत पर बलरामपुर अस्पताल में शुक्रवार देर रात को भर्ती हुए। बच्चों के परिवार का कहना है कि एक कार्यक्रम में बांटे गये लड्डू खाने से एका-एक बच्चे बीमार पड़ गये। नक्खास स्थित हाजी साहब मिठाई की दुकान से लड्डू लाए गये थे। इसे खाते ही हालत बिगड़ने पर सभी बच्चों को आनन-फानन में बलरामपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया। कुछ बच्चों को आराम मिलते ही घर भेज दिया गया था। साथ ही कुछ बच्चे अस्पताल में भर्ती थे। बलरामपुर के चिकित्सा अधीक्षक हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि आठ बच्चे आये थे। छह बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। दो बच्चे स्वस्थ हैं इन्हें भी जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जायेगा।

कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी : केशव

लखनऊ (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी है। कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को ओबीसी का आरक्षण देकर उनके अधिकारों पर डाका डाला गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना ख़तरनाक शुरुआत है। इससे एक नया पाकिस्तान बनाने का ज़हर बोना है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के लिए कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के तहत कर्नाटक आरक्षण माडल देश भर में लागू करना चाहती है। कांग्रेस देश में जाति जनगणना कर एक्स-रे करने की बात कर रही है, लेकिन राहुल गांधी को यह ज्ञात नहीं है कि देश की जनता उनके षड्यन्त्र की एमआरआई कर रही है। सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर उप मुख्यमंत्री ने पोस्ट किया कि देश के लोकतंत्र को 4 नासूरों ने ग्रसित किया है। परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और जातिवाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर इन चारों नासूरों को हटाकर स्वच्छ राजनीति को स्थापित किया। इसलिए जो देश के लिए काम करेगा, वही देश में राज करेगा।

सीआरपीसी के तहत 21 लाख लोग पाबन्द किये गये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखन। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। प्रदेश में शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत 21,49,679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है, जबकि 25,77,725 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस दी गई थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 494 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 अप्रैल, 2024 तक

32 लाख से अधिक का मादक पदार्थ और नकदी जब्त

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में सक्रिय प्रवर्तन एजेंसियों, पुलिस और उड़नदस्ता की सयुंक्त टीम सघन अभियान चला रही है। इसी के तहत 26 अप्रैल को कुल 90.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 3.30 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.09 लाख रुपये कीमत की 16861.14 लीटर शराब, 34.66 लाख रुपये कीमत की 58660.92 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। प्रमुख जब्ती में जनपद गाजीपुर की गाजीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.57 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2150 लीटर शराब पकड़ी गयी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मार्च से 26 अप्रैल तक कुल 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख रुपये नकद धनराशि, 4481.92 लाख रुपये कीमत की शराब, 21577.08 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4683 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गये इसके अतिरिक्त पुलिस ने 7897 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8039 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 426 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3342 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 149 केन्द्रों को सीज किया गया। इसी के तहत 26 अप्रैल को पुलिस ने आपराधिक व्यक्तियों के छह लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,122 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 90 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 91 कारतूस व 8 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 57 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

आयोजित हुआ मेधावियों का सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सेक्टर-14 इन्दिरानगर लखनऊ में स्थित सेन्ट जेवियर्स हाई स्कूल का परिणाम पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

विद्यालय की टापर रही जानवी जयसवाल तथा दीपांशी ने अपनी इस सफलता हेतु किये गये प्रयासों से अवगत कराते हुए सदैव सकारात्मक रहने की सीख भी दी। सभी विद्यार्थियों को मेधावी छात्रों से अत्यधिक अभिप्रेरणा मिली। सभी मेधावियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों तथा अभिभावकों को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

एजेंसी

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले की वैदपुरा पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार कर लिया है और फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बने तथा अधबने हथियार बरामद किए हैं।

इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करने वाले 2 हिस्ट्रीशीटरो को इटावा की वैदपुरा पुलिस गिरफ्तार किया है। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में अवैध शस्त्र निर्माण, उनकी बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में थाना वैदपुरा पुलिस टीम ने नगला बरी तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति नगला गडरियान के पास नगला बाबा ग्राम के बाहर बम्बे से थोडी दूरी पर बनी झोपड़ी मे अवैध असलाह बनाने का काम कर रहे हैं । पुलिस टीम ने इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 2 व्यक्तियों को ग्राम नगला बाबा के बाहर बम्बे की पुलिया के पास बनी झोपड़ी से गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने सुखबीर उर्फ नेता पुत्र श्री बाबूराम निवासी ग्राम नगला बाबा थाना वैदपुरा जनपद इटावा और सुधीर कुमार पुत्र प्रेमसिंह निवासी ग्राम नगला देवसन थाना वैदपुरा जनपद इटावा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तगण अभ्यस्त किस्म के अपराधी/हिस्ट्रीशीटर है जिनके विरुद्ध पूर्व में भी लूट, हत्या का प्रयास, अपहरण तथा चोरी जैसे आपराधिक कृत्य के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत है। अवैध शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी से जनपद में अवैध असलहे के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा ।

कांग्रेस की नीति एससी, एसटी, ओबीसी का हक मारना : भूपेंद्र चौधरी

एजेंसी

बरेली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति में एससी, एसटी व ओबीसी का हक मारने की मंशा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और गठबंधन के एजेंडे में पिछड़ा वर्ग,अनुसूचित जाति और जनजाति का हक छीनकर एक वर्ग विशेष को देना है। ये मजहबी आरक्षण देकर गरीबों, पिछड़ों और अनुसूचित जाति और जनजातियों के हक की लूट करने की मंशा रखते हैं। कर्नाटक में इंडी गठबंधन ने इसकी शुरुआत भी कर दी है।

प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को यहां क्षेत्रीय मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता को इनके मंसूबों को समझना होगा और इनका बोरिया बिस्तर समेट कर इनको घर लौटा देना है। कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दिसंबर 2006 में नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल को संबोधित करते हुए कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएं बनानी होंगी, जिसमें अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने के लिए सशक्त बनाया जाए और संसाधनों पर उनका पहला दावा होना चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि 2009 में भी तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुंबई में एक प्रेस वार्ता के दौरान इसी बयान को फिर दोहराया था। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की नीतियां भी इसी एजेंडे को लागू करने की रही हैं। श्री चौधरी ने कहा कि सपा के समर्थन वाली यूपीए सरकार ने सच्चर कमिटी की रिपोर्ट के माध्यम से यह दावा करने का प्रयास किया था कि देश में मुस्लिमों की स्थिति दलितों से भी दयनीय है, इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम आरक्षण के लिए एक लंबे समय से पृष्ठभूमि तैयार कर रही थी। कांग्रेस की अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों पर डाका डालने की यह आदत बहुत पुरानी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने 1951 में कहा था कि पिछले 20 वर्षों में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 2000 भाषण दिए हैं, लेकिन एक बार भी अनुसूचित जाति के कल्याण के बारे में बात नहीं की है। पंडित नेहरू हमेशा मुस्लिमों के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के एजेंडे पर काम करती है, लेकिन हम मजहबी आधार पर आरक्षण का विरोध करते हैं। हमारा मत स्पष्ट है कि एससी, एसटी और ओबीसी जिन्हें ज्यादा सामजिक सुरक्षा की आवश्यकता है, उनके अधिकारों को छीन कर एक वर्ग विशेष का तुष्टिकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर मुस्लिमों को भी जातियों में बांटने की साजिश की।

हिंदू मुस्लिम के बहाने देशवासियों को नहीं बहका पायेगी भाजपा : डिंपल

एजेंसी

इटावा। मैनपुरी की संसद और समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव ने दावा किया है कि हिंदू मुस्लिम के बहाने भारतीय जनता पार्टी देशवासियों को इस संसदीय चुनाव में बहकाने में कामयाब नहीं होगी।

मैनपुरी सीट से सपा उम्मीदवार श्रीमती यादव सैफई स्थित आवास पर यूनीवार्ता से एक विशेष बातचीत में बताया कि इस बार चुनाव की बहुत अच्छी तैयारी चल रही है । लोग पहले से ज्यादा जागरूक होकर मतदान करने जा रहे हैं। खास तौर से मैनपुरी में बहुत ही पॉजिटिव इफैक्ट्स मतदान को लेकर बने हुए है। उन्होंने कहा कि पिछली बार का जो जीत का मार्जिन था उससे आगे हम जा रहे हैं लेकिन मैनपुरी में देखा जा रहा है कि लगातार लोगों को धमकाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए सबसे हानिकारक बात है। भाजपा के मंत्री सरकार और उनके लोग इसी तरह की दबाव की राजनीति करते चले आ रहे हैं लेकिन लोग जागरूक हैं हर वर्ग इससे परेशान हैं।

इस चुनाव में मैनपुरी के लोकल मुद्दे और राष्ट्रीय मुद्दे भी हैं सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है जो क यह राष्ट्रीय मुद्दा है। मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संतुष्टीकरण और तुष्टिकरण की राजनीति में लोगों को न उलझाएं चुनाव का आखिरी समय जब चल रहे होते हैं तो भाजपाईयो की इसी तरह की भाषा शैली सामने दिखाई देने लगती है लेकिन जनता सब समझ रही है । 10 साल का कार्यकाल जनता ने देख लिया है। अगर किसी का काम करने का उद्देश्य होता तो 10 साल लंबा समय होता है लेकिन मौजूदा सरकार विफल रही है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से पूछा कि जो आपने पहले मेनिफ़ेस्टो जारी किए थे उसमें किए गए वादे पूरे किए हैं या नहीं किया। इन्होंने युवाओं को रोजगार देने से लेकर अच्छे दिन आने के साथ साथ कई सारे वादे किए थे। किस तरीके से अच्छे दिन की बात करते-करते हैं । इन लोगों ने थालियां बजवाई इन लोगों ने मणिपुर की महिलाओं के साथ क्या हालत कर दी है। भाजपा ने उसे मुद्दे पर भी संवेदनहीनता दिखाई। उसी के साथ लेह लद्दाख की क्या हालत है जो हमारे देश की सरहद है सुरक्षित नहीं है। सरकार हर मामले पर विफल रही है केवल मीडिया के माध्यम से अपने प्रचार प्रसार में जुटी हुई है। भाजपा ने कुछ भी किया हो लेकिन लोगों के जीवन स्तर को नहीं बढ़ा पाए हैं। लोगों के पास रोजगार नहीं है । लोग गरीबी से जूझ रहे हैं । आप राशन में भी चोरी कर रहे हैं। आप वोट की लूट करते हैं । निकाय चुनाव में आप लोगों को जीतने नहीं देना चाहते। पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को हटाने का यही एक मौका और समय है। इसी के साथ लोकतंत्र और संविधान बचाने का समय है । लोग समझ चुके हैं लोग जागरुक हो चुके हैं। राहुल गांधी के राम मंदिर जाने के सवाल पर श्रीमती यादव ने कहा कि यह बचकानी बातें हमारे मुख्यमंत्री कर रहे हैं। मंदिर में कोई भी जा सकता है किसी भी समय जा सकता है । चुनाव के दौर में भटकने वाली चीज लेकर आते हैं । अपनी पोटली से बाहर निकलते हैं और लोगों को भटकते हैं। यह लोकतंत्र है कोई भी कहीं भी जाने के लिए जा सकता है आप उसको नहीं रोक सकते। अगर राहुल गांधी की इच्छा है मन है तब वह वहां जाएंगे। सैम पित्रोदा के सवाल पर डिंपल यादव ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के किस व्यक्ति ने क्या कहा वह उस मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती । समाजवादी पार्टी चाहती है कि महिलाओं की पेंशन 100000 हो जब सरकार में आएंगे। तब यह काम सबसे पहले करेंगे। अगर सरकार आती है तो सबसे पहले अग्नि वीर योजना को बंद किया जाएगा और जो रिक्त पद है उनको भरा जाएगा। पुलिस के साथ सेंट्रल में जो भर्ती निकलती है उन भर्तियों को लोगों को दिया जाएगा। अगर लोगों को रोजगार नौकरी नहीं दी जाएगी तो लोग जीवन यापन कैसे करेंगे। लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाएंगे यह जीवन चक्र है। हिंदू मुस्लिम के मुद्दे पर चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि 10 साल में लोग समझ गए हैं लोग जान गए हैं। दबाव सिर्फ किसी एक विशेष वर्ग पर नहीं है व्यापारी,दलित,अगड़ा, पिछडा ,अल्पसंख्यक इन सभी पर दबाव है । उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारी प्राथमिकता है ज्यादा से ज्यादा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जीते। उत्तर प्रदेश से ज्यादा सीटे जब जीतेंगे तभी हम केंद्र में सरकार बन पाएंगे। हम गांव गांव जा रहे हैं । सभी का हमको आशीर्वाद मिल रहा है, नेताजी के साथ के लोग भी आशीर्वाद दे रहे हैं । बेटी अदिति के चुनाव प्रचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में धूप खा रही है। बच्चो के मन में जिज्ञासा रहती है और यह अच्छी बात बच्चों को राजनीति में दिलचस्पी लेनी चाहिए।

पीडीएम ने लखनऊ से ममता कश्यप को टिकट दिया

लखनऊ (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असद्दुदीन ओवैसी के उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव में इंट्री के बाद बने पिछड़ा, दलित और मुस्लिम अर्थात पीडीएम गठबंधन ने लोकसभा चुनाव को लेकर एक और कदम बढ़ाया है। पीडीएम ने लखनऊ से ममता को चुनाव मैदान में उतारा है। पीडीएम ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीसरी बार सूची जारी की है। मिर्ज़ापुर लोकसभा सीट से दौलत सिंह पटेल, कौशाम्बी सुरक्षित सीट से नरेन्द्र कुमार सरोज, प्रतापगढ़ से डा. ऋषि पटेल और लखनऊ लोकसभा सीट से ममता कश्यप को पीडीएम की ओर से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया है। ये चारों चेहरों पर नजर डाले तो इनमें से कोई भी राजनीतिक क्षेत्र में बहुत चर्चित नाम नहीं है। फिर भी पीडीएम को मजबूत करने के लिए टिकट मिलते ही प्रत्याशी अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गये है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक अर्थात पीडीए गठबंधन के मुकाबले बने असद्दुदीन ओवैसी और पल्लवी पटेल के पीडीएम गठबंधन अपने लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणाएं कर हर जनपद में अपने गठबंधन को मजबूत कर रहे है। जिसमें अभी तक प्रत्याशियों की तीन सूची जारी हुई, आगे भी प्रत्याशियों की सूची आने की पूरी सम्भावना जतायी जा रही है।

देवरिया जिला प्रशासन ने तीन वकीलों सहित दस को भेजा नोटिस

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था में खलल की आशंका को देखते हुए एसडीएम सदर कोर्ट ने तीन वकीलों, एक डिग्री कालेज के शिक्षक सहित 10 के खिलाफ धारा 107,116 सीआरपीसी में नोटिस भेजा है, जो यहां चर्चा का विषय बन गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सदर कोतवाली पुलिस की आख्या के बाद एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी की अदालत ने धारा 107,116 सीआरपीसी में भाजपा के पूर्व सांसद देबी प्रसाद सिंह दो पुत्रों मनीष सिंह जो देवरिया एडीजे कोर्ट में सरकारी वकील हैं तथा उनके भाई पीयुष सिंह, एक डिग्री कालेज में शिक्षक तथा भाजपा नेता हेमंत मिश्रा, अधिवक्ता शांति स्वरूप दुबे, अरविंद साहनी सहित दस लोगों को शांति व्यवस्था में खलल डालने के आरोप में नोटिस भेजा है। अधिवक्ता शांति स्वरूप दुबे ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शहर के संभ्रांत लोगों से पुलिस को शांति भंग का अंदेशा यहां चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने बताया कि वकीलों तथा शिक्षक से शांति व्यवस्था में खलल की सुनकर मैं भी चिंतित हो गया हूं।

फाजिल नगर में अवैध बिजली केबल हटाने पर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी, यह कहावत उन बिजली चोरों पर एकदम फिट बैठती है जो बिजली भी चोरी करते हैं और यदि बिजली कर्मियों द्वारा इन पर रोक लगाने की कोशिश की जाती है तो यह बिजली कर्मियों से लड़ने पर उतारू हो जाते हैं। शनिवार को ऐसी ही एक घटना थाना सहादतगंज क्षेत्र के फ़ाज़िल नगर में पेश आई। यहाँ नूरबड़ी पॉवर हॉउस पर तैनात अवर अभियंता राकेश कुमार ने बताया की सुबह लगभग 10:30 बजे उन्हें सूचना मिली की फाजिल नगर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दो कोर की केबल डायरेक्ट पोल से खींचकर अन्दर गली में लगायी गयी है जिससे वहाँ के निवासी अवैध

रूप से बिजली चोरी करते हैं। जिसको हटवाने के लिए मै कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचा। जहाँ पर कुछ अज्ञात लोगो द्वारा इसका विरोध किया गया और कर्मचारी सतीश यादव द्वारा विरोध का वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनने की कोशिश करते हुए कॉलर पकड़ते हुए धक्का देकर मारने की कोशिश की गई। जिसके बाद टीम वहां से वापस चली आयी और स्थानीय थाने से पुलिस लेकर मौके पर पुनः पहुँच कर अवैध केबल को कटवाया गया। जिसके बाद मोहल्ले से कई व्यक्ति और महिलाएं विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंच गयी और उपकेन्द्र का घेराव करते हुए हंगामा करने लगे। उपकेन्द्र पहुंचे लोग अवैध केबल को पुनः जोड़ने का दबाव बना रहे थे। अवर अभियंता राकेश कुमार ने सहादतगंज थाने पर मामले से संबंधित तहरीर दी है।

श्री शारदा कालेज में विदाई समारोह का आयोजन

आप शैक्षिक गतिविधियों से अलग हो रहे लेकिन अंतर्मन से नहीं : विवेक मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईंगंज स्थित श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में स्नातक एवं परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह ''सायनारा'' का शनिवार को भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफ़ेसर विवेक मिश्रा (डीन) के कर कमलों से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन द्वारा हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कालेज से सत्र समाप्ति पर विदा लेने वाले छात्र छात्राएं वह हमसे केवल शैक्षिक गतिविधियों से दूर हो रहे हैं ना कि हमारे अंतर्मन मन से। जीवन के किसी मोड़ पर कालेज उनके साथ है।

समारोह में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक , नृत्य एवं संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमो की प्रस्तुति द्वारा छात/छात्राओं ने सभी का मन मोह लिया। विदाई की बेला में शिक्षक एवं छात्र सभी अत्यंत भावुक नजर आये।

उप्र में 32 लाख से अधिक का मादक पदार्थ और नकदी जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में सक्रिय प्रवर्तन एजेंसियों, पुलिस और उड़नदस्ता की सयुंक्त टीम सघन अभियान चला रही है। इसी के तहत 26 अप्रैल को कुल 90.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया।



इसमें 3.30 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.09 लाख रुपये कीमत की 16861.14 लीटर शराब, 34.66 लाख रुपये कीमत की 58660.92 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। प्रमुख जब्ती में जनपद गाजीपुर की गाजीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.57 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2150 लीटर शराब पकड़ी गयी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मार्च से 26 अप्रैल तक कुल 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख रुपये नकद धनराशि, 4481.92 लाख रुपये कीमत की शराब, 21577.08 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

वर्षों से तिरपाल के नीचे रह रही है महिला, दोषी कौन

लखनऊ । अधिकारियों की लापरवाही के कारण गरीब निर्धनो के अलावा नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे ही एक मामला विकास खंड गोसाईगंज के गांव मलौली निवासी रामरती पत्नी स्वर्गीय राम किशोर का भी सामने आया है ।रामरती के अनुसार उन्होंने आवास के लिए भूमि का पट्टा पाने के लिए एस डी एम मोहनलाल गंज एवम तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिये थे । उनकी ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर कोई विचार नहीं किया गया। थक हार कर विधवा महिला किसी 22 मई 2023 को लखनऊ कमिश्नर साहब को प्रार्थना दिया कमिश्नर दिया। कमिश्नर ने मामले को एस डी एम मोहनलालगंज की ओर खिसका दिया। रामरती ने तब से सैकड़ों बार एस डी एम से मिल चुकी है लेकिन आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हो सका।इस मामले में लेखपाल की ओर से जमीन उपलब्ध नही होने की बात कही जा रही है। इस प्रकार रामरती को सरकारी आवास नहीं मिला पाया ।वह तिरपाल तान कर उसी के नीचे रहने को मजबूर हैं ।इसके लिए लिए किसे दोषी ठहराया जाय?

बुजुर्ग महिला से रेप का आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली बुजुर्ग महिला से रेप के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास करने के आरोपी युवक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न?यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया बीते मगंलवार की शाम क्षेत्र के एक गांव में अकेली बुजुर्ग महिला के साथ युवक ने घर में घुसकर रेप के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास किया था ओर पीड़िता को बेहोश होने पर मरा समझकर भाग निकला था।पीड़िता के बेटे की तहरीर पर आरोपी सुभाष निवासी कलंदरखेड़ा मजरा कनकहा थाना मोहनलालगंज के विरूद्ध रेप व हत्या के प्रयास की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया था,शनिवार को अतिरिक्त निरीक्षक रामबाबू सिंह व क?नकहा चौकी इंचार्ज उमेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुभाष को अतरौली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

दम्पत्ति समेत परिवार को पीटने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।निगोहां के हरिहरपुर पटसा गांव निवासी शिव कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते बुद्वार को विपक्षी उमेश शुक्ला उर्फ गुड्डू ने बिना कोई वजह गंदी गंदी गालिया दे रहा था जब उसने गाली देने से मना किया तो विपक्षी ने लोहे की राड से हमला कर उसकी बुरी तरह पिटाई शुरू कर दी,चीख पुकार सुनकर पत्नी मंजू देवी व बेटी शिवानी,चचेरी सास शिवकुमारी बचाने आयी तो उनकी भी पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध मारपीट,जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

टोल प्लाजा पर नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

मोहनलालगंज। सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत शनिवार को निगोहां टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंची नेत्र चिकित्सको की टीम 50 से अधिक वाहन चालको के साथ आसपास गांवो के ग्रामीणो क नेत्र परीक्षण कर 25 लोगों को चश्मा वितरीत किया नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशीष कुमार शुक्ला ने कैम्प में आये लोगो की जांच में किसी को भी मोतियाबिंद नही पाया गया। जांच कर जरूरतमंदो को चश्मा व आई ड्राफ वितरित किया गया।परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह ने बताया राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा निगोहां टोल प्लाजा द्वारा सड़क सुरक्षा माह 22 अप्रैल से 04 मई-2024 तक मनाया जाएगा जिसमे सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जन जागरूकता के साथ- साथ शनिवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर कैम्प का आयोजन किया गया। टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए वाहन चालकों को प्रेरित करना तथा ट्रैफिक नियमों से सम्बंधित पर्चा बंटवाया गया।शिविर में टोल मैनेजर राकेश सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोहनलालगंज । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक को पुलिस ने महिला से दुष्कर्म कर एवं जान से मारने का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गांव के रहने वाले युवक ने बुधवार को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि मेरे गांव का ही रहने वाला सुभाष नशे में धुत होकर मेरे घर में घुसकर मेरी माँ से जबरन दुष्कर्म कर उन्हें जान से मारने की कोशिश की मेरी मां को बेहोशी की हालत में छोड़कर युवक मौके से फरार हो गया म इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि बेटे की तहरीर के आधार पर युवक के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया था आरोपी को शनिवार की सुबह अतरौली रेलवे क्रॉसिंग के पास से पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कागज के चंद टुकड़ों के लालच में आरा से धराशाई किए गए निर्दोष पेड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली से जुड़ी ग्राम पंचायत सेखनापर मे आम के निर्दोष पेड़ों पर आरा चलाकर उन्हे धराशाई कर दिया गया ।यह सब कागज के चंद टुकड़ों के लालच में किया गया।देखने वालो को यह पसंद नहीं आया।अब बात आम चर्चा में है।लोगो के अनुसार ग्राम पंचायत सेखनापुर के माजरा कोडरा निवासी भारत नाम के व्यक्ति के आम के पेड़ लगे हुए थे।उन पेड़ों को 24 अप्रैल 2024 को धराशाई कर दिया गया। लोगों के मध्य हो रही चर्चा के अनुसार काटे गए पेड़ों में फल आ चुके थे।इस दशा में उन्हें नहीं काटना चाहिए था लेकिन काम वही हुआ जो नहीं होना चाहिये।लोग। का कहना है कि जो भी हुआ उसके पीछे पेड़ बेचने वाले, खरीदने वाले , और काटने की अनुमति देने वाले वन कर्मियों तथा पुलिस के स्थानीय लोगों

किसान ने बेचा,लकड़ी व्यवसाई ने खरीदा,प्रशासनिक जिम्मेदार रहे मौन कैसे हो पाएगा

पर्यावरण मे सुधार,हर तरफ उठ रहा है यही सवाल

की धन लोलुपता छिपी हुई है।सभी ने रूपयों के लालच में अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया।इसी तरह के कार्यो का दुष्परिणाम है कि वातावरण निरंतर प्रदूषित हो रहा है।इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है। सरकार और सरकारी कर्मचारियों की ओर से भी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक से नहीं किया जा रहा है।सेखनापुर गांव में पेड़ों का काटा जाना इसी का बात का प्रमाण माना जा रहा है।कोडरा गांव मे आम के पेड़ काटे जाने के संबंध मे वन दरोग शफात अली मामला जानकारी मे नही होने की बात कही।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी से पाठशाला की ओर कार्यक्रम हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,कैनविज टाइम्स संवाददाता विकास खंड बख्शी का तालाब में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा हर अभिभावक का हो सपना, आंगनबाड़ी में हो बच्चा अपना,थीम को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई,रैली भौली प्राथमिक विद्यालय परिसर से लगभग सुबह आठ बजे निकली गई, रैली में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक,आंगनबाड़ी कार्यकत्री,आशा, संगिनी तथा हर वर्ग के लाभार्थी समूह कार्यक्रम में सम्मलित हुए।रैली भौली गांव से निकलकर तरहिया होते हुए लगभग दस स्कूलों में पहुंची वहीं रैली का समापन शाम 5बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी जय प्रताप सिंह व मुख्य सेविका श्रीमती शैलजा मिश्रा एवं सभासद राजकुमार की मौजूदगी में हुआ।

इंडिया गठबंधन के चक्रव्यूह में फसती नजर आ रहीं बीजेपी की चुनाव रणनीति: मो.अकील खा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी। कैनविज टाइम्स संवाददाता पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील ने कहा देश की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है,2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में एक तरफा मुकाबले में बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में जीत दर्ज कर सत्ता प्राप्त की थी।2024 का लोकसभा का चुनाव देश में पार्टियों के लिए एक अलग ही अंदाज और रंग में नजर आ रहा है,एक तरफ जनता के मन में देश में महंगाई,बेरोजगारी और किसानों की समस्या जैसे मुद्दे हावी होते दिख रहे हैं तो बीजेपी के सीटिंग सांसदों द्वारा जनता के बीच निष्क्रीय रहने का असर भी चुनाव प्रचार में दिख रहा है।मोहम्मद अकील खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं,जिसका लाभ सामान्य चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को मिलेगा।देश एवं प्रदेश की जनता केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यों से तंग हो चुकी है और सरकार के खिलाफ मैदान में आ चुकी है।राहुल गाँधी लगातार हर वर्गों के बीच रहकर पूरे देश में लोगों के न्याय व हक के लिए आवाज उठाने का जो कार्य कर रहे हैं अवश्य वह सफ़लता की ओर ले जायेगी। नेताजी मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद एक बड़े राजनीतिक अवसर का उपयोग अखिलेश यादव एक सधे मंझे हुए नेता या यूँ कहें कि नेताजी के दौर का धोबी पछाड़ दांव अखिलेश यादव ने खेला है।इस चुनाव में एक तरफ अखिलेश यादव ने कांग्रेस से गठबन्धन करके मुस्लिम वोटों के बिखराव की किसी भी आशंका को समाप्त कर दिया। वहीं दूसरी तरफ अखिलेश यादव ने टिकटों का बटवारा खुलेमन और ध्यान की जनभागीदारी सुनिश्चित करने वाले अपने वादे की तरह ही किया है।जिसमें दर्जनों दलितों,कुर्मी विरादरी के लोगों को टिकट दिया तो ब्राह्मणो के मजबूत समीकरण वाली सीटों पर उन्हें भी भरपूर मौका दिया है।ये चुनाव एक तरफ जहाँ मोदी सरकार के 10 साल के कार्यो के मूल्यांकन के लिए जाना जायेगा तो दूसरी तरफ अखिलेश यादव की सोशल इंजीनियरिंग और राहुल गाँधी के नेतृत्व को भी कसौटी पर कसने वाला चुनाव होगा फिलहाल लोकसभा सामान्य 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के साथ देश की एवं प्रदेश की जनता जनार्दन रहने का मन बना चुकी है।

ग्रामीणों ने लगाया था चुनाव बहिष्कार का बैनर, जागरूक कर हटवाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,कैनविज टाइम्स संवाददाता मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के बीकेटी कठवारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत मल्लाहन खेड़ा गांव में ग्रामीणों द्वारा कुछ दिन पूर्व लोकसभा चुनाव बहिष्कार का बैनर गांव में लगाया गया था,जिसकी जानकारी जब मल्लाहन खेड़ा प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या मोहिनी आभा गांव में नामांकन के लिए पहुंची तो उन्होंने नो वोटिंग का बैनर लगा हुआ देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सचिव व खंड विकास अधिकारी बीकेटी पूजा पांडे को दिया।वही बीएलओ सुधा सिंह के साथ गांव में जाकर जिन लोगों ने बैनर लगाया था उनसे भी बात किया आख़िर किन समस्याओं को लेकर नो वोटिंग ''का बैनर लगाया था।उन्होंने बताया कि खंड विकास अधिकारी महोदया के सहयोग से

तीन दिन के अथक प्रयास से शनिवार को मल्लाहन खेड़ा में जो नो वोटिंग का बोर्ड लगा हुआ था ग्रामीणों से बात करके तथा मतदान के बारे में जागरूक करके उतरवा दिया गया।वहीं प्राथमिक विद्यालय मल्लाहन खेड़ा के बच्चों के द्वारा मतदान जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया,इस मौक़े पर खंड विकास अधिकारी ने बच्चों के द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक से खुश होकर उपहार भी विद्यालय को प्रदान किया।

खनन माफियाओं के कहर का शिकार बन गई माल-दुबग्गा सड़क

दुबग्गा से गोपरामऊ तक गड्डों में तब्दील हुई सड़क,

काकोरी विकास खण्ड के गोपरामऊ में चल रहा खनन,

पीडब्ल्यूडी विभाग जान कर बना अंजान,

डंफरों ने बिगाड़ दी सड़क की शकल,

पिछले कई महीनों से चल रहा खनन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।राजधानी के काकोरी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत गोपरामऊ में पिछले कई महीनों से लगातार कई जगह पर बिना रोकटोक के खनन का कारोबार फल फूल रहा है।खनन की मिट्टी सरकारी वर्क आडर के साथ ही आसपास हो रहे रियल स्टेट के कारोबारियों के यहां गिराई जा रही है।सड़क पर रात दिन मिट्टी भरे डंफरों का आवागमन होता है।जिससे दुबग्गा से लेकर गोपरामऊ गांव तक माल रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है।साथ ही डंफरों से गिरी मिट्टी वाहनों के निकलने पर धूल बनकर उड़ रही है।डंफरों से हुए गड्ढ़ों के कारण सड़क पर आये दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।गड्डों के कारण यह सड़क दुर्घटनाओं का सबब बन गई है।जिस ओर न तो लोक निर्माण विभाग ध्यान दे रहा है और न ही जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है।सामाजिक उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी ने बताया कि उन्होंने कई बार जिला प्रशासन सहित जिम्मेदार उच्चाधिकारियों को उक्त समस्या से अवगत कराया है।लेकिन किसी ने इस कोई कार्यवाही अबतक नहीं कि है।

भूइंया ताली तीर्थ पर बेबी अभिषेक गुप्ता ने किया चराईन मेला का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । खैराबाद क्षेत्र का चराईन मेला आज श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा प्रभात निकालकर तथा?? पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा प्रमुख समाजसेवी अभिषेक गुप्ता ने चराईन मेले का शुभारम्भ किया गया इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता ने प्रभात फ़ेरी का स्वागत किया ।माता पूर्वोदेवी तथा बगलामुखी माता के जयकारे श्रद्धालुओं ने लगाया। चराईन मेला समिति अध्यक्ष बाबूराम बाथम ने बताया कि महिलाएं भुइंया ताली तीर्थ परपूर्वी देवी बगलामुखी माता सहित मंदिर परिसर में विराजमान सभी देवी देवताओं के भजन कीर्तन कर के दर्शन करती है तथा भुइंया ताल पर जाकर में वहां का पानी लेकर महिलाएं भजन कीर्तन करके देवी देवताओं का जलाभिषेक करती है शाम को

बाजदारी टोला प्रभात फ़ेरी के साथ जाएगी 28 अप्रैल को बाज़दारी टोला नया बाजार मार्ग होती हुई मां गौरी देवी मंदिर जाएगी उसके उपरांत महिलाएं बी सी एम स्टेशन होती हुई रेलवे स्टेशन के सामने प्राचीन देवी मां की पूजा करेगी जहां पर मन्नत के एक चावल महिलाओं के द्वारा लुटाए जाएंगे 29 अप्रैल को तीर्थ पर भेड का पूजन होगा तथा श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारे का?आयोजन?किया जाएगा इस अवसर पर श्रीमती बेबी गुप्ता माधुरी समाज सेवी अभिषेक गुप्ता अनिल अवस्थी ममता गुप्ता पीयूष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

बीएसएफ के जवान ने हाईराइज़ सोसाइटी में बेटी के दोस्त को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

एजेंसी

गाजियाबाद । दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बीएसएफ के एक रिटायर जवान ने एक छात्र की सनसनी के तरीके से गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक छात्र रिटायर जवान की बेटी का दोस्त था। पुलिस का कहना है कि इसी के चलते छात्र की हत्या की गई है । छात्र के सिर में तीन गोलियां मारकर हत्या करने के बाद रिटायर जवान ने खुद ही पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रिटायर जवान को हिरासत में ले लिया है। साथ ही छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि बीएसएफ का रिटायर जवान राजेश कुमार सिंह क्रॉसिंग रिपब्लिक में पैरामाउंट स्थित सिंफनी सोसायटी में रहता है । वह मूलरूप से बलिया का रहने वाला है। शनिवार की तड़के करीब 5:00 बजे उसने विपुल शर्मा (25 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी। विपुल के सिर में तीन गोलियां लगी हैं। हत्या करने के बाद राजेश कुमार सिंह ने घटना की सूचना खुद ही पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही राजेश कुमार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ में राजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि विपुल शर्मा उसकी बेटी का दोस्त था। जो उसे पसंद नहीं था। इसी को लेकर आज सुबह विवाद हो गया था। इसके बाद उसने विपुल हत्या कर दी। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

खुद ही दी पुलिस को सूचना, पुलिस ने लिया हिरासत में

टायर फटने से पलटी अनियंत्रित बोलेरो, युवक की मौत, पांच घायल

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरजापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के पास शनिवार को अगला टायर फटने से अनियंत्रित बोलेरो सड़क किनारे पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार एक युवक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। बोलेरो में सवार मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला के हनुमना थाना क्षेत्र के मिसिरगवां गांव निवासी 28 वर्षीय सूर्यभान साकेत पुत्र मोतीलाल साकेत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बोलेरो में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल। सूचना पर पहुंची ड्रमंडगंज पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और विधिक कार्रवाई में जुट गई।

कांग्रेस के घोषणा पत्र की बारीकियों को बताकर क्षेत्र की जनता को करें जागरूक : अभिषेक सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शनिवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। लोकसभा कोऑर्डिनेटर मुन्ना सिंह त्रिशुंडी की उपस्थिति एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी और समस्त ब्लॉक अध्यक्ष सम्मिलित हुए। बैठक मे कांग्रेस द्वारा घोषित घोषणा पत्र की प्रति जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीयों को वितरित कर जन-जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि आप लोग कांग्रेस के वफादार सिपाही है, पार्टी द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिया जाता है आप लोग उसे शत प्रतिशत अनुपालन करते हैं। अब 25 दिन आप लोग अपने सारे काम का छोड़कर पार्टी के लिए कम करें कांग्रेस द्वारा घोषित घोषणा पत्र की कॉपी को जिले के आम नागरिकों के बीच वितरित कर उन्हें घोषणा पत्र की बारीकियो को बताएँ उन्हें जागरूक करें, घर-घर जाएं और पूर्व में यूपीए सरकार द्वारा किसानों के 75 हजार करोड़ कर्ज माफ किये जाने, राजीव गांधी विद्युत योजना, मनरेगा, खाद्यय सुरक्षा बिल,आरटीआई जैसी कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को अवश्य बताएं, सरकार बनने पर पार्टी के घोषणा पत्र में दी गयी सभी गारंटी को पूरा करने का विश्वास दिलाते हुए ज्यादा से ज्यादा गठबंधन प्रत्याशी को वोट करने की अपील करें, जिससे देश के संविधान और लोकतंत्र की हिफाजत हो सके। वहीं उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने सिर्फ देश की जनता को ठगने का काम किया है, आज देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है, महंगाई आसमान छू रही है, कर्ज में डूबे किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है, देश के युवा रोजगार के लिए दर दर की ठोकरे खा रहा हैं, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मुद्दों को जनता बताकर उनकी नाकामियां उजागर करना है, आज देश के प्रधानमंत्री ने जमीनी स्तर पर काम किया होता तो कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र ना करके वह अपने 10 वर्षों के कार्यकाल की कामयाबी के बारे में देश की जनता से बात करते, उन्हें खुद पता है कि उन्होंने चंद उद्योगपतियों के लिए कार्य किया है न कि देश की जनता के लिए। इस बार देश की जनता इन्हें वोट की चोट से सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। लोकसभा कोऑर्डिनेटर मुन्ना सिंह त्रिशुंडी ने कहा कि समय बहुत कम है हमें और आपको पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी के इस घोषणा पत्र को लेकर जनता के की जाकर उन्हे बताना है जिससे जनपद के आम नागरिकों का मत इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मिले, और देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बने।

सीएमओ साहब एक नजर इधर भी डॉक्टरी बना कारोबार सरकारी वेतन के साथ अपना चला रहे अस्पताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । स्वास्थ्य महकमा सीतापुर की अनदेखी से कथित डॉक्टर्स पनप गए हैं इसी इसी क्रम में जिले से कुछ किलोमीटर दूर परसेंडी सीएचसी क्षेत्र में पड़ने वाली लहरपुर से पहले मेहंदीपुरवा निकट पुलिसचौकी स्थित आसरा हॉस्पिटल के नाम से धड़ल्ले से संचालित है हालांकि जिम्मेदारों की अनदेखी से इनके गोरखधंधे पर कोई आंच नहीं आती। बताते चले आसरा हॉस्पिटल अहेत शान उर्फ़ सानू संचालित कर स्वयं मरीजो का हरतरह से इलाज करते चले आ रहे है। डॉ अहेत शान उर्फ़ सानू तंबौर सीएचसी के आयुष विभाग में तैनात है जंहा पर उनकी ड्यूटी सुबह 8 से 2 बजे तक होनी चाहिए पर वो अधिकतर समय अपने मेहंदी पुरवा स्थित हॉस्पिटल पर देते है आप उन्हें ज्यादातर सुबह 8बजे से रात्रि 10 बजे तक वही

मिल सकते है। अब सवाल ये उठता है सरकारी रजिस्टर पर उनकी हाजिरी कैसे पूर्ण होती है ये जांच का विषय है। विवादों में रहने वाला आसरा हॉस्पिटल पर एसडीएम ने छापा मारा व स्वास्थ्य विभाग टीम ने कई बार चेक किया अपने रसूख के दम पर अभी तक कोई विशेष कार्यवाही क्यो नही हुई। सूत्रों की माने हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रिनिवल भी नही हुआ है। हॉस्पिटल के साथ मेडिकल स्टोर भी संचालित हो रहा है वहाँ पर कोई फार्मासिस्ट नही बैठता है एक आयुष विभाग का डॉ एलोपैथ की दवाइयों से हर तरह का ईलाज कैसे कर रहा है । फिलहाल कई बार समाचारपत्रों में खबरे लगने के बावजूद हॉस्पिटल अनवरत चालू है व इलाज के नाम पर गरीबो से लूट जारी है स्वास्थ्य महकमा अपनी कुम्भकर्णी नीद से जागता है या गरीब लोग अपने जान माल से यूंही हाथ धोते रहेंगे?

मानक विहीन क्लीनिको पर नहीं हो रही कार्रवाई!

जिले में मानक विहीन नर्सिंग-होम व क्लिनिकों को लेकर डीएम व मुख्य चिकित्साधिकारी मीटिंग में अपने अधीनस्थों को निर्देशित करते रहते है। लेकिन तभी भी जिले में मानकों को ठेंगा हुए क्लीनिक व हास्पिटल धड़ल्ले से चल रहे हैं स्वास्थ्य विभाग को इसकी सब जानकारी होने के बावजूद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में सोचने की बात तो यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, 6 घायल, बिहार से अयोध्या दर्शन करने जा रहा था परिवार

सुल्तानपुर । अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। आधा दर्जन कार सवार श्रद्धालु घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत का एक परिवार कार से अयोध्या दर्शन करने के लिए आ रहा था। श्रद्धालुओं को लेकर जा रही कार अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कूरेभार थानाक्षेत्र के पुरखीपुर चौराहे के पास पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। ऐसे में कार अनियंत्रित होकर पेड़ जा टकराई। टक्कर से कार के जहां परखच्चे उड़ गए वही उस पर सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए हैं। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में इलाज के लिए लाया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों एयर बैग खुल जाने से लोगों की जान बच गई है। घायलों में अभिषेक कुमार (38वर्ष) पुत्र अरुण कुमार निवासी पिपरी थाना मधुबनी बिहार, कृष्णा (45वर्ष) पत्नी रवींद्र कुमार, आस्था (26वर्ष) पुत्री रवींद्र कुमार, रूबी (40 वर्ष) पुत्री अभिषेक, सविता पत्नी राम प्रकाश डेंगू सराय बिहार, विकलेश कुमार पुत्र राम प्रकाश, अर्जून टोला क्षेरिया बरियारपुर डेंगू सराय शामिल हैं।

बर्थडे पार्टी में गए किशोर का फंदे से लटका मिला शव

सुल्तानपुर। गोसाईगंज थाना अंतर्गत अंधियारा बाग गांव में एक व्यक्ति के घर में किशोर की फांसी के फंदे से लटकती लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक किशोर की मां ने हत्या कर शव लटकने का आरोप लगाया है। घर से पांच किमी दूर घटना अंजाम होने पर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की सही वजह सामने आ सकती है। जानकारी के अनुसार गोसाईगंज थानाक्षेत्र के फतेहपुर संगत निवासी नितिन कुमार (14वर्ष) पुत्र स्व. मनोज निषाद गोसाईगंज कस्बे में एक आरओ प्लांट पर नौकरी करता था। शुक्रवार दोपहर वो घर से नौकरी पर जाने के लिए निकला। उसके साथ अंधियारा बाग निवासी शुभम भी काम करता था। वहां से फुरसत पाकर वो शुभम के घर पर आयोजित बर्थ डे कार्यक्रम में गया। उसी गांव में आर्केस्ट्रा प्रोगाम चल रहा था जिसे वो देखने लगा और घर नहीं पहुंचा।

स्टेट सर्विलांस ऑफिसर को जिला पुरुष अस्पताल की व्यवस्थाएं मिली आल इज़ वेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। हीट वेव और डेंगू, मलेरिया के मरीजों को लेकर जिला पुरुष अस्पताल ओयल में की गई प्रारंभिक तैयारियां का जायजा लेने स्टेट सर्विलांस ऑफिसर डॉ शैलेश परिहार शनिवार को जिला पुरुष चिकित्सालय पहुंचे। जहां उन्होंने हीट वेव वार्ड और डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। जिला पुरुष चिकित्सालय की व्यवस्थाएं उन्हें आल इज़ वेल मिली इस पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि शनिवार की सुबह स्टेट सर्विलांस ऑफिसर डॉ शैलेश परिहार लखनऊ से चिकित्सालय आए थे। वह सीधे हिट वेव वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने तैनात स्टाफ से दवाओं की उपलब्धता की जानकारी की वातानुकूलित वार्ड को देखा, साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली, ऑक्सीजन कंसेलटेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और बेड सब कुछ दुरुस्त मिला। जिस पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में उन्होंने निरीक्षण किया है, परंतु लखीमपुर जिला पुरुष अस्पताल का हीट वेव वार्ड उन्हें सबसे अच्छा मिला है। इसी के साथ उन्होंने मलेरिया को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं, जिनमें बुखार से संबंधित आने वाले सभी मरीजों की मलेरिया जांच और पुष्टि के लिए एलाइजा टेस्ट के लिए कहा फरधान-खीरी। स्टेट सर्विस ऑफिसर डॉ शैलेश परिहार सीएचसी फरधान भी पहुंचे, जहां उन्होंने चार बेड का वातानुकूलित हीट वेव वार्ड को देखा। दवाओं की उपलब्धता देखी और इसी के साथ उन्होंने व्यापक प्रचार प्रसार की बात भी कहीं।

है, इसी के साथ अस्पताल में एक फीवर हेल्प डेस्क के लिए कहा जो पहले से संचालित है। अन्य सभी सुझावों को शासन की मंशा के अनुरूप अमल में लाया जाएगा। जिसे अमल में लाया जाएगा। इस दौरान उनके साथ डीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित जिला अस्पताल से डॉ ललित वर्मा, फार्मासिस्ट सहदेव सचान, मैट्रन रजनी मसीह, फार्मासिस्ट अमरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

सेना के सूबेदार की करंट लगने से मौत, चार दिन पूर्व ही आए थे घर

सुल्तानपुर । गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णानगर गांव में छुट्टी पर घर आए सेना के सूबेदार की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्च्युरि में रखवाकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत अन्नपूर्णानगर निवासी प्रदीप पाण्डेय (41)पुत्र जनार्दन पाण्डेय मेरठ में सूबेदार पद पर सेना में तैनात थे। वह चार दिन पूर्व छुट्टी लेकर घर आए हुए थे। अन्नपूर्णानगर गांव स्थित घर मे दीवाल प्लास्टर का कार्य चल रहा था। शुक्रवार शाम पांच बजे इनवर्टर का प्लग बोर्ड में लगाते समय वह करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन- फानन में उन्हें सुलतानपुर मेडिकल कालेज ले गए। जहां डॉक्टर ने प्रदीप पाण्डेय को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली की पुलिस ने शव को मर्च्युरि में रखवाया है। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। प्रदीप की मौत से माता-पिता के साथ पत्नी और दो बेटो को रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया सूचना नही मिली है। प्रार्थना पत्र मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कड़कड़ाती धूप में भी चुनावी माहौल तेजी से गर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर ग्राउंड रिपोर्ट प्रदेश में नहीं बल्कि पूरे भारत में सीतापुर जिले का नाम आपको सुनने को बार बार मिलता होंगा। सीतापुर जिले की सर जमी पर बना पुण्य धाम नैमिषारण्य अपने आप में जिले को एक अलग पहचान देता है। सीतापुर की पहचान आंख अस्पताल , दरी और प्लाइवुड के कारोबार को लेकर भी है। मानवता की रक्षा करने के लिए देह दान करने वाले दधीचि व ज्ञान के क्षेत्र में पूरे भारत के अन्दर एक अलग छाप रखने वाला जिला सीतापुर अब चुनावी माहौल को लेकर तेजी से गर्म है। गर्म होने का सवाल भी बनता है क्यू कि ? ये वही सीट है जो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गंठबंधन के खाते में आती है। अब तो चुनावी तपिश में वे मुद्दे भी गर्म हो गए हैं जो सरकार ने जनता से किए थे। राजनीति जातीय समीकरणों की धूरी पर ही घूमेंगी। इस बार मुस्लिम वोट किधर जायेगा सबकी नजरें ज्यादातर तो इसी बात पर टिकी हुई है।

क्या हाल चाल है चुनाव का ललित भाई ये बाते चल रही थी महमूदाबाद के मुख्य चौराहे पर स्थित भोला पान भंडार पे। वही कुछ लोग पान की चुस्की लेकर धीरे धीरे चुनाव की भी बाते कर रहे थे। तभी पीछे से हरिओम पोरवाल बोलते है कि चुनाव तो बहुत सही चल रहा है इस बार कुछ चुनाव बदला बदला सा लग रहा है लेकीन फिर भी

सीतापुर कुल मतदाता 1747932

पुरुष 929689 | महिला,818167

आयेंगी बीजेपी ही। ऐसा कहना था हरिओम पोरवाल का । तभी सामने से आ रहे युवा शिवम ने मुद्दा उछाल दिया ओर बोले की देश लगातार प्रगति की ओर आगे बढ़ रहा है। लेकिन फिर भी शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी आदि मुद्दों का समाधान होना अति आवश्यक है। वही व्यापारी अंशुल जायसवाल व्यापारियों के लिए मुद्दा उठाते हैं कि समय-समय पर अधिकारी व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। व्यापारियों के साथ ऐसा व्यवहार करना ठीक नहीं होता है क्यू की व्यापारी भी समाज का खिलता हुआ चेहरा होता हैं। वही महमूदाबाद के सोने और चांदी के व्यापारी शनि रस्तोगी बताते हैं कि समय के साथ-साथ सोने का भाव भी आसमान छू रहा है सरकार को इन सब चीजों पर समय-समय पे अच्छे और उचित परिणाम लेने चाहिए। जिससे कि व्यापारियों को व्यापार करते समय कोई समस्या ना हो।

सीतापुर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी तपिश के चलते माहौल कुछ गर्म है लेकिन एक रोचक तथ्य यह भी है कि यहां पुराने साथियों का भी टकराव है। भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा पांचवीं बार चुनावी मैदान में है। 1999 व 2004 में बसपा से सांसद रहे। मोदी लहर में 2014 से लगातार दो बार भाजपा से सांसद रहे और अभी लगभग हैट्रिक की ओर है। हालांकि चुनावी अटकलों को देखते हुए इस बार उनकी राह आसान भी नहीं लगती। और वही सामने विपक्ष की बात करें तो कांग्रेस और सपा के गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर तथा वही बसपा के प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव है। दोनों वर्ष 2019 के चुनाव में राजेश वर्मा के साथ ही थे। वर्ष 2017 में भाजपा के टिकट पर बिसंवा से विधायक रह चुके महेंद्र सिंह भी इस बार भाजपा से दावेदारी कर रहे थे। टिकट न मिलने पर बागी होकर बसपा का दामन थाम लिया था। महेंद्र सिंह यादव का भी राजनीति में अपना एक वर्चस्व रहा है । राकेश राठौर भी 2017 में भाजपा से सदर विधायक थे। 2022 में टिकट कट जाने से सपा में शामिल हो गए थे। सपा ने नगर पालिका चुनाव में टिकट नहीं दिया तो पत्नी नीलकमल को निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में उतारकर 12 हजार से अधिक मत हासिल किए थे। इसके बाद राकेश राठौर कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस ने उन्हें प्रदेश महासचिव बनाने के साथ ही साथ चुनाव में भी खड़ा कर दिया। सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच सामान्यवय बनाए रखना एक कड़ी चुनौती के रूप में देखा जा सकता है।

मुस्लिमो के रुख पर रहेंगी सबकी नजर

अगर हम बात करें सीतापुर से लोकसभा चुनाव की तो कोई भी प्रमुख दल से मुस्लिम प्रत्याशी सामने नहीं आया है। इसी बात को लेकर सभी पार्टियों के प्रत्याशी मुस्लिम वोटो की तरफ भाग रहें हैं। मोहम्मद अनस बताते हैं कि हमारे लिए महेंद्र सिंह यादव ही सच्चे और अच्छे प्रत्याशी हैं। कम से कम अपनों के बीच में समय देते हैं। संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा 20 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता ही है। इसके बाद ब्राह्मण, कुर्मी, पासी, गौतम, और यादव बिरादरी के लोग आते हैं। दिलचस्प की बात तो यहां है कि मुस्लिम मतदाता अधिक होने के बाद भी इस सीट पर केवल दो बार ही मुस्लिम प्रत्याशी जीत पाए हैं।

जेई मेन्स में 99.6 परसेंटाइल अंक प्राप्तकर अथर्व ने बढाया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । सुकरौली , कुशीनगर के चकनीलकंठ के मूल निवासी जो बर्तमान में शाहपुर के जेल बाई पास सड़क स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम में सपरिवार निवास कर रहे है , अवकाशप्राप्त शिक्षक विजय बहादुर मिश्र का पौत्र व शिक्षक सुरेन्द्र मिश्र - रंजना मिश्रा का इकलौता पुत्र अथर्व मिश्र जेई मेंस 2024 में 99.6 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर जनपद में नाम रोशन करते हुए परिवार व मित्रगणों का सम्मान बढ़ाया है । अथर्व मोबाइल से दूरी बनाते हुए पूरा ध्यान अपने पढ़ाई पर केन्द्रित रहता है जिसने हाईस्कूल में भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया था । अथर्व ने इस सफलता का श्रेय अपने दादा,मम्मी-पापा सहित गुरुजनों को दिया है । अथर्व के शानदार सफलता पर चाचा रमेश मणि त्रिपाठी,बाबा विजय बहादुर मिश्र,पिता सुरेन्द्र मिश्र,माता रंजना मिश्रा ,बुआ किरन उपाध्याय,उमाशंकर यादव,रजनीश,सतीश ,विनीत (एसडीएम),सीमा ,प्रिया ,सुनीता,शैलेन्द्र कुमार,अवधेश जायसवाल सहित तमाम शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं किया ।

मीना मंच की बालिकाओं ने बनाई मानव शृंखला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है मुझको भी आगे बढ़ाना है के गीत के साथ प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने स्कूल हर दिन आएं,आओ परिवेश बदलें,एक कदम स्वच्छता की ओर, चुप्पी तोड़ो, दर्पण की ओट में,आओ मिलकर करें प्रयास विषयों पर कहानी के माध्यम से मीना मंच की बालिका सभा में सविस्तार चर्चा की इस अवसर पर जेण्डर इक्विटी के मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार दीक्षित ने बाल विवाह , दहेज प्रथा, दहेज प्रथा कानून का दुरुपयोग, भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए मीना मंच के बच्चों को आगे आकर जन जागरूकता अभियान चलाने के बारे में जानकारी दी। सुगम कर्ता मायादेवी ने गांव की बालिकाओं को ही अपने गांव का शत-प्रतिशत नामांकन, ठहराव के द्वारा सुशिक्षित बनाकर सामाजिक बदलाव लाना है शिक्षक गुंजन पाण्डेय ने कहा कि बालिकाओं की जिज्ञासाओं का शमन, रचनात्मक लेखन, नेतृत्व क्षमता संवर्धन, जिज्ञासाओं का निदान, शिक्षा से जोड़ना एवं सहयोग की भावना का विकास करना है अनुदेशक प्रियंका यादव और बच्चों में सपना, शिखा, वैष्णवी, दिव्या शिवानी, श्रेया आदि के हांथों में आकर्षक पोस्टर थे।

सामान्य प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। लोकसभा तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन से संबंधित कार्यों की समीक्षा एवं विचार विमर्श के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक तथा लोकसभा निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नोडल आफिसर्स तथा सहायक नोडल आफिसर्स के साथ बैठक आयोजन की गई। जिला निर्वाच अधिकारी ने निर्वाचन के दृष्टिगत की गई तैयारियो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न कराया जाएगा। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का बड़ा पर्व है। सभी अधिकारी कर्मचारी पूरे मनोरोग तथा मेहनत से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कम प्रतिशत वाले क्षेत्र का भ्रमण अवश्य कर लिया जाए। चुनाव आचार संहिता का अच्छे से अनुपालन हो। मतदाताओं को प्रलोभन धमकाने डरने वाले कार्य न होने दिया जाए। जनपद की सीमाओं टीम में 24 घंटे सक्रिय रहे। आयोग की सूचनए समय से भेजी जाए। एनफोर्समेंट की कार्रवाई समय से की जाए। सभी टीम एक्टिव रहे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र व बूथो पर आयोग द्वारा निर्धारित फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया जाए। पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रखे जाएं। मतदान के लिए बनाए गए नए बूथों को चेक किया जाए। जिला बदर किए गए खुराफातियों का सत्यापन कराया जाए। ध्वनि प्रतिबंध का पालन कराया जाए। फ़ेक न्यूज़ का खंडन कराया जाए। चुनाव को अच्छे ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न कराए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से डिस्टिक सिक्योरिटी प्लान के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रो पर बिजली, छाया, पेयजल की भी व्यवस्था कराई जाए। मोबाइल एप का भी प्रचार प्रसार कराया जाएगा, जिसके माध्यम से मतदाता अपने बूथ को ट्रेस कर सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मतदान के दिन जनपद में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। उन्होंने पुलिस कार्मिकों के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं तथा वुलनरेबल व क्रिटिकल बूथ पर पुलिस के कम से कम समय में पहुंचने के संबंध में भी जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव को सभी अधिकारी अच्छे ढंग से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए संपन्न कराए। निर्वाचन को पारदर्शी ढंग से संपन्न करना सब की जिम्मेदारी है। समस्त अधिकारी अपने दायित्व का अच्छा ढंग से निर्वहन करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, एडीएम न्यायिक राशिद अली एवं नगर मजिस्ट्रेट पर्वेंद्र कुमार, डॉ. आरके गौतम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कुरावली की जनता से सांसद धर्मेंद्र यादव, अधिक से अधिक वोट करने की अपील की

कुरावली (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। मैनपुरी क्षेत्र में वोट की अपील करने क्षेत्र में जनता से मिलने पहुंचे सपा के आजमगढ़ प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव। अपनी भाभी डिंपल यादव के लिया लोगो से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील करते दिखे धर्मेंद्र यादव। मैनपुरी के तहसील कुरावली क्षेत्र में मोहल्ला सराय अच्छे मिया पुत्र मोहम्मद मुक्तयार और मोहल्ला पठानान में आमिर अली खां की पत्नी की हुई मृत्यु पर संवेदनाएं व्यक्त करने पहुचे थे धर्मेंद्र यादव। जहां क्षेत्र में निसार कुरेशी, डॉ मंजूर, अनीस राइन, सरमन, अमरदीप के आवास और दर्जनों जगह नुक्कड़ सभा कर नगर की जनता से सीधे रूबरू हुए। ऱ्रावक्र्र गठबंधन की जीत का दावा करते हुए बोले की निश्चित देश की जनता बीजेपी को उखाड़ फेंकने के लिया त्यार है। मोदी की लड़खड़ाती जबान का साफ संदेश है कि बीजेपी की हालत देश की जनता ने खराब कर दी है। इस मौके पर सांसद धर्मेंद्र यादव के साथ नगराध्यक्ष छुट्टन अंसारी उर्फ अब्दुल नवी, हारून अली, रिहान खां, अमरदीप, मुफीद मंसूरी, गोलू गुप्ता उर्फ मोहित साथ रहे।

शिकायत करने पर दबंगों ने युवक के साथ की गाली गलौज मारपीट

मैनपुरी/बिछवा (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में एक तरफ जहां योगी की सरकार अवैध कब्जा को लेकर सख्त रहती है साथ ही माफियाओं और गुंडो के प्रति सख्त रवैया अपनाती है। वही गांव मरहरी दबंगों ने एक 25 साल पुराने बने मकान का ताला तोड़कर जबरियां कब्जा कर लिया जब पीड़ित ने विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज कर दी। मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव मरहरी निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र जमुना सहाय ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने 1998 में एक जगह की नौटेरी करायी थी। उसके बाद उसने उसकी बाउंड्री करने के बाद उसमें निर्माण कराया मिट्टी डलाने का कार्य कराया। उसे जगह को गांव के लोगों को उपयोग के लिए समय-समय पर देता रहा। वह दिल्ली में रहकर अपना कारोबार कर रहा है। उसके इस जगह में गांव के कई समाज से भी लोगों के काम हुए हैं जिसमें शादी विवाह अन्य जैसे कार्य भी लोग करते रहे। उसे जगह पर गांव निवासी रमेश पुत्र शिवदयाल सिंह ने अन्य अराजक तत्वों व राजनेताओं के संरक्षण प्राप्त लोगों ने जबरिया उसकी जगह पर कब्जा करने के उद्देश्य से उसके मकान का ताला तोड़कर उसमें भुस भर दिया। और अपनी भैंस लाकर वांध दी ।जब उसे पता लगा तो वह दिल्ली से गांव आया उनसे शिकायत की तो गाली गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देने लगे। साथ ही धमकी देते हुए कहा कि वह जबरन कब्जा करेगा और कोई उसका कुछ नहीं कर सकता। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धारा 323 504 506 448 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है । थाना अध्यक्ष अवनीश त्यागी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।अधिकारियों को ले जाकर कब्जा दिलाने का कार्य किया जाएगा। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

युवा समाजसेवी पूर्व प्रधान पति पुष्पहास सिंह का लंबी बीमारी के कारण निधन

कानपुर देहात (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। नोनारी गांव के युवा समाजसेवी व पूर्व प्रधान पति पुष्पहास सिंह बच्चा साहब 40 वर्ष का कई महीनों से कैंसर का इलाज एम्स हॉस्पिटल दिल्ली में चल रहा था शुक्रवार दोपहर 2 बजे उनका निधन हो गया जिससे गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई पत्नी वंदना सिंह पुत्र विक्रमादित्य 16 वर्ष पुत्री वैष्णवी 14 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल था मौके पर पहुंचे सांसद देवेंद्र सिंह भोले ,जिला पंचायत अध्यक्ष पति राजेंद्र सिंह राजू गौर ने परिवार जनों को ढाढस बंधाया

स्कूल वैन ड्राइवर ने कक्षा एक की बच्ची से की गंदी बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रबंधक व ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

क्लास टीचर से बोली बच्ची कि मैम वैन वाले अंकल मुझे करते हैं बैड टच

शाहजहांपुर। कक्षा एक की छात्रा के साथ स्कूल वैन के ड्राइवर पर अश्लील हरकते कर दी। जब पीड़ित बच्ची ने स्कूल की टीचर को अपने साथ हुई गंदी हरकत की जानकारी दी तो स्कूल स्टाफ की तरफ से मामले को दबा दिया गया। स्कूल से घर जाने के बाद बच्ची ने मां और पिता को अपने साथ हुई हरकत की दास्तान सुनाई। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि क्षेत्र में ही स्थित एक स्कूल में मेरी बेटी कक्षा एक में पढ़ती है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे स्कूल वैन चालक मेरी बेटी को लेने आया। बेटी को वैन में बैठाकर उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। स्कूल वैन चालक ने बच्ची के साथ बैड टच किया। उसको जबरन आगे वाली सीट पर बैठा लिया। स्कूल जाने के बाद बच्ची ने घटना की पूरी जानकारी अपनी क्लास टीचर को दी। बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि घटना की जानकारी होते ही स्कूल का प्रबंधन बच्ची के पास आया और उल्टा डरा धमकाकर बेटी को एक बजे तक स्कूल में बैठाए रखा। और बेटी को घर पर कोई भी बात नही बताने की हिदायत दी। उसके बाद बेटी जब घर आई तब उसने घटना की पूरी जानकारी मां बाप को दी। लड़की के पिता ने इस बात की शिकायत थाने पर की। इधर जब इस प्रकरण की जानकारी पुलिस के आलाधिकारियों को मिली तो उन्होंने आरोपी स्कूल वैन ड्राइवर कामरान पुत्र इखलाख हुसैन निवासी मो. ककरा कलां थाना सदर बाजार व ग्रीन वैली कानवेन्ट स्कूल के प्रबन्धक खान शाह खावर के खिलाफ 136/24 धारा 354/506 आईपीसी व 9एम/10 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर लिया।

वैन चालक द्वारा बच्ची से गलत हरकत करने की उन्हें जानकारी तो फौरन ही उसके खिलाफ तहरीर दी। धमकाने का आरोप गलत है

खान शाह खावर स्कूल प्रबंधक

तालाब पर हो रहा था अवैध कब्जा जांच करने पहुंचे राजस्व निरीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खुटार। नगर के मोहल्ला बजरिया के पीछे तालाब पर मिट्टी डालकर अवैध कब्जा करने के मामले में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। जहां मामला सही पाया गया। लेकिन मिट्टी डालने वाले व्यक्ति ने अधिकारियों से हटा लेने की बात कही है।

जबकि कानूनगो ने इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप कर आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खुटार के पंथवारी मंदिर जाने वाले मार्ग पर एक काफी पुराना तालाब है। यह तालाब मोहल्ला बजरिया से होते हुए पश्चिमी गढ़ी तक फैला है। जो आबादी के बीच में है। तालाब पर एक व्यक्ति मिट्टी डालकर कब्जा कर रहा था। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई थी। शनिवार को कानूनगो नारायण दास मिश्रा ने लेखपाल अनुराग कुमार, नगर पंचायत के लिपिक बाबू अनिल सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने तालाब के दोनों तरफ फीता डालकर पैमाइश कराई। जहां तालाब पर अवैध कब्जे का मामला सामने आ सका। उक्त व्यक्ति ने कहा कि नींव भरने के कारण मिट्टी कुछ तालाब में चली गई। जो अब हटा लेंगे। जांच करने के बाद कानूनगो वापस लौट गए।

एस एस लॉ कॉलेज में सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में नवनिर्वाचित सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। स्वामी चिन्मयानंद अधिष्ठाता मुमुक्षु शिक्षा संकुल की सानिध्य में कार्यक्रम के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह (प्रिंस) अध्यक्ष, पुरातन छात्र परिषद एवं वर्तमान विधायक कटरा विधानसभा, मुख्य अतिथि नारायण दत्त त्रिपाठी अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन, विशिष्ट अतिथि मनेंद्र सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता, विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार शर्मा महासचिव सेंट्रल बार एसोसिएशन, उपाध्यक्ष पुरातन छात्र परिषद अधिवक्ता ओम सिंह, सचिव पुरातन छात्र परिषद फिरोज हसन खान, सचिव प्रबंध समिति डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा, एस.एस. पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. के. आजाद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा मंचस्थ रहे। अपने आशीर्वचन में स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के लिए नौकरियों की कोई कमी नहीं है यहां तक कि वे सुप्रीम कोर्ट तक जा सकते हैं। आजादी के आंदोलन में अधिवक्ताओं ने देश की समस्याओं को महसूस किया और लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखने का कार्य किया। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे महाविद्यालय में विधि की शिक्षा के लिए सर्वाधिक सीटें स्वीकृत है और विधि के क्षेत्र में उच्च शिक्षा का अवसर महाविद्यालय में उपलब्ध है। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने हमारे महाविद्यालय को विश्वविद्यालय के रूप में देखने की प्रेरणा प्रदान की और आज स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, विश्वविद्यालय बनने के पथ पर अग्रसर है, यदि हमारा संस्थान विश्वविद्यालय बनता है तो हम विश्व के नक्शे पर एक अलग पहचान अंकित करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस संस्था से जो भी विद्यार्थी निकलते हैं वह न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस, वैज्ञानिक इत्यादि विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं में जाकर नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष वर्तमान विधायक वीर विक्रम सिंह ने बताया कि अधिवक्ता को अपने व्यवसाय में कामयाबी हासिल करने के लिए निरंतर अध्ययन करना पड़ता है तथा समाज को न्याय प्राप्त हो सके इस हेतु वह प्रयासरत होता है। आज सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वो अपना बखूबी योगदान दें रहे हैं। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा ने सेंट्रल बार एसोसिएशन शाहजहांपुर के पदाधिकारियों की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि महाविद्यालय एक मिशन पर कार्य कर रहा है जो जनपद के विकास के लिए कृत संकल्पित है। मुख्य अतिथि नारायण दत्त त्रिपाठी ने महाविद्यालय प्रशासन को आश्वासन दिया कि महाविद्यालय के विकास में बार एसोसिएशन अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा तथा साथ ही छात्रों के लिए बार एसोसिएशन से जो भी मदद हो सकेगी वह प्रदान की जाएगी। विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करती है और नैतिकता के साथ कार्य करने के लिए सिखाती है। अधिवक्ता न्याय के मंदिर के पुजारी हैं जिन पर उनका मुवक्किल विश्वास करता है इस विश्वास को कायम रखने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को गहराई से अध्ययन करने का सुझाव दिया। पुरातन छात्र परिषद के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम सिंह ने स्वागत भाषण दिया। पुरातन छात्र परिषद के सचिव अधिवक्ता फिरोज हसन खान ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पुरातन छात्र परिषद का मकसद कॉलेज से पढ़ चुके छात्रों को कॉलेज से जोड़े रखना है। ऐसा करने से कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को पुराने छात्रों से प्रेरणा मिलती है। पुराने छात्रों का कॉलेज या स्कूल से भावनात्मक लगाव रहता है। ऐसे में जब वे कॉलेज या स्कूल में आते हैं, तो वे भावना से जुड़ते हैं और अच्छे सुझाव देते हैं और कॉलेज के लिए आर्थिक मदद जुटाते हैं। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) के वरिष्ठ सदस्य मुनीश सिंह परिहार जी भी उपस्थित रहे। एस.एस.पी.जी. कॉलेज के वाणिज्य संकाय अध्यक्ष डॉ. अनुराग अग्रवाल और महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. दीप्ति गंगवार ने संयुक्त रूप से मंच संचालन किया। नारायण दत्त त्रिपाठी अध्यक्ष, राजीव कुमार शर्मा महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गेश चंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष, अजय त्रिपाठी एवं कृपा शंकर बाजपेई, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित कनौजिया, संयुक्त सचिव, विनय कुमार शर्मा, राहुल कुमार सक्सेना, आदर्श मिश्रा, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा, सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ, बृजेश कुमार सिंह, मो. तस्लीम अंसारी, रामानंद श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार पांडे, सुनील शुक्ला, विकास कुमार सिंह, सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ, शीतल शर्मा, आशुतोष कुमार पांडे, शिवम मिश्रा, याहिया, कालीचरण गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव एवं पदेन सदस्य, बृजेश कुमार वैश्य (पूर्व अध्यक्ष) एवं सुधीर कुमार पांडे (पूर्व महासचिव) को स्वामी जी ने प्रभु श्री राम की प्रतिमा एवं पटका प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ.अनिल कुमार शाह, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. प्रेम सागर,डॉ. अमित कुमार यादव,अशोक कुमार, रंजना खंडेलवाल, डॉ. अमरेंद्र सिंह, अजीत कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ला, अरविंद कुमार, सचिन कुमार, अभिलाष पांडे, सुश्री अपर्णा चौहान डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, आदि सभी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में 523 पुरातन छात्र उपस्थित रहे।

फतेहपुर का अभिमान, 20 मई करें मतदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व''इस भाव से कहीं भी नजर पड़े सिर्फ यही दिखे कि 20 मई को मुझे मतदान करना है इसके लिए स्वीप के अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सी इंदुमती जी के मार्गदर्शनानुसार स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा फतेहपुर का अभिमान, 20 मई करें मतदान'' के ''स्टीकर्स लगाओ मतदाता जगाओ'' अभियान चलाया गया।अभियान का शुभारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सी इंदुमती द्वारा अपनी गाड़ी में स्टीकर लगाकर किया गया।फिर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव,जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋशांत श्रीवास्तव ने स्वीप आइकॉन के साथ मिलकर अपनी गाड़ियों व अन्य सभी अधिकारियों की गाड़ियों में स्टीकर्स लगाए।ततपश्चात अभियान को गति देते हुए स्वीप आइकॉन व एआरएम विपिन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में फतेहपुर डिपो की रोडवेज बसों में स्टीकर्स लगाए गए।साथ ही स्वीप आइकॉन द्वारा बस में बैठे यात्रियों को फतेहपुर के समग्र विकास हेतु 20 मई को स्वयं के साथ साथ अन्य लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना,अपरजिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, धीरेंद्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी,जिला विकास अधिकारी प्रमोद चंदरौल सहित सभी अधिकारी व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

जेईई मेन्स में चमके महर्षि के सितारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित जेईई. मेन्स की परीक्षा में नगर के महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल फतेहपुर के छात्र/छात्राओं ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी अपनी सफलता का परचम लहराया। मेधावी बच्चों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है। महर्षि विद्या मन्दिर की छात्रा प्रकृति ने अखिल भारतीय स्तर पर 99.08 पर्सेंटाइल आशीष बाजपेयी 99.6 पर्सेंटाइल, विख्यात श्रीवास्तव 98.4 पर्सेंटाइल और आयुषी यादव 98.26 पर्सेंटाइल प्राप्त किये। प्रकृति ने कहा कि उनका उद्देश्य जे.ई.ई. एडवांस में सफल होकर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश पाना है। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व माता-पिता को देती है। वहीं आशीष बाजपेयी व विख्यात श्रीवास्तव आई.आई.टी. करके देश की सेवा करना चाहते है। इस परीक्षा के लिए उन्होंने 10-12 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी जी ने कहा कि जीवन में सदैव अवसर आते रहते हैं। योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कर बड़ी से बड़ी परीक्षा में भी कामयाबी हासिल की जा सकती है। उन्होंने अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में अपना स्थान बनाना बड़ी बात है। यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत अभिभावकों एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन से प्राप्त हुयी।

यातायात नियमों को लिए किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के उदेश्य से तक चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़े के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर मशीन द्वारा चेक किया गया तथा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही की गई । यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई साथ ही पीए सिस्टम के माध्यम से मुख्य यातायात जागरूकता से संबंधित आडियो एवम प्रोजेक्टर के माध्यम तांबेश्वर चौराहे पर वीडियो क्लिप के माध्यम से यातायात प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

आरिफ़ी नगमात पुस्तक का विमोचन और साहित्यक गोष्ठी हुई आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के मोहल्ला घसियारन टोला नानपारा में शाह खालिद के आवास पर नेपाल के बुजुर्ग शायर मोहम्मद युसूफ आरिफी के शेरी मजमुआ (काव्य संग्रह) आरिफ़ी नगमात पुस्तक का विमोचन, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर व साहित्यकार, भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शारिक रब्बानी द्वारा किया गया । विमोचन कार्यक्रम और काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता शायर व साहित्यकार शारिक रब्बानी ने की । बतौर विशिष्ठ अतिथि एडवोकेट ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव और मौलाना इंकलाब अशर्फी मौजूद रहे तो वही कार्यक्रम का संचालन शहनवाज़ खान बहराइची ने किया। इस दौरान शारिक रब्बानी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि नेपाल के शायरों में मुहम्मद युसूफ आरिफी साहेब एक ऐसे शायर है जिन्हे शायरी में अहम मुकाम हासिल है। युसुफ आरिफ़ी साहब नेपालगंज के अलावा भारत के कस्बा नानपारा में भी अदबी महफिलों में भी शिरकत करते रहे हैं। इनके कलाम में दुनिया की हकीकत और असरे हाजिर के मसायल के साथ इश्किया अशार? भी कसरत से मिलते हैं। युसूफ आरिफी साहेब का शेरी मजमुआ, आरिफी नगमात, जिंदगी के तमाम पहलुओं पर शायर की गहरी बसीरत का अहाता करता है, जो अदबी हलकों में जरूर पसंद किया जायेगा। इस अवसर पर मुहम्मद अरबाज कादरी, काशिफ नानपरावी, इन्कलाब अशर्फी, मुहम्मद आसिफ, शहनवाज़ खान, शम्स नानपारवी, रोशन जमीर और डीपी श्रीवास्तव आदि ने भी रचनाएं पढ़ी जिसे मौजूद लोगो ने खूब सराहा । मौलाना इंकलाब अशर्फी ने मुहम्मद युसूफ आरिफी साहब की शख्सियत पर अपने विचार व्यक्त किए और मुहम्मद युसूफ आरिफी साहेब ने भी अपना कलाम पढ़ा। पुस्तक विमोचन और साहित्यक गोष्ठी के इस कार्यक्रम में सरफराज सिद्दीकी पत्रकार और सै0 अब्दुल खबीर पत्रकार के अलावा अब्दुल बाकी, मुहम्मद असगर, नूर खान, सिराजुल हक, मो नादिर, मुन्ना कुरैशी, मोहम्मद नसीम और शाह खालिद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

खण्ड शिक्षा अधिकारी भटहट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भटहट, गोरखपुर । पूर्व में दी गई सूचना के अनुसार दिनांक 27.4.2024 को बी ई ओ और प्रधानाध्यापक की मासिक समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी सबिस्ता परवीन की अध्यक्षता में बी आर सी भटहट के सभागार में पूर्वाह्न 11:30 पर आयोजित की गई। बैठक के एजेंडा बिंदु इस प्रकार थे - ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर को संतृप्त करने हेतु ग्राम प्रधान एवं सचिव से सहयोग लिया जाए। डी.बी.टी. से संबंधित कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई। कंपोजिट ग्रांट के उपभोग की स्थिति पर चर्चा की गई। एस.एम.सी. बैठक का समय से आयोजन एवं अभिलेखीकरण पर चर्चा एवं प्रतिमाह प्रथम बुधवार को बैठक करने का निर्देश दिया गया। समर्थ पोर्टल पर दिव्यांग बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति लाक करने का निर्देश दिया गया। यू डाइस प्लस में टीचर प्रोफाइल, स्टूडेंट प्रोफाइल, विद्यालय प्रोफाइल अपडेट करने की स्थिति पर चर्चा व पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के तहत शिक्षक प्रशिक्षण पूर्ण किए जाने की स्थिति एवं निर्धारित साप्ताहिक गतिविधियों को पूर्ण कराकर फोटो वीडियो को सुरक्षित रखने व अभिलेखीकरण करने हेतु चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बच्चों के नवीन नामांकन एवं छात्र उपस्थिति को बढ़ाने हेतु अभिभावक संपर्क, अभिभावक बैठक पर चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक की साप्ताहिक बैठक करके निपुण विद्यालय योजना को संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिन अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई वो इस प्रकार थे - टाइम एंड मोशन का अनुपालन, स्कूल रेडीनेस, अधिक नवीन नामांकन हेतु अभिभावकों से संपर्क, प्रतिदिन डायरी का उपयोग, बच्चों क़ो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, एवं सभी विद्यालय अपनी कार्य योजना बनाये व विद्यालय क़ो निपुण बनाने हेतु अपना लक्ष्य निर्धारित करें, जिससे शीघ्र ही न्यायपंचायत के समस्त स्कूल निपुण हो सके ।

भयमुक्त शत प्रतिशत मतदान जागरूकता चौपाल में पहुंची प्रदेश मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। पत्र-पत्रिका एवं प्रकाशन विभाग (साहित्योदय प्रकल्प, भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में भयमुक्त शतप्रतिशत मतदान जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित परिचर्चा में जनपद के तमाम सामाजिक, धार्मिक, संगठन प्रतिनिधियों ने शतप्रतिशत भयमुक्त मतदान का संकल्प लेते हुए जनपद के ग्रामीणांचल तक मे मतदाता जागरूकता चौपाल आयोजित करने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तय की।पत्र-पत्रिका एवं प्रकाशन विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता चौपाल को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मीना चौबे (प्रदेश मंत्री भाजपा) एवं प्रदेश संयोजक पत्र-पत्रिका प्रकाशन विभाग ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देशों मे से एक है हम सब का दायित्व बनता है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शतप्रतिशत मतदान का सामूहिक संकल्प लें और नगर-नगर, गाँव-गाँव मे जन जागरूकता चौपाल का आयोजन कर लोगों को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह करें। प्रदेश मंत्री भाजपा ने आवाहन करते हुए कहा कि युवाओं और महिलाओं को मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुए समूह में मतदान करने जाएं और पहले मतदान फिर जलपान का भाव सबके हृदय में जगाए और जन नायक यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प पूर्ण करते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक पहुचाने का लक्ष्य तय करें। पर्यावरण-विद प्रदेश संयोजक पत्र-पत्रिका प्रकाशन विभाग प्रदेश सह सयोजक राजकुमार ने कहा कि भारत के नागरिकों में प्रचण्ड राष्ट्रवाद की भावना को जागृत कर प्रधानमंत्री ने भारत को विश्व गुरु बनाया है हम सब का दायित्व बनता है कि शतप्रतिशत मतदान में सहभाग कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचण्ड बहुमत के साथ बनाएं। मालवीय मिशन अवध क्षेत्र संयोजक प्रोफ़ेसर डॉ0 एस0एन सिंह ने मतदान दिवस को भारत का महान पर्व बताते हुए शतप्रतिशत मतदान करने का आवाहन किया। आयोजित चौपाल को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ0 मनोज मिश्रा, इंजीनियर ए0के सिंह, आशीष अग्रवाल, संविधान विशेषज्ञ डॉ0 अनिल त्रिपाठी, रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष अनिल मिश्र, महामंत्री अजीत सिंह एडवोकेट , शिक्षक महासभा अध्यक्ष रमेश मिश्र, संयोजक डॉ0 अरसद रईस, अधिवक्ता आदेश प्रताप सिंह, संघ विचारक संजय जी, संघ चिंतक रविंद्र जी, जिला महिला मोर्चा संयोजक सोनी श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा अवध क्षेत्र डॉ अनीता जायसवाल , इस्मिता श्रीवास्तव , तरन्नुम , रेखा श्रीवास्तव आदि ने भी संबोधित कर अधिकाधिक संख्या में मतदान करने का आवाहन किया तथा जनजागरण अभियान चलाए जाने की रूपरेखा भी तय की। जनपद के वरिष्ठ कवि गुलाब चेन्द्र जायसवाल , योगाचार्य दीप नारायण धनकर , लक्ष्मी कांत मृदुल , शिक्षक नेता पुण्डरीक पाण्डेय आदि कवियों ओजस्वी कविता प्रस्तुत कर शतप्रतिशत मतदान का आवाहन किया।

चौबीस घंटे से बिजली सप्लाई बाधित, नाराज लोगों ने गोंडा–बलरामपुर मार्ग को जाम किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में चौबीस घंटे से बिजली सप्लाई बाधित होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।गुस्साए लोगों ने शनिवार की दोपहर गोंडा-बलरामपुर मार्ग को जाम करके घंटों हंगामा किया गया और जल्द विद्युत सप्लाई की मांग की। हंगामे के चलते घंटों आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस और सीओ नगर ने लोगों को शांत कराकर जाम खुलवाया।लोगों ने बताया कि कल ट्रांसफार्मर से फर्नीचर की दुकान में आग लग गई थी। जिससे दुकान जलकर राख हो गई थी। कल से अभी तक स्टेशन रोड के इलाकों में बिजली नहीं मिली है।जिससे हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।धारा 144 का उल्लंघन गोंडा से बलरामपुर जा रहे प्रदीप कुमार ने बताया कि इन लोगों द्वारा खुलेआम धारा 144 का उल्लंघन किया गया है।जिला प्रशासन को ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। क्योंकि इस समय चुनाव चल रहा है और धारा 144 लगी है।ऐसे में कोई भी भारी संख्या में एकत्रित होकर के कहीं भी कोई प्रदर्शन नहीं कर सकता है।बिना किसी अधिकारी की अनुमति के उल्लंघन करने पर कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रत्याशियों के साथ बैठक 29 अप्रैल को

बहराइच । जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अ.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों में किये जाने वाले व्यय एवं व्यय लेखांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में 29 अप्रैल 2024 को सॉय 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक मे प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

कंपोजिट विद्यालय उद्वतनगर के 5 विद्यार्थी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में हुए सफल

गोंडा। बेलसर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय उद्वत नगर के पांच बच्चों का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा एनएमएमएस 2024 में हुआ है।गुरुवार को घोषित परिणाम में अभिषेक तिवारी को 16 वीं, विनय कुमार पांडे को 28 वीं, अंशु शुक्ला को 32 वीं, बजरंगबली को 33 वीं और शिवा को 55 वीं रैंक प्राप्त हुई है।विद्यालय के अध्यापक आनंद कुमार पांडे ने बताया कि ये सभी छात्र काफी मेधावी रहे तथा उनकी सफलता के पीछे शिक्षक अनिल श्रीवास्तव, रितेश मोहन,रमेश दत्त शुक्ल, रोहित श्रीवास्तव तथा आकांक्षा जायसवाल की काफी भूमिका है।इसके साथ ही विद्यालय परिवार ने इन मेधावी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

नेपाली कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । एसएसबी 42वीं वाहिनी ने नेपाली कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में सीमा चौकी निबिया के कार्मिकों द्वारा उ0प्र0 पुलिस के साथ संयुक्त गश्त निकाली। गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 651/02 के समीप 100 मीटर भारत की ओर एक युवक नेपाल से गत्ते मे साइकल पर कुछ लेकर आता दिखाई दिया। नज़दीक आने पर उसे रोका गया तो वह भागने का प्रयास करने लगा, उसी दौरान गश्त टीम ने उसे चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया, पकड़े गये व्यक्ति का नाम पूछने पर उसने अपना नाम रामसमुझ सोनकर उर्फ दुल्ला सोनकर, उम्र 22 वर्ष पिता का नाम राजित सोनकर और व्यक्ति ने अपना पता प्रहलाद गाँव, थाना रुपैडिहा बताया। टीम द्वारा व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने गत्ते में 180 सीसी करनाली रेशम लीची शराब व 30 सीसी करनाली सोफी कच्ची शराब होना बताया साथ ही उसने बताया कि नेपाल से सस्ते दामो में कच्ची शराब खरीदकर अपने क्षेत्र में महंगे दामो में बेचकर अपना जीविकोपार्जन करता हूँ। अभियुक्त की पास से गत्तो में कुल 180 सीसी करनाली रेशम लीची शराब व 30 करनाली सोफी कच्ची शराब एक साइकिल बरामद किया गया है। टीम द्वारा सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना रुपैडिहा के सुपुर्द कर दिया गया है। गश्ती दल में एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सुजीत कुमार दास, आरक्षी शैलेंद्र कुमार, नरेश नेहरा, विवेक कुमार, पुष्कर जाखड़, ओम प्रकाश कुमार तथा पुलिस के उप निरीक्षक कृष्णा कुमार, राहुल कुशवाहा, रोशनी, मुलायम यादव आरक्षी प्रसेंद्र कुमार शामिल रहे।

रेलवे पुल के अप्रोच कार्य के दौरान बड़ा हादसा: जेसीबी की चपेट में आने से युवक की मौत

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोनवा गांव के पास देर शाम 6 बजे के करीब रेलवे पुल के अप्रोच कार्य के दौरान जेसीबी से मिट्टी की खुदाई करते जेसीबी के चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची करनैलगंज कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।वहीं मृतक युवक के परिजनों ने तहरीर देकर जेसीबी चालक और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दरअसल करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रौतन कादीपुर के रहने वाले 35 वर्षीय अरविंद कुमार गोनवा गांव के पास रेलवे विभाग द्वारा बनाए जा रहे नए पुल के निर्माण कार्य में कार्य के दौरान बड़ा हादसा देखने को मिला है। नए पुल के निर्माण कार्य करने के दौरान जेसीबी से मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। मिट्टी की खुदाई करते समय जेसीबी की चपेट में आने से युवक के सर पर गंभीर चोट लग गई थी। जिससे 35 वर्षीय युवक अरविंद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई है।मृतक अरविंद कुमार के पिता बाबूलाल ने कर्नलगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के जेसीबी चालक और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया है कि मेरा बेटा रेलवे विभाग द्वारा बनाए जा रहे पुल के निर्माण कार्य में कार्य कर रहा था। जहां जेसीबी मशीन का अगला दांत वाला हिस्सा लगने से उसकी मौत हो गई है आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।वहीं पूरे मामले को लेकर के करनैलगंज कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि गोनवा सूबेदार पूरवा में रेलवे विभाग द्वारा नई रेलवे लाइन पुल का निर्माण किया जा रहा है।जहां पर मिट्टी की खुदाई करते समय एक युवक जेसीबी के चपेट में आ गया था। जिसके सिर में काफी गंभीर छोटी लगी हुई थी मौके पर ही युवक की मौत हो गई है।फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच करके कार्यवाही की जा रही है।

01 मई से राजस्व कोर्ट के समय में होगा बदलाव

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए 01 मई से 30 जून 2024 तक जनपद के समस्त राजस्व/चकबन्दी न्यायालयों व राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागारों के कार्यालय अवधि में परिवर्तन कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 मई से 30 जून 2024 तक जनपद के समस्त राजस्व/चकबन्दी न्यायालयों व राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागारों का कार्य समय प्रातः 09:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक नियत किया गया है। कार्यालयों के समय में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

अनुरक्षण कार्य के कारण आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधि.अभि. विद्युत विजरण खण्ड द्वितीय रंजीत कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के उद्देश्य से 28 अप्रैल 2024 को 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, नानपारा पर स्थापित 33 के.वी. मेन बस का अनुरक्षण कार्य प्रस्तावित है जिसके कारण 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, नानपारा से पोषित सभी 33 के.वी. पोषकों नानपारा, नानपारा तहसील, मोतीपुर, महसी, रायबोझा, नेपालगंज, मटेरा, बन्जारनटांडा, नवाबगंज एंव बाबागंज से पोषित क्षेत्र की विद्युत प्रातः 09:30 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, बहराइच पर स्थापित 33 के.वी. मेन बस का अनुरक्षण कार्य किया जाना है जिसके कारण 28 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 03:15 बजे से सांय 05:30 बजे तक 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, बहराइच से पोषित सभी 33 के.वी. पोषकों महसी एवं तेजवापुर से पोषित क्षेत्र की विद्युत अपूर्ति बाधित रहेगी। श्री कुमार ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि तद्नुसार पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

निर्वाचन व्यय लेखों की जॉच हेतु तिथियॉ निर्धारित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अ.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखों की जॉच के लिए तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि व्यय लेखा जॉच हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार 02 मई 2024 को प्रथम, 06 मई 2024 को द्वितीय एवं 10 मई 2024 को तृतीय एवं अन्तिम जॉच की जायेगी। डीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं प्रत्याशियों से अपेक्षा की है कि निर्धारित तिथियों में कोषागार में उपस्थित होकर अपने-अपने निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर की जांच कराने का कष्ट करें।

जिले में नहीं थम रहा लाशे मिलने का सिलसिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अज्ञात शव मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है।इस वर्ष जिले में अज्ञात लाशें मिल चुकी हैं।वही जिले को मानों किसी की नज़र लग गई है।हर दिन मौत के केस सामने आ रहे हैं।खरगूपुर थाना क्षेत्र के जानकी नगर पुलिस चौकी अंतर्गत गोंडा - बलरामपुर राजमार्ग पर शनिवार सुबह चौकी के समीप स्थित पुलिया के गड्ढे में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला है।शव के पास ही मृतक की हीरो होंडा पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी पड़ी हुई पाई गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची जानकीनगर चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों व सोशल मीडिया के जरिए मृतक की सिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।चौकी प्रभारी इंद्रसेन वर्मा ने बताया कि मृतक के हाथ पर अंग्रेजी में वी पूजा लिखा हुआ है।जांच पड़ताल के दौरान प्रथम दृश्टया युवक की मौत मार्ग दुर्घटना से होना लग रहा है उसकी आयु 27 साल के करीब है।उन्होंने बताया की बाइक का पंजीकरण नंबर बस्ती जिले का है।अब तक बाईक को कई लोगों के हाथ बेंचा जा चुका है।

दूसरी घटना 26 अप्रैल को पांडे तालाब में मिला शव

नगर कोतवाली थाना क्षेत्र पांडे तालाब में उतराया युवक का शव मिला है।पांडे तालाब में मछली पकड़ने गए लोगों ने एक युवक का शव उतराया देखा।तालाब में युवक का शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला और शिनाख्त के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के पांडे तालाब के पास की है।युवक की पहचान सुभाष नगर मोहल्ले के रहने वाले विद्याधर (35) के रूप में हुई है।विद्याधर मिलता पंजाब का रहने वाला था नगर कोतवाली क्षेत्र का सुभाष नगर मोहल्ले में अपना मकान बना करके रहता था। साथ ही कैटर्स का काम करता था।तालाब में शव मिलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

तीसरी घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र पुल पर लटकता शव

वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 40 वर्षीय ज्वैलर्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।मृतक युवक देर रात अपने घर गया हुआ था और वह सुबह पांच बजे अपने घर से वापस अपनी दुकान पर जा रहा था।जहां रास्ते में युवक के सिर में सटाकर गोली मारी गई है जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।मौके पर पहुंची वजीरगंज थाने की पुलिस द्वारा युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज आगे की जांच की जा रही है।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी तरबगंज द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले की जांच की जा रही है।मृतक युवक के शव के पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ है जिसको पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकटवा गांव का रहने वाला संजय सोनी (36) वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुर्काडीहा बाबा कुटी पर सर्राफा की दुकान करता था।यहीं पर उसने अपना आवास भी बना रखा था।सोमवार की शाम को दुकान बंद करने के बाद वह अपने पैतृक गांव बनकटवा जाने के लिए घर से निकला था।सुबह 5 बजे उठकर अपने मोटरसाइकिल से तुर्काडीहा स्थित अपनी दुकान पर जा रहे थे।जहां रास्ते में जाते समय 5:30 बजे के करीब वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चमदईयां पुल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई।मंगलवार की सुबह राहगीरों ने पुल की रेलिंग पर सर्राफा कारोबारी का शव लटकता देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया।तत्काल इसकी जानकारी कारोबारी के परिजनों को दी।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलिंग से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चौथी घटना इटियाथोक थाना क्षेत्र में खेत में मिला शव

इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले एक 15 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हमला करके निर्मम तरीके से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।सुबह सात बजे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव घर से कुछ ही दूरी पर मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची इटियाथोक थाने की पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली गई। पुलिस को कुछ अहम सुराग लगे हैं।जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।दरअसल इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत खटिकनपुरवा दलपतपुर गांव के रहने वाले 15 वर्षीय मनीष यादव नाम के युवक की धारदार हथियार से शरीर पर कई जगह वार करके हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।दरअसल मृतक मनीष यादव देर रात गांव में ही आयोजित एक तिलक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां पर लोगों को खाना पीना खिला करके रात में 12 बजे अपने घर पर आया हुआ था।अपने घर से कुछ ही दूरी पर देर रात शौच के लिए गया हुआ था। जहां पर घर से कुछ दूरी पर स्थित बांस की कोठी के बगल कुछ लोगों द्वारा धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई है।मृतक युवक मनीष यादव के शरीर पर कई जगह धारदार हथियार के चोट के निशान हैं।फिलहाल इटियाथोक थाने की पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अमेठी-रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस आज फाइनल करेगी कैंडिडेट्स के नाम राहुल-प्रियंका को लेकर चर्चा तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। वायनाड सीट के लिए कल वोटिंग होने के बाद आज कांग्रेस उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट के लिए कैंडिडेट्स का फैसला कर सकती है।पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चुनाव वाले क्षेत्रों का फीडबैक लेने के लिए नई दिल्ली में अमेठी और रायबरेली की पार्टी की स्थानीय इकाई से मुलाकात कर सकता है। दोनों संसदीय सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है।पार्टी सूत्रों का कहना है, ''पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) लोकसभा चुनाव के लिए शेष सीटों पर चर्चा के लिए शनिवार शाम को बैठक करेगी।'' इस बीच, कांग्रेस अब तक 317 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 मई या 3 मई को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इन सीटों से अपना नामांकन भर सकते हैं। दोनों ही सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख 3 मई है। दोनों ही सीटों पर पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है।राहुल गांधी पहले से ही केरल की वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

वह एक अन्य सीट, विशेष रूप से अमेठी से नामांकन दाखिल कर सकते हैं। गौरतलब है कि अगर वह आगे बढ़ते हैं तो यह इस सीट से उनका तीसरा चुनाव होगा। राहुल का तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की स्मृति ईरानी से भी मुकाबला होगा।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए, अगर वह रायबरेली से नामांकन दाखिल करने के लिए आगे बढ़ती हैं, तो यह उनका पहला लोकसभा चुनाव होगा। ध्यान देने की बात ये है कि जब पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में स्मृति ईरानी ने अमेठी में राहुल गांधी को हराया था, तब तक अमेठी और रायबरेली दोनों कांग्रेस के गढ़ बने हुए थे।स्मृति ईरानी ने 2019 में राहुल गांधी को अमेठी में 55,120 वोटों के अंतर से हराया था। हालांकि, 2014 में कांग्रेस नेता ने इस सीट पर स्मृति ईरानी के खिलाफ 1,07,903 वोटों के अंतर से जीत का दावा किया था। रायबरेली में आगामी चुनाव की बात करें तो राजनीतिक विश्लेषकों का माननाहै कि रायबरेली में किसी भी कांग्रेस उम्मीदवार के लिए यह भी उतना ही चुनौतीपूर्ण मुकाबला होने वाला है।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मलेरिया दिवस के उपलक्ष में जागरूकता कार्यक्रम ग्लोबल साइंस क्लब के तत्वाधान में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर संपन्न किया गया। कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार द्वारा विश्व पशु चिकित्सा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विश्व पशु चिकित्सा दिवस के बारे में जानकारी दी गई।प्रश्नोत्तरी में विभिन्न विद्यालयों के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है।जिसमे आयुष,छवि और रिमझिम ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।मलेरिया जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान और ईशा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अप्रैल माह के अंतिम शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मना मनाया जाता है। आज का दिन पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा पेशे के योगदान को सम्मानित करने और पशु स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है।विश्व पशु चिकित्सा दिवस की शुरुआत 1863 में हुई थी।विश्व वेटरनरी एसोसिएशन द्वारा 2000 में पहली बार विश्व वर्ल्ड वेटरिनरी डे मनाया गया, उसके उपरांत यह दिवस हर साल मनाया जा रहा है। विश्व के पहले ज्ञात पशु चिकित्सा शालिहोत्र हैं।आप पशुपालन और चिकित्सा के विशेषज्ञ थे।उन्होंने हया नामक आयुर्वेद ग्रंथ की रचना की है। भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान इज्जत नगर बरेली में स्थित है।अधिकांश प्रतिभागियों ने अपना प्रिय पशु कुत्ता बताया तथा बताया कि उसकी तथा समाज की सुरक्षा के लिए उसका टीकाकरण कराएंगे।यामिनी मिश्रा ने बताया कि 25 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष विश्व मलेरिया दिवस मनाते हैं।2024 विश्व मलेरिया दिवस का विषय है।अधिक न्याय संगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना होगा। आज का दिन मलेरिया की रोकथाम और नियंत्रण के लिए निवेश और निरंतर राजनीतिक प्रतिबद्धता को उजागर करने का एक अवसर है। अगर घर के आसपास पानी इकट्ठा है।तो उस पर तेल डाल दें जिससे वहां मच्छर नहीं पनपे।बुखार आने पर डॉक्टर से परामर्श लें।मलेरिया रोगी को सूखे और गर्म स्थान पर आराम करने दें।मलेरिया से बचने के लिए सबसे पहले मच्छरों से कैसे बचा जाए यह सावधानी जरूरी है।जहां तक संभव हो पूरी वांह के कपड़ों का प्रयोग करना चाहिए,सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।मच्छर मारने की क्वायल के प्रयोग से बचें किंतु घर में पानी न इकट्ठा होने दे। शून्य मलेरिया के लिए हमें मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में नवाचार तथा निवेश को बढ़ाना बढ़ावा देना होगा।

डीएम ने गेहूं खरीद गोवंशों की व्यवस्था एवं निर्वाचन को लेकर दिशा निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

डीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ की बैठक

अमेठी,जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में जिलाधिकारी निशा अनंत ने समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों के साथ गेहूं खरीद, गौशाला में गोवंशों की व्यवस्था तथा लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद की स्थिति की समीक्षा किया जिसमें निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिये सभी राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि अब मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसनों के घर जाकर गेहूं खरीदने की व्यवस्था की गई है जिसके लिये आवश्यक है कि लगभग एक ट्रक लोडिंग तक गेहूं की उपलब्धता होने पर संबंधित नजदीकी क्रय केंद्र पर संपर्क कर किसान भाई घर बैठे अपना गेहूं बेच सकते हैं इसके लिए उन्हें कहीं जाने की आवश्यकता नहीं होगी उन्होंने सभी लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्र में किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिये प्रेरित करें जिससे उनको उचित मूल्य मिल सके और विभाग का लक्ष्य भी पूरा हो सके। इसके उपरांत उन्होंने गौशालाओं में गोवंशों की व्यवस्था पर चर्चा किया जिसमें उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में पर्याप्त छांव व पीने के लिए स्वच्छ व शीतल पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा तथा जो टीन शेड है उसके ऊपर परली आदि डलवाने के निर्देश दिये।वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है इसके दृष्टिगत गौशालाओं में भूसा दान करने हेतु किसानो को प्रेरित करने को कहा। इसके उपरांत उन्होंने निर्वाचन की समीक्षा किया जिसमें उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लें जहां पर बिजली, पानी, रैम्प, फर्नीचर, छांव आदि की व्यवस्था उपलब्ध न हो वहां मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्नीस मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी जो उसी दिन मतदान केंद्र पर पहुंच जायेंगी उनके ठहरने की व्यवस्था देख लें उन्हें ठहरने में कोई परेशानी ना हो, वेब कास्टिंग के लिए जनपद के पचास बूथों पर कैमरे लगाये जायेंगे उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले।

स्कूली बच्चों के साथ राहगीरों के लिये मुसीबत बनी निर्माणाधीन सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इन्हौना से सेमरौता मार्ग पर करीब सात किलोमीटर फैली गिट्टी से राहगीर हो रहे चोटहिल

पानी का छिड़काव और लोलर न चलाये जाने से सड़क पर उड़ रही धूल

तिलोई अमेठी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से चयनित इन्हौना से सेमरौता तक निर्माणाधीन सड़क राहगीरों के लिये जी का जंजाल बन गई है।सड़क का निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था की मनमानी का खामियाजा आम जनमानस के साथ ही स्कूली बच्चों को भी भुगतना पड़ रहा है लेकिन कोई भी अपनी जुबान खोलने का साहस नही जुटा पा रहा है।निर्माणाधीन सड़क पर फैली गिट्टी से अब तक दर्जनों राहगीर चोटहिल हो चुके हैं और सड़क पर वाहन गुजरते समय उड़ रही धूल से यात्रियों को मंजिल तय करना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। क्षेत्र के कस्बा इन्हौना से सेमरौता तक सड़क निर्माण के लिये शासन द्वारा करोड़ों रुपया जारी किया गया और इस सड़क का निर्माण गैर जनपद की एक नामचीन संस्था द्वारा कराया जा रहा है।कस्बा इन्हौना से सिंहपुर तक सड़क पर गिट्टी डाल दी गई है जिस पर लोलर तक नही चलाया जा रहा है और पानी का छिड़काव भी नही कराया जा रहा है जिससे इस मार्ग पर सफर करने वाले लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर मंजिल तय करनी पड़ती है। इन्हौना से सिंहपुर तक लगभग सात किलोमीटर की लम्बी दूरी में फैली गिट्टी राहगीरों को दुर्घटना का दावत दे रही है।यह मुख्य मार्ग होने के कारण इस पर दिन रात आवागमन बना रहता है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि इसी मार्ग से लगभग एक दर्जन प्राइवेट और परिषदीय विद्यालयों के बच्चे भी तालीम की चाहत में अपनी जान हथेली पर रखकर मंजिल तय करते हैं जिसमें अब तक कई स्कूली बच्चे और राहगीर चोटहिल भी हो चुके हैं लेकिन आम जनमानस की इस विकराल समस्या पर किसी की नजर नही पड़ रही है।इसी मार्ग पर विकास खण्ड के साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण मरीजों को अस्पताल तक जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन कार्य कच्छपगति से चल रहा है।क्षेत्रीय नागरिकों की मानें तो इन्हौना से सेमरौता मार्ग पर फैली गिट्टी राहगीरों को दुर्घटना का दावत दे रही है और उक्त समस्या पर महकमा मौन धारण किये हुये है।

नामांकन से पूर्व प्रभु श्रीराम लला का दर्शन करेंगी स्मृति ईरानी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । लोकसभा क्षेत्र अमेठी से भाजपा प्रत्याशी व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को प्रातः अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में दर्शन करेंगी।केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अयोध्या के बाद अमेठी जनपद के प्राचीनतम आठ अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा पाठ और दर्शन करेंगी। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी रविवार की सुबह अपने निज निवास मेदन मवई गौरीगंज से हलियापुर होते हुये अयोध्या धाम पहुंचेंगी जहां पर वह प्रभु श्रीराम लला के दर्शन करेंगी। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी रविवार को अयोध्या धाम में करीब एक घण्टे तक रहेंगी और वहां से लौटते समय राम जानकी मंदिर गडरिया डीह जगदीशपुर में पूजा पाठ करेंगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद भाजपा प्रत्याशी बाबा बनवारीदास कुटी पाकरगांव तिलोई और लंगुरिया दास बाबा की कुटी अमरीती चौराहा छतोह के बाद सनातनी आश्रम बसंतपुर जामों से मौनी बाबा सगरा आश्रम बाबूगंज से लोदी बाबा मंदिर गौरीगंज में दर्शन और पूजन करेंगी। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी लोदी बाबा मंदिर से गायत्री मंदिर अमेठी से फाकड़ बाबा कालिकन धाम के सामने संग्रामपुर में दर्शन पूजन के बाद अपने निज निवास मेदन मवई गौरीगंज में रात्रि विश्राम करेंगी।

संवेदनशील मतदान केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शनिवार को डीएम व एसपी ने विकास खण्ड शाहगढ़ अंतर्गत माडल प्राइमरी स्कूल सेवई तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगढ़ का निरीक्षण कर वहां पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, फर्नीचर, शेड आदि मूलभूत व्यवस्थाओं को देखा तथा मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नामांकन में एमपी के मुख्यमंत्री शामिल होंगे

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा क्षेत्र अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी सोमवार को नामांकन करेंगी। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल होगे। अमेठी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को एयरपोर्ट फुरसतगंज से भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे वहां से भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में रोड शो करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के नामांकन में शामिल होंगे और इसके बाद वह कलेक्ट्रेट गौरीगंज से एयरपोर्ट फुरसतगंज निकल जायेंगे।

स्वीप के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा स्वीप के अंतर्गत जनपद अमेठी में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज दिनांक-27.04.2024 को विकास खंड-मुसाफिरखाना, भादर, भेटुआ, बहादुरपुर एवं संग्रामपुर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के रैली निकालते हुये चुनावी स्लोगन एवं बैनर/तख्ती के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने हेतु आमजन मानस को जागरूक किया गया तथा क्षेत्रीय निवासियों से चुनावी उत्सव में हिस्सा बनने हेतु अपील की गयी।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने शनिबार को नेशनल हाइवे पर स्थित निर्माणधीन मेडिकल कालेज भवन का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान लेक्चर हॉल,एनाटॉमी,हिस्टोलॉजी लैब,प्ले ग्राउन्ड व ओपेन हॉल एवं शीतग्रह का जायजा लिया है।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी आलोक कुमार शर्मा सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कारागार का किया गया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने जिला कारागार का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में स्थित अस्पताल,बैरक नम्बर 03,07,08,09 एवं 12 का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया तथा जो बंदी पढाई में रूचि रखते हैं।उनको पढाई हेतु व्यवस्था उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार कैदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।तथा बीमार बंदियों की स्वास्थ के प्रति लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व डिप्टी जेलर,सहित अन्य उपस्थित रहे।

अलबेली-द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 'के लीफलेट का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। शनिवार को जेसीआई पीलीभीत पल्स द्वारा अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 के लीफलेट का विमोचन शहर में स्थित एक होटल में किया गया। अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल, प्रदर्शनी निदेशक जेसी रीना अग्रवाल व जेसी निधि अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्षा जेसी भावना कौशिक,पूर्व अध्यक्षा जेसी करिश्मा सैहमी,जेसी नेहा अरोड़ा व जेसी रोशनी बग्गा, सचिव जेसी आदिति सक्सेना ने संयुक्त रुप से अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 के लीफलेट का विमोचन किया।अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल ने बताया कि जेसीआई पीलीभीत पल्स गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 का आयोजन दिनांक 5 मई, 2024 रविवार को आकेजन बैंकेट हॉल पीलीभीत में दोपहर 12:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक किया जायेगा। इस वर्ष प्रदर्शनी में ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ड्रॉइंग प्रतियोगिता दो वर्गो में सम्पन्न कराई जायेगी, जिसके प्रथम वर्ग सबजूनियर कक्षा 1 व कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए होगा और द्वितीय वर्ग जूनियर में कक्षा 3 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। मेंहदी प्रतियोगिता तीन वर्गो में सम्पन्न कराई जायेगी।जिसके प्रथम सबजूनियर में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चे प्रतिभाग करेंगे, द्वितीय वर्ग जूनियर में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकते है व तृतीय वर्ग सीनियर में कक्षा 12 से अधिक के प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकते है।अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल ने यह भी बताया कि अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 में एक किड्स जोन भी बनाया जा रहा है जिसमें बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाये जायेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि एक छत के नीचे डिजाइनर्स व आकर्षक कपड़े, विभिन्न प्रकार की एंटीक ज्वैलरी, बच्चों के कपड़े, मनोरंजन की सामग्री, हैण्डमेड चॉकलेट व बिस्कुट, कढ़ाई और कशीदाकारी के हैण्डमेड कालीन, मेज पोश व विभिन्न वस्तुएं, हैण्डलूम स्टॉल और खाने-पीने के विभिन्न वस्तुओं के आकर्षक स्टॉल्स आदि लगाये जायेंगे। जिसमें जनपद पीलीभीत की हर आयु वर्ग की महिलाऐं व बच्चें अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर प्रदर्शनी का लुत्फ उठा सकते है।अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल ने कहा कि अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 लगाये जाने के पीछे मुख्य उद्देश्य लघु स्तर पर व्यापार कर रहे उद्यमियों को मेक इन इंडिया पहल के अर्न्तगत एक मंच प्रदान करना है जिससे की वह अपनी कला को अधिक से अधिक लोगो तक पहुँचा सके।कार्यक्रम के अन्त में संस्था की सचिव जेसी आदिति सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया व 5 मई को होने वाली अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 को सफल बनाने की अपील की है।कार्यक्रम में जेसी कनिका अग्रवाल,जेसी मोनिषा बग्गा,जेसी रितिका अग्रवाल,जेसी अनुश्री भारद्वाज, जेसी चारु गुप्ता, जेसी कनक शंखधार,जेसी सुरभि गुप्ता,जेसी बारबी अग्रवाल,जेसी चारु कंचन आदि सदस्य मौजूद रहें।

ऑनलाइन फीस सत्यापन व लॉक किये जाने के लिए खोला गया दशमोत्तर छात्रवृत्ति पोर्टल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर फीस लॉक किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थान/समस्त प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, प्राचार्य एवं संस्थान में छात्रवृत्ति का कार्य देख रहे नोडल अधिकारी वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर फीस लॉक किये जाने हेतु पोर्टल खोला जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सत्यापन हेतु समय सारिणी के अनुसार 30 अप्रैल से 03 मई 2024 तक विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा फीस आदि का सत्यापन प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित के नोडल अधिकारी द्वारा फीस को अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित किया जायेगा तथा 04 मई से 07 मई 2024 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी के नोडल अधिकारी द्वारा भरी गयी फीस को अथवा स्वयं फीस अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित करके लॉक किया जायेगा।

व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर का आज निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 व्यय प्रेक्षक श्री संजय कुमार द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के साथ निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मा0 व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम के माध्यम से एफएसपी/एसएसटी टीमों के लोकेशन को देखा गया। सी विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों व उनके निस्तारण की जानकारी ली गई। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मा0 व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम में फाइलों के रखरखाव को देखा तथा कंट्रोल रूम में व्यवस्थाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र सिंह ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे ।

एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना हो रहा साकार : मेनका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर।पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने कादीपुर विधायक राजेश गौतम की मौजूदगी में चुनावी कैंपेन के 23 वें दिन चिलचिलाती धूप और लूह के थपेड़ों के बीच कादीपुर वि.स.में तूफानी दौरा कर डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।उन्होंने कहा पीएम मोदी के विकास, सुशासन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बल पर एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है।आज अंतिम पायदान का गरीब व्यक्ति सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में होने के कारण मजबूत और खुशहाल हुआ है।श्रीमती गांधी ने कहा मैं पद पर मौज करने नहीं आई।मैं लोगों की मुसीबतों के समाधान के लिए ज्यादा से ज्यादा मेहनत और प्रयास करती हूं।इतना ही कहूंगी मैं इन 5 सालों में सबकी मदद की है।सांसद क्षेत्र का सेवक और रखवाला होता है।उसी रूप में मैंने काम किया है।उन्होंने कहा मैं आपकी आशाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करती रही और ऊतरूंगी। उन्होंने बताया की एक औरत मेरे पास आई और बताया कि मेरी पेंशन रुक गई है।मैंने जब जिम्मेदारों से बात की तो पता चला कि उसका मृतक दिखाया गया है।मैंने फोन कर तत्काल उसकी पेंशन को बहाल करवाया।मैं रोज के रोज इस तरह के काम करती रहती हूं।सांसद श्रीमती गांधी ने शनिवार को भी निषाद बस्तियों में मछुआरों को छुड़वाने की चर्चा की।उन्होंने कहा इतना ही नहीं मैंने सुल्तानपुर के मछुआरों के बताने पर उनकी वोट और लाइसेंस भी वहां के उच्च अधिकारियों से बात कर बहाल कराया है।शनिवार को जब पाकड़पुर में सांसद श्रीमती गांधी संबोधित कर रही थी।तभी विधायक राजेश गौतम के फोन पर उनके माता के निधन की सूचना आई।और वह फौरन लखनऊ के लिए रवाना हो गए।इस दौरान सांसद श्रीमती गांधी भी हतप्रभ रह गयी।सभा में 2 मिनट का मौन रखकर विधायक की माता के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।सांसद का काफिला जब पाकड़पुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करने जा रहा था।और जब 100 करोड़ रुपए से बन रहे नवोदय विद्यालय से गुजरा तो वहां पर लग रही पीली ईटों व गुणवत्ता विहीन कार्य को देखकर सांसद का काफिला रुक गया।सांसद ने गुणवत्ता विहीन कार्य पर नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित विभाग के जिम्मेदारों से वार्ता कर मानक के अनुसार काम करने की हिदायत? दी।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि शनिवार को श्रीमती गांधी ने कादीपुर विधानसभा के सराय कल्याण,पाकड़पुर, बहाउद्दीनपुर, पहाड़पुर कलां, सकरदे,कटघर पूरे चौहान, बांगरखुर्द, अमनाईकपुर,गजेन्द्रपुर,दसगरपारा,रामपुर दुबायल, उधरनपुर, काशीपुर, कमरपुर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।नुक्कड़ सभाओं में विधायक राजेश गौतम,वि.स. संयोजक आनन्द द्विवेदी,सह संयोजक राजेश सिंह,पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी,मंडल अध्यक्ष विक्की वर्मा,भूपेंद्र पाठक,श्रवण मिश्रा, सर्वेश मिश्रा,शिव नारायण वर्मा, सुनील सोनी,दिनेश सिंह सुनील सिंह बीडीसी, विवेकानंद उपाध्याय, अतुल सिंह,नन्हे हरिजन,राम सजीवन निषाद,अतुल मिश्रा सुभाष गुप्ता, वीरेंद्र गौतम, शैलेन्द्र प्रताप सिंह,राम मिलन यादव मंडल मंत्री,रीतेश दूबे, मंगला प्रसाद तिवारी प्रधान,कमलेश निषाद, परविन्द पाल, महेंद्र मिश्रा, लालचंद वर्मा, संजय मिश्रा, मनोज तिवारी प्रधान,जगदम्बा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

आपकी आशाओं और आकांक्षाओं पर उतरूंगी खरा : मेनका

सांसद ने नवोदय विद्यालय के गुणवत्ताविहीन कार्यों पर प्रकट की नाराजगी

सांसद ने विधायक राजेश गौतम की मां के निधन पर प्रकट की शोक संवेदना

सांसद मेनका ने कादीपुर में डेढ़ दर्जन सभाओं को किया संबोधित

रेल रोकने का औचित्य

पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसानों के आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को बिना किसी अपराध के सजा भुगतनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर रेलवे को भी भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से रोज 40 से 50 ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। यात्रियों को ज्यादा समय व पैसा लगाकर अपने गंतव्य स्थानों तक जाना पड़ रहा है। रेलवे के पार्सल बुकिंग केंद्र में भी पचास फीसदी की कमी आने की बात बतायी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया ही जाना चाहिए। वे लंबे समय से आंदोलनरत रहे हैं। ऐसे में सत्ताधीशों का भी नैतिक दायित्व बनता था कि वे किसानों से बातचीत की टेबल पर बैठकर बात करते। जिससे सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देशकाल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिये टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है। फिर एक दिन यात्रा से ठीक पहले पता चलता है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है। आंदोलनकारियों को सोचना चाहिए कि उस ट्रेन से कोई मरीज कहीं दूर उपचार हेतु जा रहा होगा। कहीं कोई बेरोजगार नौकरी के लिये साक्षात्कार देने जा रहा होगा। हो सकता है कि सही समय पर न पहुंच पाने के कारण कई छात्र परीक्षा या नौकरी पाने से वंचित हो गए होंगे। समय-समय पर देश की शीर्ष अदालत के मार्गदर्शक फैसले आते रहे हैं कि हमें किसी आंदोलन के नाम पर नागरिक जीवन को बंधक नहीं बनाना चाहिए। यदि आंदोलनकारियों के अधिकार हैं तो आम नागरिकों के भी अपने अधिकार हैं। एक पुरानी कहावत है कि जहां से दूसरे व्यक्ति की नाक शुरू होती है, वहां पर पहले व्यक्ति की आजादी खत्म हो जाती है। यानी हमारी किसी भी तरह की आजादी का मतलब किसी की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। वैसे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर भी हमें सोचना चाहिए कि यातायात के साधनों, वह चाहे बस हो या ट्रेन, के परिचालन में बाधा डालना एक अपराध जैसा है। ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है। हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है। निश्चित रूप से इसमें हमारे देश के नीति-नियंताओं को भी सोचना चाहिए कि आखिर क्यों किसानों को अपनी मांगें मनवाने के लिये रेल रोकने जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं। कहीं न कहीं हमारे सत्ताधीशों के व्यवहार में व्याप्त दंभ और किसानों की मांगों के प्रति संवेदनशीलता का अभाव भी इस तरह के आंदोलनों के लिये ईंधन का काम करता है। ऐसे हालात में किसानों को अभी अपने आंदोलनों के तौर-तरीकों को बदलना पड़ेगा। उन्हें हक है कि वे अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करें। लेकिन उन्हें यह हक कदापि नहीं दिया जा सकता है कि वे देश के रेल तंत्र को ठप कर दें। यह देश की लोकतांत्रिक सहिष्णुता का अपमान करने जैसा भी है। अब समय आ गया है कि सभी लोग सुनिश्चित करें कि किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन से देश के सड़क व रेल परिवहन में कोई बाधा न उत्पन्न हो। हमें अपने निहित स्वार्थों की अनदेखी करके राष्ट्रीय हितों व सरोकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि, गरीबी में कमी

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है।

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज़ विकास और नई ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है। भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है। दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल 7 फीसदी हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश-से-जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है। पिछले दशक में व्यापार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक रहा है, जो 1990 में 15 प्रतिशत से भी कम था। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के अनुसार गरीबी को परिभाषित करता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन ऋ2.15 पर अत्यधिक गरीबी, ऋ3.65 पर निम्न-मध्यम आय और ऋ6.85 पर उच्च-मध्यम आय निर्धारित करता है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, 2011 में भारत की गरीबी दर 22.53 प्रतिशत थी और भयानक महामारी के बाद भी यह काफी कम होकर 2021 में 11.9 प्रतिशत हो गई है। मानव विकास सूचकांक उन्नति के तुलनीय रुझान को दर्शाते हैं। पिछले दशक के दौरान फ्लशिंग शौचालय और खाना पकाने की गैस, शिशु मृत्यु दर और घरेलू बिजली तक पहुँच में काफी सुधार हुआ है। एक दशक पहले 40 फीसदी घरों में बिजली नहीं थी, आज, यह आंकड़ा 3 प्रतिशत से भी कम हो गया है। भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है। 2021 में, 45 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 29.20 बिलियन डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ। भारत वर्तमान में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है। सरकार अक्षय ऊर्जा पर भी काम कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से अपनी ऊर्जा का 40% उत्पन्न करना है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2023 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (ऋऋऋ) ने लगभग 117,254 स्टार्टअप को मान्यता दी थी, जिसमें अनुमानित 111 यूनिकॉर्न शामिल थे। इन स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 1.24 मिलियन रोजगार सृजित किए हैं, जिसका काफी आर्थिक प्रभाव पड़ा है। ईपीएफओ एक सामाजिक सुरक्षा संस्था है जो कर्मचारी भविष्य निधि और विविध नियम अधिनियम, 1952 के नियमों के तहत देश के संगठित कार्यबल को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा निधि के रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। सितंबर 2023 में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत औपचारिक नौकरी सृजन इस साल अगस्त में 1.69 मिलियन से बढ़कर 1.72 मिलियन हो गया। सितंबर में 0.89 मिलियन से अधिक नए ईपीएफओ सदस्य नामांकित हुए, जिनमें से 58.9 प्रतिशत 18 से 25 वर्ष की आयु के थे। यह दर्शाता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जिनमें से कई पहली बार कर्मचारी हैं। सोमवार, 12 फरवरी, 2024, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में पिछले प्रशासन की तुलना में 1.5 गुना अधिक रोजगार सृजित किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुँचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। पिछले कुछ दशकों में, भारत की जबरदस्त आर्थिक वृद्धि के परिणामस्वरूप निर्यात मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सरकार की कई प्रमुख परियोजनाएँ, जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन, भारत में अपार अवसर पैदा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस लिहाज से, देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार के कुछ उपाय नीचे सूचीबद्ध हैं: 22 जनवरी, 2024 को, प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की शुरुआत की। इस योजना से एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएँगे। 17 सितंबर, 2023 को, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय क्षेत्र की योजना पीएम-विश्वकर्मा की शुरुआत की। नई योजना का उद्देश्य पारंपरिक कलाकारों और शिल्पकारों को पहचान दिलाना और प्रोत्साहित करना है जो अपने हाथों और सरल औजारों का उपयोग करते हैं। इस प्रयास का उद्देश्य उनके उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करना है, साथ ही उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल करना है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारत की आर्थिक कहानी ने पूंजी निवेश के लिए सरकार के अटूट समर्थन को दिखाया, जो 2023-24 में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 37.4 प्रतिशत अधिक था। 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय ने बढ़त हासिल की, जिसमें बजट अनुमान 2023-24 में 37.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये (120.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया, जो संशोधित अनुमान 2022-23 में 7.28 लाख करोड़ रुपये (87.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है। चालू वित्त वर्ष में, राजस्व व्यय से पूंजीगत परिव्यय अनुपात में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उच्च-गुणवत्ता वाले व्यय की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है। भारत के पास एक जबरदस्त आर्थिक अवसर है अगर वह ऐसा माहौल बना सके जो उन लाखों युवा भारतीयों के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और नौकरी के विकास को प्रोत्साहित करे जो श्रम क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। अगले दो दशकों में, भारत की कामकाजी आयु की आबादी लगभग 200 मिलियन बढ़कर एक अरब से अधिक हो जाने की उम्मीद है, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी बन जाएगी। मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति में नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी देने वालों, कुशल युवाओं और स्नातक स्तर पर शोध और अभिनव दृष्टिकोण विकसित करने को प्राथमिकता दी गई है। इस तरह की कार्रवाइयों से बेरोजगारी दर में और कमी आएगी। भारत ने नवाचार और प्रौद्योगिकी में कुछ लोगों की अपेक्षा कहीं अधिक प्रगति की है। हां, जनसांख्यिकी देश को लाभ पहुंचाती है, लेकिन वे सकल घरेलू उत्पाद के अनन्य जनरेटर नहीं होंगे। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए नवाचार और श्रमिक उत्पादकता बढ़ाना महत्वपूर्ण होगा। तकनीकी शब्दों में, इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था में श्रम और पूंजी की प्रति इकाई अधिक उत्पादन। 2021 और 2022 में दो वर्षों के उच्च आर्थिक विकास के बाद, भारतीय अर्थव्यवस्था कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान मजबूती से बढ़ती रही है। निकट अवधि की आर्थिक उम्मीद 2024 में निरंतर तेजी से विस्तार की है, जिसे घरेलू मांग में उच्च वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। पिछले चार वर्षों में, सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश चीन के मुकाबले तीन गुना रहा है। पंद्रह साल पहले, चीन में निवेश अक्सर भारत की तुलना में चार गुना अधिक था। अंतरराष्ट्रीय ज्ञान रखने वाले प्रवासी अक्सर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की ओर आकर्षित होते हैं। पिछले दशक में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दीर्घकालिक विकास पूर्वानुमान को दर्शाता है, जिसे युवा जनसंख्या संरचना और तेजी से बढ़ते शहरी पारिवारिक आय से सहायता मिली है। यूएस डॉलर के संदर्भ में भारत का नाममात्र जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन यूएस डॉलर होने का अनुमान है। इस तीव्र आर्थिक विस्तार के कारण 2030 तक भारतीय जीडीपी जापानी जीडीपी से अधिक हो जाएगी, जिससे भारत एशिया-प्रशांत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना 2024 अध्ययन के अनुसार, भारत की स्थिर वृद्धि के कारण 2024 में दक्षिण एशिया की जीडीपी में 5.2% की वृद्धि होने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बैंक के मुख्य अर्ध-वार्षिक मूल्यांकन आयडीयू ने नोट किया है कि, गंभीर वैश्विक चिंताओं के बावजूद, भारत वित्त वर्ष 22/23 में 7.2 प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। भारत की विकास दर जी 20 देशों में दूसरी सबसे अधिक थी, जो विकासशील बाजार अर्थव्यवस्थाओं के औसत से लगभग दोगुनी थी। इस लचीलेपन को मजबूत घरेलू मांग, महत्वपूर्ण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश और बढ़ते वित्तीय उद्योग का समर्थन प्राप्त था। वित्त वर्ष 23/24 की पहली तिमाही में बैंक ऋण वृद्धि बढ़कर 15.8 प्रतिशत हो गई, जो वित्त वर्ष 22/23 में 13.3 प्रतिशत थी। संघीय सरकार वाले इतने बड़े, विविधतापूर्ण देश में नीति निर्माण की चुनौतियों को देखते हुए पीएम मोदी ने कई मौकों पर कठोर परिस्थितियों और गैर-समर्थक विपक्ष के बावजूद समय पर निर्णय और नीतियों को लागू करके 1.4 बिलियन लोगों के विकास के लिए अपने समर्पण का उत्तरदायित्व निभाया है।

कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा

मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं । प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, ञ्कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन -जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि, ञ्सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगाएं कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।ञ् इस बयान ने प्रधानमंत्री मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रामक हो गए। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, ञ्कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक- एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का बयान आता है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर पाकिस्तान की छाप है।

सेहत मंत्र

कई बीमारियों को दूर करता है अजवाइन

किचन में खाना बनाते समय हम कई तरह के मसालों का इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं में से एक है अजवाइन। बहुत सी सब्जियों में तड़का लगाने के लिए अजवाइन का इस्तेमाल होता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटीहाइपरटेन्सिव, एंटीमाइक्रोबियल, हाइपोलिपिडेमिक और कई अन्य गुण पाए जाते हैं। अजवाइन का मुख्य घटक थाइमोल है, जो गैस संबंधी समस्याओं को दूर करता है। इसके अलावा पेट में दर्द, जलन व अपच आदि कई समस्याओं को दूर करने के लिए भी अजवाइन की मदद ली जा सकती है। एसिडिटी व अपच की समस्या को दूर करने में अजवाइन किसी जादू की तरह काम करता है। इसके सेवन के लिए एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच जीरा, एक चम्मच अजवाइन और आधा चम्मच अदरक पाउडर मिलाकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो सामान्य पानी में यह तीन चीजें डालकर उबालें और हल्का ठंडा होने पर इसे छानकर पीएं। इसके अलावा हैवी मील के बाद आधा चम्मच अजवाइन पानी के साथ लेने पर पाचन में मदद मिलती है। कान में दर्द को दूर करने के लिए आप अजवाइन के तेल को कान में डालें। आप चाहें तो सरसों के तेल में अजवायन डालकर उसे गर्म करें और फिर उस तेल को गुनगुना अपने कान में डालें। इसी तरह, दांत में दर्द होने पर एक गिलास गुनगुने पानी में चुटकी भर नमक और एक चम्मच अजवाइन डालकर इस पानी से गरारे करें। बालों के असमय झड़ने या सफ़ेद होने से रोकने के लिए भी आप अजवाइन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए एक कप पानी में कुछ करीपत्ते, किशमिश, एक चम्मच चीनी और एक चम्मच अजवाइन डालकर उसे पांच से सात मिनट तक उबालें। इसके बाद पानी को छान लें और गुनगुना इसका सेवन करें। एक महीने तक प्रतिदिन इस पानी का सेवन करें। धीरे-धीरे बालों का सफ़ेद होना कम हो जाएगा। इसके बाद आप सप्ताह में दो या तीन बार इस पानी का सेवन करें। अगर आप गठिया के दर्द से राहत पाना चाहते हैं तो ऐसे में अजवाइन का इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है। इसके लिए अजवाइन को क्रश करके उसमें थोड़ा पानी मिलाएं। अब इसे दर्द वाले स्थान पर लगाएं और कम से कम 20 मिनट के लिए छोड़ दें।

धर्म मंत्र

कलावा बदलने के सिर्फ दो दिन शुभ हैं

हिंदू धर्म में हाथ पर मौली बांधने का काफी महत्व है। हर पूजा पाठ या किसी भी शुभ काम से पहले हाथ पर मौली बांधी जाती है, जिसे कलावा या रक्ष सूत्र भी कहते हैं। अक्सर हम हाथ पर बंधे कलावा को बदलने से पहले दिन नहीं देखते। हाथ पर बंधा कलावा अगर काफी पुराना हो जाता है तो उसे कभी भी बदल कर नया बांध लेते हैं, लेकिन इसे अशुभ माना जाता है। किसी भी धार्मिक कर्म कांड शुरू होने से पहले कलावा बांधा जाता है। वैसे मांगलिक कार्यक्रमों पर भी इसे बांधा जाता है। माना जाता है कि ये कलावा ही संकटों के समय हमारा रक्षा कवच बनता है, लेकिन इस कलावा को कभी भी नहीं बदलना चाहिए। सिर्फ मंगलवार और शनिवार कलावा बदलने का शुभ दिन होता है। इसे बांधने से सकारात्मक ऊर्जा भी मिलती है। हमेशा ही ये दुविधा बनी रहती है कि पुरुष और औरतों के किस हाथ में कलावा बांधना चाहिए। पुरुषों और अविवाहित कन्याओं के दाएं हाथ पर और विवाहित स्?त्री के बाएं हाथ पर कलावा बांधना चाहिए। कलावा बांधते समय याद रखें कि आपकी मुट्ठी बंधी होनी चाहिए। कलावा को सिर्फ तीन बार ही लपेटना चाहिए। वैसे कलावा भी दो तरह के होते हैं। तीन धागों वाला और पांच धागों वाला। तीन धागों वाले कलावा में लाल, पीला और हरा रंग होता है। वहीं पांच धागे वाले कलावे में लाल, पीरा व हरे रंगे के अलावा सफ़ेद और नीले रंग का भी धागा होता है। पांच धागे वाले कलावा को पंचदेव कलावा भी कहते हैं। वैज्ञानिक तौर पर इसकी अहमियत देखी जाए तो कलावा डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और हार्टअटैक जैसे रोगों से बचाने में मदद करता है।

पर्यटन

उदयपुर : राजस्थान की प्राचीन लोक परंपराएं आज भी लुभाती हैं देश-विदेश के पर्यटकों को

राजाओं की धरती राजस्थान देश के पश्चिमोत्तर में स्थित भारत गणराज्य का सबसे बड़ा राज्य है। दूर तक फैला रेगिस्तान, विशाल दुर्ग, कई पौराणिक मंदिर, रंग बिरंगे परिधान, ऊंट की राजसी सवारी, प्राचीन लोक परंपराएं और समृद्ध हस्तशिल्प इस राज्य की पहचान है। राजस्थान का कण-कण अपने अंदर एक विशाल और गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। ऐतिहासिक रूप से राजस्थान मेवाड़, भरतपुर, कोटा, जयपुर, बूंदी, मारवाड़, अलवर आदि रियासतों में बटा हुआ है। अरावली की अभेद्य एवं मनमोहक पर्वत श्रृंखलाओं के बिच राजस्थान का मेवाड़ राज्य स्थित है। अभूतपूर्व शौर्य, त्याग, राजपूती प्रतिष्ठा के परिचायक मेवाड़ की वीर प्रसूता भूमि ने रावल बप्पा, राणा कुम्भा, राणा सांगा, राणा प्रताप जैसे वीरो को जन्म दिया। वही यह रानी कर्णावती, रानी पद्मिनी एवं पन्ना धाय जैसी वीरांगनाओं की भी भूमि रहा है। मेवाड़ पर मुख्यतः गहलोत राजवंश का शासन रहा। चित्तौड़ कई वर्षों तक मेवाड़ की राजधानी रहा। लगातार मुगलों के आक्रमणों के चलते सुरक्षित स्थान पर राजधानी स्थानांतरित किए जाने की योजना के तहत राणा उदय सिंह ने 1559 ई। में उदयपुर नगर की स्थापना की और इसे मेवाड़ की नै राजधानी बनाया। झीलों के शहर उदयपुर को 'एशिया का वेनिस' भी कहा जाता है। स्थापत्य और वास्तुकला के यूं तो राजस्थान में कई उत्कृष्ट नमूने है लेकिन उदयपुर के सिटी पैलेस की बात ही निराली है। महाराणा उदय सिंह ने पिछोला लेक के किनारे इस महल को बनवाया था। यह महल 23 पीढ़ियों से राजपरिवार का निवास स्थान भी है। सिटी पैलेस का कुछ हिस्सा पब्लिक के लिए खुला हुआ है, कुछ हिस्से में होटल है और कुछ हिस्सा महाराजा का निवास स्थान है। सिटी पैलेस मार्बल का बना हुआ है यह एक बड़ी-सी शिप के आकर का है। जो भाग पब्लिक के लिए खुला हुआ है उसके दो हिस्से हैं। मर्दाना महल और ज़नाना महल।

श्री राम स्वरूप मेमोरियल में द्वितीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शनिवार को मिनी आडिटोरियम, एडमिन ब्लाक में इन्स्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में द्वितीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन चांसलर इजी पंकज अग्रवाल, प्रो चांसलर इजी पूजा अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो0 डी0 के0 शर्मा तथा डायरेक्टर डॉ रोहित पी साबरन की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। देशभर की 50 से अधिक टीमों के प्रतिभाग करने को मुख्य अतिथि ने एक सकारात्मक उत्थान का प्रदर्शन करार दिया तथा, वाइस चांसलर ने डॉ रोहित और उनकी टीम को लगातार सफल आयोजनों के लिए उनकी विधिक रचनात्मकता की प्रशंसा की। उपरोक्त आयोजन में 100 से अधिक गणमान्य अधिवक्ता एवं विधि प्रवक्ता जज के रूप में प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया, फाइनल राउंड में जज के रूप में डॉ अभिराम चक्रवर्ती(इन्डिया इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी आफ लीगल एजूकेशन एंड रिसर्च गोवा), डॉ अभिषेक तिवारी, विधि विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ श्रुति शर्मा, डॉ पी सी मिश्रा, एवं डायरेक्टर डॉ रोहित पी साबरन रहे। वहीं सेमिफाइनल में डॉ शहर तारिक, तथा डॉ सुशील कुमार सिंह, तीर्थांकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद जैसे जजों ने मूल्यांकन किया, उपरोक्त राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की विजेता टीम स्कूल आफ़ एक्सीलेंस, डॉ भीमराव अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी, चेन्नई तमिलनाडु तथा उप विजेता टीम स्यम्बोसिस ला कालेज, नागपुर रहीं। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 23 अप्रैल से संचालित हुआ था तथा इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अभिनव मिश्र, सहायक प्रवक्ता (फैकल्टी कोआडिनेटर, मूट कोर्ट कमेटी) एवं उनकी टीम का धन्यवाद डायरेक्टर डॉ. रोहित पी साबरन ने व्यक्त किया। उन्होंने आगे भी छात्र हित में लगातार ऐसे कार्यक्रमो की योजना एवं सफलता के लिए अपनी और अपने विभाग की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया, कार्यक्रम का कुशल संचालन तान्या तथा कार्यक्रम के प्रबंधन में मूट कोर्ट कमेटी से महर्षि शुक्ला,अभिषेक कुमार सिंह, अर्चिता, लक्ष्मण सिंह, अदिति आदि का विशेष योगदान रहा, वहीं सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित जन समूह को वोट आप थैंक्स एस ए ऋषिकेश द्वारा व्यक्त किया गया, जिसमें मीडिया विभाग एवं पत्रकारों का विशेष आभार प्रकट किया गया।

विदाई के दौरान नशे में धुत वर और वधु पक्ष में मारपीट,9 लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।तीन माह पूर्व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह मे हुई शादी के बाद शुक्रवार को विदाई के लिए पहुंचे वर एव वधू पक्ष के बीच हुई मारपीट मे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद मे दोनो पक्षों के बीच हुए समझौते के बाद लड़की विदाई हो गयी है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम अमदहा निवासी विशेषर की पुत्री पुष्पा का विवाह गत 30 जनवरी को राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी मे आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम डोभा निवासी चन्द्रभान के पुत्र अभिषेक के साथ हुआ था। 26 अप्रैल को वधू की विदाई तय हुई थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार की देर शाम वर पक्ष के करीब 3 दर्जन लोग विदाई कराने पहुंचे थे। वर एवं वधू दोनो पक्ष के लोग नशे मे धुत थे और किसी बात को लेकर दोनो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। बीच बचाव कराने के बाद भी विवाद बढ़ते देख ग्रामीणों द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए मारपीट में घायल वधू के भाई विकास पुत्र विशेषर, मोहल्ले के मोहित पुत्र ओमकार और वर पक्ष से रामेश्वर पुत्र हीरालाल निवासी बसौदनपुर, सूरजलाल पुत्र रामशंकर, राम चन्द्र पुत्र रामशंकर,विनीत पुत्र चन्द्रभान, दीपक पुत्र सूरज लाल, रामराज पुत्र रामशंकर निवासीगण डोभा एवं भवानीपुर अनौरा कला निवासी करन पुत्र गुरुचरन को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया। जिनमे सभी के गहरी चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि दोनो पक्ष शराब के नशे में थे विदाई मे ज्यादा लोगो के पहुंचने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों ने सुलह-समझौता कर लिया है तथा दोनो पक्ष किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही चाहते है।

वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

मीरजापुर। इमंडगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरौंधा चौकी क्षेत्र के नैड़ी कठारी स्थित ओवरब्रिज पर शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के बदरूवा गांव निवासी सूरज आदिवासी (26) और अजय (27) शनिवार की सुबह संतनगर से बारात से वापस घर जा रहे थे। नैड़ी कठारी ओवरब्रिज के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घटनास्थल पर ही सूरज की मौत हो गई और अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची बरौंधा चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम लिए भेजा और गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई।

लिफ्ट देने के बहाने ग्राम प्रधान/भाजपा नेता ने किया युवती से दुराचार, नही हुई गिरफ्तारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।दलित युवती को लिफ्ट देने के बहाने सुनसान में ले जाकर भाजपा नेता व ग्राम प्रधान ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म कर डाला। घटना के बाद थाने पहुंची पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। काफी टाल मटोल के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जबरन दुष्कर्म और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा तो दर्ज कर लिया है, लेकिन सत्ता पक्ष से जुड़े होने के चलते अभी तक आरोपी प्रधान को गिरफ्तार नही कर सकी है।बड्डूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित युवती ने पुलिस को दिए पत्र में बताया, कि वह लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करती है। शाम को अपने घर जाने के लिए निगोहां चौराहे पर खड़ी सवारी का इंतेज़ार कर रही थी। इसी दौरान बाइक से आये पड़ोस की ग्रामपंचायत मौजमपुर के ग्राम प्रधान रामप्रताप वर्मा ने घर छोड़ देने की बात कह उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया। घर से थोड़ी दूर पहले ही उसे लघुशंका लगीं तो बाइक रुकवा कर वहीं पास स्थित झाड़ियों में चली गई। आरोप है कि इस दौरान ग्राम प्रधान ने अचानक पीछे से आकर उसे दबोच लिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।घटना के बाद युवती ने बड्डूपुर थाने पहुंच कर आरोपी भाजपा नेता व ग्राम प्रधान के खिलाफ नामजद तहरीर दी। काफी टाल मटोल के बाद पुलिस ने आरोपी के ख़िलाफ़ केस तो दर्ज किया लेकिन आरोपी के सत्ता पक्ष से जुड़े होने के उसे गिरफ्तार करने का साहस नही जुटा सकी। इस संबंध में सीओ फतेहपुर डॉक्टर बीनू सिंह ने बताया कि आरोपी ग्रामप्रधान के ख़िलाफ़ जबरन दुष्कर्म समेत एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को बयान के लिए न्यायालय भेजा गया था। किसी कारणवश बयान नही हो सके है।

जिस गाड़ी में सपा का झंडा उसमे बैठा बड़ा सा गुंडा: संजय राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए भाजपा बूथ मैनेजमेंट पर खासा जोर दे रही है। शनिवार को भाजपा ने रामनगर और बाराबंकी सदर विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित करके कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो चुनाव जीतो का मूल मंत्र दिया। महादेवा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 2017 के पहले सपाइयों का नारा था हर खाली प्लाट हमारा है।उन्होंने कहा कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा होता था उसमे उतना बड़ा गुंडा बैठा होता था।सपा के शासन में प्रदेश के लोगों ने बहुत दुश्वारियां झेली हैं। कहा 2017 से पहले यूपी कैसा था और अब कैसा है फर्क साफ है।आज सुशासन और कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है। उन्होंने कहा कि इस बार ईवीएम को कमल से लबालब कर देना है। जिससे नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और विकसित भारत के संकल्प की नीव मजबूत होगी।संजय राय ने कहा कि देश में विगत दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।प्रदेश के लाखों

लोगों को पक्की छत मिली है। रोजगार के साधन बने हैं।देश के 52 करोड़ लोगों के बैंक के खाते खुले हैं।यही नहीं मोदी कार्यकाल में विभिन्न योजनाओं के 34 लाख करोड़ रूपये सीधे लोगों के खाते में पहुंचे हैं।उन्होंने तंज कसा यदि भ्रष्टाचारियों और माफिया गुंडों को संरक्षण देने वालों की सरकार होती तो ये सब मिलकर 29 लाख करोड़ रूपये लूट लिए होते और देश की गरीब जनता को केवल 5 लाख करोड़ रुपए ही पहुंचते। मोदी ने एक-एक पाई गरीब की भलाई में लगाई है। जिन घरों में आजादी के बाद भी बिजली नहीं पहुंची थी। पीएम मोदी ने वहां रोशनी पहुंचाई। जिन घरों को पीने का साफ पानी नहीं मिला रहा था आज वहां नल से जल पहुंच रहा है और यह सब बिना भेदभाव के हो रहा है। सभी बूथ अध्यक्ष को वितरित की गई किट के बारे में जिला प्रभारी अवनीश पटेल ने विस्तार से बताया।पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली हार का बदला लेना है।जिसके लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने चुनाव में अपने लिए आशीर्वाद मांगा। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा,हरगोविंद सिंह,बद्री विशाल त्रिपाठी, संजय तिवारी,विजय आनंद बाजपेई,संतोष पांडे,कमलेश शुक्ला,शैलेंद्र प्रताप सिंह,सुशील कुमार वर्मा,रामहेत विश्वकर्मा मौजूद रहे।

विकसित भारत के सपने को पूरा करने का चुनाव: संजय राय

मोदी ने पाई -पाई गरीब की भलाई में लगाई: संजय राय

रामनगर और सदर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित

सफ़ेदाबाद में भीषण सड़क हादसा, टक्कर के बाद ट्रेलर के नीचे घुसी वैगनार कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बीती रात महिन्द्रा थार गाड़ी से टकराने के बाद तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सामने से आ रही वैगनार कार से जा टकराया। जोरदार टक्कर से वैगनार गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और वह ट्रक के नीचे जा घुसी। हादसे के बाद हाइवे पर लम्बा जाम लग गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेलर के नीचे फंसी कार को बाहर निकलवाया। तब जाकर करीब तीन घंटे बाद हाइवे पर यातायात बहाल हो सका।

मामला नगर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-अयोध्या हाईवे के सफ़ेदाबाद चौराहे का है। जहां बीती देर रात करीब एक बजे तेज रफ्तार ट्रेलर थार गाड़ी में टक्कर मारने के बाद सामने से आ रही वैगनार कार से जा टकराया। हादसे में थार तो मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुई लेकिन ट्रक के नीचे आ जाने से वैगनार कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। घटना के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से भाग निकला। इस हादसे

हादसे के बाद कई घंटे जाम रहा हाइ-वे

के बाद हाइवे पर लम्बा जाम लग गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मोहम्मदपुर चौकी इंचार्ज रविन्द्र सिंह ने स्थानीय लोगो के साथ मिलकर ट्रेलर के नीचे फंसी कार का शीशा तोड़कर अंदर फंसे 05 लोगों को बाहर निकलवाया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे लगवाकर हाइवे पर यातायात बहाल कराया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि वैगनार सवार पांचों लोग हमीरपुर जनपद के रहने वाले थे जो शादी समारोह में भाग लेने बलरामपुर जा रहे थे। हादसे में सभी को मामूली चोटे आयी थी।अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद सभी अपने गंतव्य पर रवाना हो गए।

माल पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने वाले को गिरफ़्तार कर भेजा जेल

कार मलिक से नाराज़ होकर ड्राइवर ने दी थी झूठी सूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

माल/लखनऊ। माल पुलिस को लूट की झूठी सूचना देना एक युवक को भारी पड़ गया। सूचना पर हलकान पुलिस ने कुछ ही देर में वाहन सहित सूचनाकर्ता को दबोच लिया। पुलिस ने झूठी सूचना पर आरोपी के विरुद्ध गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार शाम कुलदीप नामक व्यक्ति ने 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी कि कस्बा माल स्थित राजा साहब माल की कोठी के पास बदमाशो ने उसकी इनोवा कार यूपी 32 एच 1900 को अज्ञात बदमाशों ने लूट लिया है। सूचना मिलते ही हरकत में आयी माल पुलिस ने

कस्बे से बाहर जाने वाले सभी मार्गो पर बेरिकेडिंग लगाकर वाहन चेकिंग शुरू कर दी। फिर क्या था कुछ ही देर में पुलिस ने गाड़ी को कस्बे से बरामद कर ली। इस पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सूचनाकर्ता कुलदीप सिंह पुत्र जेंडर सिंह निवासी सलेमपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात जो पेशे से ड्राइवर है। कुलदीप कानपुर निवासी जितेंद्र चौरसिया की इनेवा कार चलता है। जो जितेंद्र के साथ इनोवा से कही जा रहा था। जो नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। जिससे नाराज होकर गाड़ी मालिक जितेंद्र चौरसिया ने उसे कस्बे में यह कहकर गाड़ी से उतार दिया था कि तुम गाड़ी चलाने के लायक नही हो। इससे नाराज होकर चालक कुलदीप सिंह ने 112 नम्बर पर फोन कर बताया कि बदमाशों ने उसकी गाड़ी लूट ली है। पुलिस को लूट की झूठी सूचना देने वाले नशे में धुत चालक कुलदीप को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण के बाद शनिवार को जेल भेज दिया है।

खुद को टैक्स इंस्पेक्टर बताकर की शादी करने वाला निकला बेरोजगार,जाति भी निकली फर्जी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले में एक युवक ने खुद को टैक्स इंस्पेक्टर बताकर युवती से शादी कर ली और खुद को ठाकुर बताया लेकिन जब भेद खुला तो मारपीट की और युवती को घर से निकाल दिया।मैरिज वेबसाइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर संपर्क के दौरान एक शहर की एक युवती का लखनऊ के युवक से संपर्क हुआ। युवक ने खुद को क्षत्रिय जाति का और इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर बताया। पांच महीने की बातचीत के बाद दोनों की शादी हो गई लेकिन युवक न केवल बेरोजगार निकला बल्कि जाति भी दूसरी निकली। बदहवास युवती ने एसपी से आपबीती बताई तो शहर कोतवाली में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।शहर के आवास विकास कॉलोनी की निवासी एक युवती ने एसपी दिनेश कुमार सिंह से शिकायत कर बताया कि पांच महीने पहले जीवन साथी डॉट कॉम पर उनका संपर्क लखनऊ के एकता नगर बालागंज निवासी भूपेंद्र सिंह से हुआ।भूपेंद्र ने बताया कि उसने एसएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर पद पर नौकरी पाई है। खुद को ठाकुर जाति का बताकर उसने शादी का प्रस्ताव रखा।इसके बाद भूपेंद्र के साथ उनके पिता वीरेंद्र और माता बचमुन्नी सिंह, भाई भीम सिंह व बहन नीतू सिंह बाराबंकी आए और शादी की बात की। इन लोगों ने भी वही बात कही जो भूपेंद्र ने बताई थी। बीते 18 अप्रैल को ही दोनों की शादी हो गई। युवती का आरोप है कि जब वह ससुराल पहुंची तो उसे पता चला कि भूपेंद्र बेरोजगार है और ठाकुर की बजाय यादव जाति से है। इसके बारे में पूछने पर सभी ने मिलकर लाठी डंडों से पीटा।

बताया कि कई लड़कियों के साथ ऐसा कर चुके हैं। युवती से पांच लाख रुपए की मांग रखी। मजबूरी में युवती ने कहां की माता-पिता से पैसे दिलवाएगी। इसके बाद चार पहिया वाहन सिंह से बाराबंकी के विकास भवन के पास लाया गया और वहां पर भी मारपीट कर वाहन से उतार दिया गया। धमकी दी कि यदि पांच लेकर नहीं आई तो अंजाम बुरा होगा।

बूथ अध्यक्ष भाजपा की रीढ़: दयाशंकर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि संगठन का बूथ अध्यक्ष भाजपा की रीढ़ है।भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसका बूथ अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महत्वपूर्ण ओहदे पर पहुंच सकता है।दयाशंकर सिंह शनिवार को एसके लॉन में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि सपा भाई भतीजावाद के सिद्धांत पर कार्य करती है।जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर विगत दस वर्षो से कार्य कर रही है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि अपने बूथ के सभी घरों में कुंडी खटखटाकर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय राय,जिला प्रभारी अवनीश सिंह,जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,डॉक्टर राम कुमारी मौर्य,डॉ. विवेक सिंह वर्मा मौजूद रहे।

लकड़ी माफ़ियाओं ने दर्जनों आम के हरे भरे पेड़ो को किया धराशायी,मुक़दमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अवैध कटान की शिकायत पर वन विभाग को मौके पर मिले 41 ठूठ,लकड़ी गायब

माल/लखनऊ। फ़लपट्टी क्षेत्र में बेलगाम लकड़ी माफियाओं ने चोरी छुपे आम के 41 पेड़ काटकर धराशायी कर दिया। अवैध लकड़ी कटान की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने जाँच कर बाग मालिक सहित चार लोगों के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम की धाराओ मुकदमा दर्ज कराया है। माल क्षेत्र में बेलगाम लकड़ी माफ़ियाओं ने चोरी से रातो रात 41 आम के फलदार पेड़ों पर आरा चलाकर धराशायी कर दिया। लकड़कट्टे पेड़ो की ठूठ को ठिकाने लगा पाते उससे पहले वन विभाग को अवैध कटान की शिकायत मिली कि मुन्नुखेड़ा में चोरी से आम के दर्जनों पेड़ काटे गये है। सूचना पर वन क्षेत्र प्रभारी माल दिलीप सिंह चौहान चौकीदार बृजलाल के साथ मौके पर जाकर देखा कि आम के 41 पेड़ों के ठूठ तो मौके पर मिले लेकिन लकड़कट्टो ने पहले ही आम के पेड़ो की कुंटलो लकड़ी ठिकाने लगा दी थी। जिसके बाद वन विभाग के क्षेत्र प्रभारी दिलीप सिंह चौहान द्वारा सालेहनगर के मुन्नुखेड़ा निवासी बाग मालिक शिवरतन, लकड़ी कारोबारी, आंट गढ़ी सौरा निवासी सूरजपाल सिंह, सालेहनगर निवासी ताज मोहम्मद, ढोलबजा निवासी जमालू के विरुद्ध वन संरक्षण अधनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरसीबी के खिलाफ गुजरात टाइटन्स की निगाहें सुधार करने पर

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात जायंट्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं। गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (10 विकेट, इकोनोमीः 10.35), उमेश यादव (7 विकेट, 10.55), संदीप वारियर (5 विकेट, 10.85) ने काफी रन लुटाये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। उनके स्पिनर राशिद खान (8 विकेट), आर साई किशोर और नूर अहमद (प्रत्येक 6 विकेट) शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं लेकिन ठीक ठाक गेंदबाजी कर रहे हैं। लेकिन आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन ने लय हासिल कर ली है तो इस तिकड़ी का काम अब और मुश्किल हो जायेगा। पाटीदार ने सत्र में सामान्य शुरूआत के बाद अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा प्रदर्शन किया है, विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स हैदराबाद) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। अब वह स्पिनरों के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहराने के लिए बेताब होंगे। ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी के दौरान प्रभावित किया और आरसीबी को 200 रन के पार पहुंचाया। इससे आरसीबी को निचले क्रम में दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर पर निर्भरता कम करने में मदद मिली है। वहीं सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं। लेकिन गुजरात टाइटन्स का मध्यक्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है। डेविड मिलर (138 रन), शाहरुख खान (30), विजय शंकर (73) और राहुल तेवतिया (153) जैसे खिलाड़ियों ने अच्छी शुरूआत की लेकिन वे पारी को आगे बढ़ाने में असफल रहे। घरेलू टीम को आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ उनसे अच्छे योगदान की जरूरत होगी। आरसीबी के मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (4-0-20-0) और यश दयाल (3-0-18-1) सनराइजर्स हैदराबाद के मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप के खिलाफ असाधारण रहे। लेग स्पिनर कर्ण शर्मा और कामचलाऊ तेज गेंदबाज ग्रीन ने अपने मुख्य गेंदबाजों का सहयोग करते हुए समान चार विकेट लिये। इसलिये अब दिन में होने वाले इस मैच में गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी को देखते हुए वे और सुधरे हुए प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी

चेन्नई। लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगु?वाई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया। रविंद्र जडेजा ने भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्ष क्रम का अनिरंतर प्रदर्शन टीम के लिए एक समस्या बनी हुई है। रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल रन नहीं जुटा पा रहे हैं जो चिंता का विषय है। इसके कारण ही सीएसके को अपने बल्लेबाजी क्रम में फ़ेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। गेंदबाजी की बात की जाये तो टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी मुश्किल हुई और चेपक में ओस ने उनके स्पिनरों को बेअसर कर दिया जिससे मेहमान टीम ने 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाजों ने लखनऊ की टीम के चार विकेट झटक लिये लेकिन स्पिनर जूझते नजर आये और खराब क्षेत्ररक्षण ने उसकी उम्मीदों पर पानी फैर दिया। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाये तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।

संक्षिप्त समाचार

पीबीकेएस के खिलाफ हार के बाद केकेआर के कप्तान श्रेयस ने कहा- खिलाड़ियों के लिए यह बड़ी सीख

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 261 रनों के विशाल स्कोर का बचाव नहीं कर पाना दुखद है, लेकिन यह हार खिलाड़ियों के लिए उनके आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में एक बड़ी सीख होगी। केकेआर और पीबीकेएस के बीच मैच ने कई रिकॉर्ड तोड़े, जिसमें पंजाब ने 8 गेंद शेष रहते हुए टी20 इतिहास के सबसे बड़ा 261 रनों के पार करने में सफलता हासिल की। अय्यर ने अपने सलामी बल्लेबाजों फिलिप साल्ट और सुनील नरेन की प्रशंसा की जिन्होंने उन्हें 20 ओवरों में 6 विकेट पर 261 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा करने में मदद की, उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह ''जबरदस्त'' थी। नरेन और साल्ट के बीच 138 रन की साझेदारी आईपीएल में केकेआर के लिए 8वीं 100 से अधिक की ओपनिंग साझेदारी थी। साल्ट ने 37 गेंदों में 75 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि नरेन ने 32 गेंदों में 71 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें श्रेयस अय्यर ने 28 रनों का शानदार योगदान दिया, जबकि वेंकटेश अय्यर ने 39 रनों की जीवंत पारी खेलकर केकेआर को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। केकेआर के कप्तान ने यह भी कहा कि वे पीबीकेएस के खिलाफ अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करेंगे और पता लगाएंगे कि ईडन गार्डन्स में उनके लिए क्या गलत हुआ। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में अय्यर ने कहा, ''बल्लेबाजों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह जबरदस्त थी। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने जबरदस्त खेला। आपको ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाना होगा और देखना होगा कि आप कहां गलत हुए। अय्यर ने स्टार ऑलराउंडर नरेन को अपनी टीम का 'सबसे मूल्यवान खिलाड़ी' करार दिया और कहा कि वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी से सीखने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, ''यह खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा सबक है। नरेन को गेंद पर प्रहार करते देखना शानदार है। उससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है, वह हमारी टीम के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी हैं। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन बनाए, केकेआर ओर से फिल साल्ट (75), सुनील नरेन (71) ने अर्धशतक लगाया, तो इसके बाद वेंकटेश अय्यर (39), आंद्रे रसल (24) और कप्तान श्रेयस अय्यर (28) ने विफोस्टक पारियां खेलकर केकेआर को 250 के पार पहुंचाया।

ग्रीस ने पेरिस 2024 खेलों के आयोजकों को सौंपी ओलंपिक मशाल

एथेंस। ग्रीस ने शुक्रवार को एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में आयोजित एक प्रतीकात्मक समारोह के दौरान आधिकारिक तौर पर पेरिस 2024 आयोजन समिति के एक प्रतिनिधिमंडल को ओलंपिक मशाल सौंपी। यह वही स्थान है, जहां आधुनिक ओलंपिक पहली बार 1896 में खेले गए थे। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक इस वर्ष 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा। पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्तांगुएट ने एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में ओलंपिक मशाल प्राप्त की। इसी के साथ ग्रीस में 11 दिवसीय ओलंपिक रिले का कार्यक्रम समाप्त हो गया। अब ओलंपिक मशाल फ्रांस जाएगी, जहां रिले का आयोजन 8 मई से किया जाएगा। इस दौरान, हेलेनिक ओलंपिक समिति के अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस ने एक मार्मिक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय रिले के दौरान मशाल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए अपने साथी नागरिकों को धन्यवाद दिया और फ्रांस के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। ओलंपिक की आधिकारिक वेबसाइट ने कैप्रालोस के हवाले से कहा, ''भीड़ भरे पैनाथेनिक स्टेडियम में, आशा और गर्व की एक अनोखी यात्रा, जिसने पूरे ग्रीस को एक छोर से दूसरे छोर तक रोशन कर दिया है, समाप्त हो गई है। ये 11 दिन जिन्होंने हमारे देश को मंत्रमुग्ध कर दिया है और पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है, 2024 में पेरिस में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों की एक महान यात्रा की शुरुआत मात्र है। इसके बाद, पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट (एफआरए) ने एक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने ज्वाला प्रज्ज्वलन और हैंडओवर समारोह दोनों के आयोजन के लिए ग्रीक लोगों के साथ-साथ हैंडओवर कार्यक्रम के फ्रांसीसी पथप्रदर्शक पापदाकिस और हेस, दोनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''ग्रीस में ओलंपिक मशाल रिले की इस शानदार शुरुआत के लिए हेलेनिक ओलंपिक समिति और उसके अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस को धन्यवाद! देश भर में इन ग्यारह दिनों के दौरान, हम पहले से ही कुछ बहुत शक्तिशाली छवियां देख पाए हैं, और सभी यूनानियों का लौ के प्रति लगाव और अब, हैंडओवर समारोह में आधिकारिक तौर पर ओलंपिक लौ प्राप्त करना कितना गर्व और भावनात्मक क्षण है! उन्होंने कहा, ''पेरिस 2024 मशाल रिले के अग्रदूतों के रूप में इस शक्तिशाली और प्रतीकात्मक भूमिका को निभाने के लिए हमारे साथ रहने के लिए हमारे चैंपियन गैब्रिएला पापाडाकिस और बीट्राइस हेस का भी बहुत-बहुत धन्यवाद। भूमध्य सागर को पार करने के बाद, ओलंपिक लौ 8 मई को मार्सिले में फ्रांसीसी धरती पर पहुंचेगी।

कोपा अमेरिका की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक दोस्ताना मैच खेलेंगे कोलंबिया, बोलीविया

बोगोटा। कोलंबिया और बोलीविया संयुक्त राज्य अमेरिका में इस साल के कोपा अमेरिका की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जून में एक दोस्ताना मैच खेलेंगे। कोलंबियाई फुटबॉल महासंघ (एफसीएफ) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। एफसीएफ के एक बयान के अनुसार, यह मैच 15 जून को ईस्ट हार्टफोर्ड, कनेक्टिकट के प्रैट एंड व्हिटनी स्टेडियम में खेला जाएगा। दुनिया का सबसे पुराना अंतरराष्ट्रीय महाद्वीपीय फुटबॉल टूर्नामेंट कोपा अमेरिका 20 जून से 14 जुलाई तक 14 मेजबान शहरों में खेला जाएगा। कोलंबिया अपने अभियान की शुरुआत 24 जून को परागवे के खिलाफ करेगा और उसके बाद ग्रुप डी में कोस्टा रिका और ब्राजील का भी सामना करेगा। बोलीविया को संयुक्त राज्य अमेरिका, उरुग्वे और पनामा के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

साई स्वामी मेटल्स का आईपीओ 30 अप्रैल को खुलेगा, कीमत 60 रुपये प्रति शेयर तय

नयी दिल्ली। स्टेनलेस स्टील के उत्पाद बनाने वाली कंपनी साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज लिमिटेड निवेशकों से करीब 15 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 30 अप्रैल को पूंजी बाजार में उतरेगी। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसका आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) मंगलवार को खुलेगा और तीन मई पर बंद होगा। शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे। डॉल्फिन ब्रांड के तहत स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली अहमदाबाद स्थित कंपनी ने आईपीओ के तहत बोली के लिए प्रति इक्विटी शेयर कीमत 60 रुपये तय की है। आईपीओ में 25 लाख इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम शामिल है।

हार्दिक पांड्या को ज्यादा तवज्जो देने की जरुरत नहीं : इरफान

एजेंसी



मुबंई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम को हार्दिक पांड्या को इतना महत्व नहीं देना चाहिए।

स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप में पठान ने कहा हार्दिक पंड्या के बारे में मैं जो महसूस करता हूं वह यह है कि भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उसे उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है, क्योंकि हमने अभी भी विश्व कप नहीं जीता है और अगर आपको लगता है कि आप एक प्राथमिक ऑलराउंडर हैं, तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रभाव डालना होगा। जहां तक ऑलराउंडर की बात है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतना प्रभाव नहीं डाला है। उन्होने कहा हम केवल क्षमता के बारे में सोच रहे हैं। हम आईपीएल प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बीच भ्रमित हो रहे हैं। यह एक बड़ा अंतर है। खिलाड़ी विशेष को प्राथमिकता देना बंद करें, यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया कई वर्षों से यही कर रहा है। वे वास्तव में टीम गेम को प्राथमिकता दे रहे हैं। किसी को सुपरस्टार बनाने की बजाय यह सोचना होगा कि टीम में हर कोई सुपरस्टार है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाएंगे। भारतीय टीम में फिनिशर और तेज गेंदबाज के बारे में उन्होने कहा ह्न जब विश्व कप की बात आती है तो मैं वास्तव में इसी चीज़ से डरा हुआ रहता हूँ। शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी का हमने काफी हद तक समाधान कर लिया है। हमने बीच के ओवरों में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। अगर हम सोच रहे हैं कि रवींद्र जड़ेजा सातवें नंबर का बल्लेबाज है, तो आपको एक अच्छे फिनिशर की जरूरत है। जहां तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्ट्राइक रेट की बात है तो उनके आंकड़े उतने अच्छे नहीं हैं। इसलिए वहां मेरे लिए और तेज गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय है। उन्होने कहा बुमराह के अलावा, अगर मैं आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों को देखता हूं, जो पिछली दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला में आईपीएल से पहले खेले थे, तो उनकी संख्या उतनी अच्छी नहीं है, चाहे वह अर्शदीप हो, चाहे वह मोहम्मद सिराज हो। यह वास्तव में चिंतित करते हैं और ये विभाग बहुत बहुत महत्वपूर्ण होने वाले हैं।

उबेर कपः अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

चेंगदू। भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। इसके बाद प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है। महिला टीम अब अपने अगले मुकाबले में 28 अप्रैल को सिंगापुर और 30 अप्रैल को चीन से भिड़ेगी। इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

मैड्रिड ओपनः जांघ की चोट के कारण झेंग किनवेन का सफर समाप्त, सबालेंका-रयबाकिना अगले दौर में

एजेंसी

मैड्रिड। चीन की छठे नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन का मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सफर शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया, क्योंकि दाहिनी जांघ पर चोट के कारण उन्हें यूलिया पुतिनत्सेवा के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच के दूसरे सेट से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। शुक्रवार को झेंग को अपने कज़ाक प्रतिद्वंद्वी से पहला सेट 7-5 से हारने और दूसरे सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद शारीरिक समस्या के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। चीनी खिलाड़ी को मैच के दौरान अपनी जांघ में दिक्कत हो रही थी, वह असहज दिख रही थीं। फ्रांस की 21वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया से 6-1, 6-4 से हारने के बाद वांग ज़िन्यू भी मैड्रिड से बाहर हो गई हैं। डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने पोलैंड की मैग्डा लिनेट को तीन सेटों तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-3 से शिकस्त देकर तीसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना ने लूसिया ब्रोंज़ेटी पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। मिस्र की मेयर शेरिफ ने अपने सीज़न का सर्वश्रेष्ठ मैच खेलते हुए 25वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक को 6-2, 7-5 से हराया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में 19 वर्षीय शांग जुनचेंग को स्पेन के 27वीं वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने 7-5, 6-3 से हराया। बांह की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से चूकने वाले स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने बेहतरीन वापसी करते हुए नंबर दो वरीय अलेक्जेंडर शेवचेंको को 6-2, 6-1 से हराया।

एफआईबीए केंद्रीय बोर्ड को पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर मिली रिपोर्ट

एजेंसी

मिज़। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) के केंद्रीय बोर्ड को पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर रिपोर्ट मिल गई है। विश्व बास्केटबॉल शासी निकाय ने शुक्रवार को यहां घोषणा की। सेंट्रल बोर्ड की बैठक गुरुवार को एफआईबीए के मुख्यालय, पैट्रिक बॉमन हाउस ऑफ बास्केटबॉल में आयोजित की गई। बैठक में पुरुषों और महिलाओं की बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं, महिला ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट और 3ब्3 यूनिवर्सलिटी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। पुरुषों के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट और अगले साल के कॉन्टिनेंटल कप की तैयारी जारी है, और महिला बास्केटबॉल विश्व कप 2026 प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का ड्रा गुरुवार को यहां आयोजित किया गया था। प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 19 से 25 अगस्त, 2024 के बीच मैक्सिको और रवांडा में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 16 टीमों को चार-चार टीमों के चार समूहों में विभाजित किया गया है। केंद्रीय बोर्ड ने आधिकारिक बास्केटबॉल नियमों में किए जाने वाले संशोधनों को हरी झंडी दे दी, जो 1 अक्टूबर, 2024 से प्रभावी होंगे, जिसमें त्रुटियों में सुधार और मुख्य कोच की चुनौती को वापस लेना भी शामिल है।

कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

सफ़ेद प्याज के निर्यात पर सरकार ने दी ढील तीन बंदरगाहों से तय मात्रा में होगा शिपमेंट

एजेंसी



नई दिल्ली। प्याज की खेती करने वाले किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने सफ़ेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफ़ेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। सरकार ने निर्यात प्रतिबंध में ढील देते हुए तीन बंदरगाहों से 2,000 टन तक सफ़ेद प्याज के निर्यात की मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि निर्यातक को निर्यात किए जाने वाले सफ़ेद प्याज की सामग्री और मात्रा को लेकर गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। इसमें कहा गया है, तत्काल प्रभाव से, निर्दिष्ट बंदरगाहों के माध्यम से 2,000 टन तक सफ़ेद प्याज के निर्यात की मंजूरी दी गई है। सरकार द्वारा सफ़ेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं। डीजीएफटी की अधिसूचना के मुताबिक, यह निर्यात, मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा/जेएनपीटी बंदरगाह से करने की मंजूरी है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु प्याज के निर्यात पर सामान्य तौर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, सरकार मित्र राष्ट्रों को उनके अनुरोध पर निर्दिष्ट मात्रा में निर्यात की मंजूरी देती है। डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की एक इकाई है। यह आयात और निर्यात से संबंधित मानदंडों को तय करती है। पिछले साल आठ दिसंबर को सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

छह देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बंगलादेश और पश्चिम एशिया के कुछ देशों सहित छह पड़ोसी देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।

गौरतलब है कि वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों कम अनुमान के मद्देनजर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि पड़ोसी छह देश बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज का निर्यात की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्याज का निर्यात कराएगी। इसके साथ ही सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफ़ेद प्याज का

निर्यात करने की भी अनुमति दी है।

केंद्रीय एजेंसियां एनसीसीएफ और नफ़ेड स्टोर-योग्य प्याज की खरीद शुरू करने के लिए खरीद, भंडारण और किसानों के पंजीकरण का समर्थन करने के लिए एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जैसी स्थानीय एजेंसियों को जोड़ रही हैं।

मंत्रालय के मुताबिक एनसीईएल द्वारा निर्यात की जाने वाली प्याज मुख्यतः महाराष्ट्र से आती है जो देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना के अंतर्गत रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए इस वर्ष पांच लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य तय किया है।

नशीली दवा बनाने वाली गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़

300 करोड़ की दवा जब्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दवा जब्त की हैं।

ब्यूरो ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से मेफ़ेड्रोन नाम की नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है । ब्यूरो ने कहा है कि अभी चौथी प्रयोगशाला पर छापेमारी जारी है। रात भर कई राज्यों में चले ऑपरेशन में 149 किलोग्राम मेफ़ेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफ़ेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। इस अभियान में सात व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरगना की पहचान कर ली गयी है। अब जांच एजेन्सी

इन दवाओं के वितरण से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है। आतंकवाद रोधी दस्ते को गुजरात और राजस्थान से संचालित इन गुप्त प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी मिली थी। तीन महीने से अधिक समय तक चले ऑपरेशन में इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ गुप्त प्रयोगशालाओं की पहचान के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई। संयुक्त टीमों ने तीन संदिग्ध स्थानों राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, जोधपुर जिले के ओसियां ??और गुजरात के गांधीनगर जिले में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान कुल 149 किलोग्राम मेफ़ेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफ़ेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी की गयी। गांधीनगर में पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर अमरेली (गुजरात) में एक और जगह की पहचान की गई है, जहां छापेमारी जारी है। ब्यूरो ने कहा है कि इस नेटवर्क के सरगना की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन दवाओं के वितरण नेटवर्क, राष्ट्रीय और साथ ही किसी भी अंतर्राष्ट्रीय लिंकेज को ट्रैक करने और पहचानने का प्रयास भी किया जा रहा है। मेफ़ेड्रोन, जिसे 4-मिथाइलमेथकैथिनोन, 4-एमएमसी और 4-मिथाइलफ़ेड्रोन के नाम से भी जाना जाता है, एम्फ़ेटेमिन और कैथिनोन वर्गों की एक सिंथेटिक उत्तेजक दवा है। इसे ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, 'म्याऊ म्याऊ' और बबल के नाम से भी जाना जाता है।

कांग्रेस का आरोप : 2जी स्पेक्ट्रम मामले में दिखा भाजपा का पाखंड

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने 2जी स्पेक्ट्रम के मामले के फैसले में 'संशोधन की मांग करते हुए' केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय का रुख किए जाने को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ''पाखंड की कोई सीमा नहीं है' क्योंकि उसने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के तहत 2जी स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन को 'घोटाला' बताया था और अब नरेन्द्र मोदी सरकार बिना नीलामी के 'स्पेक्ट्रम देने' की अनुमति मांग रही है। केंद्र ने 12 साल से अधिक समय बाद गत सोमवार को 2जी स्पेक्ट्रम मामले से जुड़े फैसले में संशोधन का अनुरोध करते हुए सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। हालांकि, एक शीर्ष सूत्र ने बाद में कहा कि सरकार 2012 के उच्चतम न्यायालय के फैसले

को बदलने की कोशिश नहीं कर रही है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधनों को स्थानांतरित करते समय सरकार नीलामी का मार्ग अपनाने के लिए बाध्य है। इसने दो फरवरी 2012 के अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री के रूप में ए. राजा के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कंपनियों को दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद्द कर दिए थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी सरकार और 'भ्रष्ट जनता पार्टी' के पाखंड की कोई सीमा नहीं है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान, उसकी तरफ से यही रोना रोया जाता था कि 2जी स्पेक्ट्रम का आवंटन एक 'घोटाला' है। उन्होंने आरोप लगाया, ''अब, वे इसके विपरीत तर्क दे रहे हैं, वे नीलामी के बिना, जिसे चाहें उसे स्पेक्ट्रम देने की अनुमति के लिए उच्चतम न्यायालय में गए हैं। रमेश ने दावा किया, ''बेशक, यह मोदी शासन पहले से ही सार्वजनिक संसाधनों को प्रधानमंत्री के पूंजीपति मित्रों को सौंप रहा है, हवाई अड्डों को एक कंपनी को सौंप दिया गया है, कोयला खदानों को फर्जी नीलामी में दे दिया गया है, और यहां तक ??कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम भी सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि चार जून को भारत के मतदाता इस 'संगठित लूट' वाली पार्टी को बाहर का रास्ता दिखा देंगे।

पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के घोषणा पत्र को मिला नया स्तर: चिदंबरम

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने पार्टी के घोषणा पत्र की लगातार आलोचना करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आज तंज कसा और कहा कि पहले चरण के मतदान में अपनी हार सुनिश्चित देखते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को महत्व देना शुरू किया है।

श्री चिदंबरम ने कहा कि श्री मोदी द्वारा लगातार की जा रही आलोचना से कांग्रेस के घोषणा पत्र को नया स्तर मिला है और इसको लेकर जनता में जो चर्चा शुरू हुई है उससे कांग्रेस की बात लोगों के बीच पहुंची है और इसके लिए वह श्री मोदी का धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा गौर करने वाली बात यह है कि गत 05 अप्रैल से 19 अप्रैल के बीच श्री मोदी कांग्रेस के घोषणापत्र को बराबर नजरअंदाज करते रहे लेकिन 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की बाद वह लगातार कांग्रेस के घोषणा पत्र पर कड़ी प्रतिक्रिया कर रहे हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के बाद अपनी हार सुनिश्चित देखी हुई है उन्होंने जो आलोचना शुरू की है उससे घोषणापत्र को एक नया कद मिला है। उन्होंने तंज करते हुए कहा ल्लमोदी सरकार चली गयी। कुछ दिनों के लिए बीजेपी सरकार थी कल से कल से एनडीए सरकार है। क्या आपने 19 अप्रैल के बाद से हुए नाटकीय बदलाव पर ध्यान दिया है। पहले चरण के मतदान के बाद 19 अप्रैल से घोषणापत्र को एक नया कद मिल गया है। धन्यवाद, प्रधान मंत्री। उन्होंने आगे कहा ल्लजिन राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान हुआ, वहां से खबरें कांग्रेस के लिए बेहद उत्साहजनक हैं। केरल में यूडीएफ के 2019 का शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है। कर्नाटक की 14 सीटों पर कल मतदान हुआ और कांग्रेस 2019 के अपने स्कोर में काफी सुधार करेगी। राजस्थान में कांग्रेस कई सीटें जीतेगी।

वकील उज्ज्वल निकम होंगे मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के उम्मीदवार

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से इस बार जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने आज यहां लोकसभा उम्मीदवारों की 15वीं सूची घोषित की जिसमें मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन की जगह श्री निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। श्री निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम भूमिका निभायी थी। इसके अलावा उन्होंने 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में भी सरकारी पक्ष की सफलता पूर्वक पैरवी की थी। भाजपा ने इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी की।

मुंबई लोकल ट्रेन की जगह आएगी, सुरक्षित वंदे भारत मेट्रो

नयी दिल्ली। मुंबई की लोकल ट्रेनों को अगले तीन से चार साल के भीतर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेट से बदल दिया जाएगा जिससे मुंबई के दैनिक यात्रियों को मेट्रो की तर्ज पर वातानुकूलित एवं स्वचालित गेट वाली सुरक्षित सेवा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कपूरथला स्थिति रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का पहला रैक करीब –करीब तैयार है और अगले महीने परीक्षण के लिए बाहर आएगा। सूत्रों के अनुसार वंदे भारत मेट्रो के 50 रैक बनने के बाद 400 और रैक के निर्माण का आर्डर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के 12 बड़े एवं मझोले नगरों के बीच वंदे भारत मेट्रो से दैनिक यात्रा की सुविधा मिलेगी।वंदे भारत मेट्रो ट्रेन 12 कोच वाला ट्रेन सेट होगा जिसे आवश्यकता पड़ने पर 16 कोच का बनाया जा सकता है। यह अत्यंत तीव्रता से गति पकड़ने और तेजी से रुकने वाली गाड़ी होगी जिसे औसतन सौ सवा सौ किलोमीटर की दूरी वाले दो प्रमुख स्टेशनों के बीच कई फ़ेरों चलाने की योजना है। सूत्रों ने कहा कि आगे चल कर मुंबई, कोलकाता, चेन्नई आदि महानगरों में उपनगरीय सेवाओं में चलने वाली गाड़ियों को वंदे भारत मेट्रो में बदला जा सकता है जिससे दैनिक यात्रियों को द्रुत गति वाली सुविधायुक्त एवं अधिक सुरक्षित रेलसेवा मिल सकेगी।

मोदी 'सुपरमैन' नहीं, 'महंगाई मैन' बन गये हैं : प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही उन्हें 'सुपरमैन' की तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि 'महंगाई मैन' है। श्रीमती वाड्रा ने आज यहां कहा, ''जब मोदी जी चुनाव प्रचार के लिए आते थे, तो ऐसा दिखाया जाता था कि मानो यह सुपरमैन हों लेकिन अब ये 'महंगाई मैन' बन गए हैं।भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी जी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। आप इस महान देश की जनता हैं। आपने खून–पसीने से इस देश की धरती को सींचा है। श्रीमती वाड्रा ने कहा,''स्वतंत्रता आंदोलन में जनता आगे आकर देश के लिए लड़ी लेकिन आज देश में जनता के सामने कई सारी परिस्थितियां हैं। आपके जीवन के कई संघर्ष और परिस्थितियां हैं।महंगाई, बेरोजगारी के दौर में लोग सुबह से शाम तक कई मुश्किलों का सामना करते हैं।''

दिग्विजय का पलटवार, अमित शाह के आरोपों को बताया झूठ का पुलिंदा

नयी दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के खिलचीपुर में शनिवार को कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर जो आरोप लगाये थे श्री सिंह ने उन्हें झूठ का पुलिंदा बताया है और तथ्य के साथ श्री शाह के आरोपों का जवाब दिया है। श्री सिंह ने आज यहां कहा, ''कल खिलचीपुर की सभा में अमित शाह जी ने अपने भाषण में 17 बार मेरा नाम लिया। यह उनका मेरे प्रति जो अपार प्रेम है वह दर्शाता है। मैं उनका आभारी हूँ। लेकिन झूठ बोलने के जो संस्कार उनके गुरु नरेंद्र मोदी ने उन्हें दिये हैं वह उनके भाषण में आठ बार नज़र आये। उन्होंने कहा, ''अमित शाह का पहला झूठ – दिग्विजय सिंह की सलाह से राहुल गांधी ने घोषणा पत्र में मुस्लिम पर्सनल लोन डाला, तथ्य– कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई मुस्लिम पर्सनल लोन नहीं है। दूसरा झूठ– दिग्विजय सिंह ने भगवा आतंकवाद कहा, तथ्य – मैंने कभी भगवा आतंकवाद शब्द का प्रयोग नहीं किया। तीसरा झूठ – दिग्विजय सिंह ने अफजल गुरु की फांसी का विरोध किया।तथ्य– मैंने अफजल गुरु की फांसी को जल्द करवाने के लिए पत्र लिखा था कि अफजल गुरु को जल्द फांसी दी जाए। श्री सिंह ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया (पीएफआई) को लेकर गृहमंत्री के आरोपों का करारा जवाब देते हुए कहा ,''श्री शाह का चौथा झूठ – दिग्विजय सिंह ने पीएफआई पर बैन लगाने का विरोध किया, तथ्य – मैंने कभी पीएफआई पर बैन का विरोध नहीं किया बल्कि सिमी पर सबसे पहले प्रतिबंध मेरी ही सरकार ने लगाया था। सच्चाई भारतीय जनता पार्टी ने पीएफआई की राजनीतिक इकाई के साथ कर्नाटक में गठबंधन करके लोकल चुनाव लड़ा।

पेज एक का शेष

उत्तराखंड के जंगलों...

कुमाऊं मंडल में 395.92 हेक्टेयर क्षेत्रफल वनाग्नि की भेंट चढ़ गया है। वन विभाग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार कुमाऊं मंडल में 8.30 लाख का नुकसान हुआ है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आग की 31 घटनायें सामने आयीं। इस दौरान कुमाऊं मंडल में 24 घटनायें दर्ज की गयीं। यहां भी सबसे अधिक आरक्षित वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। नैनीताल में कल देर शाम को पाइंस क्षेत्र में वनाग्नि ने भीषण रूप ले लिया। आग लड़ियाकांटा क्षेत्र में एयर फोर्स स्टेशन तक पहुंच गयी। स्टेशन को बचाने के लिये केन्द्र सरकार से मदद की गुहार लगायी गयी। केन्द्र सरकार से नौ सेना के हेलीकॉप्टर की मांग की गयी। केन्द्र सरकार की ओर से नौ सेना का एमआई-17 हेलीकाप्टर को कल ही मौके पर भेज दिया गया। आज दिन भर हेलीकाप्टर आग बुझाने में जुटा रहा। उसने भीमताल से पानी भरने के लिये कई चक्कर लगाये। दूसरी ओर सरकार भी वनाग्नि की घटनाओं से हलकान है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आग की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज शाम हल्द्वानी में एक बैठक बुलाई है। दूसरी ओर से कुमाऊं आयुक्त ने मंडल में आग लगाने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। इसके बाद कुमाऊं में तीन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किये गये हैं।

तीरंदाजी कप : ज्योति...

में अपना सेमीफाइनल खेलेगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला कंपाउंड टीम ने दिन के पहले मैच में 24 तीरों से केवल चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को हरा दिया। छह छह तीरों के पहले सेट में भारतीय टीम ने सिर्फ दो बार परफेक्ट 10 नहीं बनाया और मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इतालवी टीम पर 178-171 से बढत बना ली। चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरुआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाये। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और अभिषेक ने 40 के स्कोर से परफ़ेक्ट शुरूआत कर तीन अंक की बढ़त बनायी। भारतीय जोड़ी 119-117 की बढ़त बनाये थी और उसे अंत में 40 में से 39 अंक की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। दोपहर के सत्र में ज्योति व्यक्तिगत चैम्पियन बनीं। भारतीय तीरंदाज को पहले तीन प्रयास में परफेक्ट स्कोर के लिए संघर्ष करना पड़ा और आंद्रिया ने 88-87 की बढ़त बना ली। लेकिन ज्योति चौथे राउंड में परफेक्ट स्कोर बनाने में सफल रही। पांचवें राउंड में आंद्रिया दबाव में आकर दो अंक गंवा बैठी। वहीं ज्योति ने 29 का स्कोर बनाकर स्कोर 146 ऑल कर दिया, जिसके लिए शूट-ऑफ करना पड़ा। दोनों ने शूट ऑफ में नौ ऑल शॉट लगाये लेकिन ज्योति का तीर इनर रिंग के करीब था जिससे उन्होंने अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीत लिया। रिकर्व वर्ग में पदक राउंड रविवार को होंगे और भारत की निगाहें ओलंपिक वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। भारतीय पुरुष टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी।

आतंकवाद और...

राशन भी डकार जाते थे। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग बेकार में चुनाव लड़ रहे हैं। क्योंकि देश में सरकार बनाने के लिए 273 सीटें चाहिए और ये केवल 63 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। सपा और कांग्रेस अखाड़े में आने से पहले ही युद्ध हार चुके हैं। अब ये पलायन का रास्ता ढूंढ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने पिछली सरकारों के दौरान प्रदेश में हुए आतंकी बम धमकों को याद करते हुए कहा कि जिन आतंकियों ने अयोध्या में राम मंदिर, वाराणसी में संकट मोचन मंदिर, विभिन्न न्यायालयों और रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था, सपा सरकार ने उन मुकदमों को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। तब न्यायपालिका ने इन्हें लताड़ते हुए यहां तक पूछा था कि आज आप लोग आतंकवादियों के मुकदमों को वापस ले रहे हो, कल इन्हें पद्म पुरस्कार भी दोगे क्या? सीएम योगी ने कहा कि यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जातियों के हकों पर डकैती डालने का कार्य कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस कह रही है कि पिछड़ी जाति को मिलने वाले 27 फीसदी आरक्षण में मुसलमानों को भी शामिल कर उन्हें लाभ देंगे। बाबा साहेब आंबेडकर ने विरोध किया था कि धार्मिक आधार पर देश में आरक्षण नहीं हो सकता, लेकिन यह लोग धार्मिक आधार पर समाज को बांटकर देश के विभाजन की नींव रखना चाहते हैं। यह लोग अनुसूचित जाति के अधिकारों पर कुठाराघात करना चाहते हैं। यूपीए सरकार के समय ऐसे प्रयास प्रारंभ हुए थे। भाजपा ने विरोध करते हुए कहा था कि अनुसूचित जाति, जनजाति को संविधान प्रदत्त अधिकार मिलने से कोई वंचित करेगा तो भीषण आंदोलन करेंगे। भाजपा ने आंदोलन भी किया था। सीएम योगी ने कहा कि 1947 में कांग्रेस ने देश को बांटा, अब भारतवासियों के संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाने की बात कह रही है। आपके दादा-पिता की कमाई गई संपत्ति में से आधी पर कांग्रेस व सपा का अधिकार हो जाएगा। यह लोग कह रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को रूचि के अनुसार खानपान की स्वतंत्रता देंगे। सीएम ने पूछा कि भारत में अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का भोजन अलग है क्या। हमारा बहुसंख्यक समाज गोमांस नहीं खाता पर यह अल्पसंख्यकों को गोकशी की छूट देंगे। कांग्रेस व सपा की इस मांग को स्वीकार नहीं करना है। यह आस्था से खिलवाड़ है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सपा-बसपा के लोग इन्हें सपोर्ट कर रहे थे। तब कांग्रेस ने हमारे आराध्य देवों के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए। काशी और अयोध्या पूरा हो गए, अब हम ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं। भाजपा ने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान होगा और समान नागरिक कानून लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में अब तक हुए 16 में से सभी 16 सीटों पर भाजपा व सहयोगी दल जीत रहे हैं। 80 की 80 सीटें भाजपा जीतेगी। सीएम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की मृत्यु पर मैं उनके घर श्रद्धांजलि देने गया। पीएम मोदी ने संवेदना व्यक्त की। सपा ने कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना के एक भी शब्द व्यक्त नहीं किए और माफिया के घर फातिहा पढ़ने चले गए। सीएम ने आह्वान किया कि ऐसी सपा को स्वीकार नहीं करना है। ऐसे लोगों को फिर से फातिहा पढ़ने भेज दीजिए। आपके लिए मेडिकल कॉलेज भी भारतीय जनता पार्टी ने दिया है। भाजपा सुरक्षा व समृद्धि के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री राकेश सचान, अजीत पाल, भाजपा सांसद व उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद गीता शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, विधायक सरिता भदौरिया, गुड़िया कठेरिया, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रेमदास कठेरिया आदि मौजूद रहे।

हाइकोर्ट ने धनंजय सिंह...

प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत अभिनव सिंघल ने लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम सिंह के खिलाफ अपहरण, रंगदारी, आपराधिक साजिश रचने आदि के साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कराया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी की एमपी-एमएलए अदालत ने धनंजय और संतोष विक्रम सिंह को दोषी करार दिया था। फैसला सुनाते हुए अदालत ने धनंजय और विक्रम को अपहरण के लिए 07 साल कठोर कारावास के साथ 50,000 रुपये जुर्माना, 05 साल कठोर कारावास तथा 25,000 रुपये जुर्माना, 01 साल कठोर कारावास और 10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जानबूझकर अपमान के लिए 02 साल कठोर कारावास एवं 15,000 रुपये जुर्माना एवं आपराधिक साजिश के लिए 07 साल कठोर कारावास तथा 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। इससे पहले शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धनंजय को जौनपुर जेल से बरेली जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा, जिला प्रशासन ने उन्हें बरेली जेल में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी थी जिसके बाद आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया। गौरतलब है कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला सिंह जौनपुर से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

मेरे सिंदूर और मंगल...

वो लोग भी बदले घटनाक्रम में आज सत्ता के पाले में हैं और यह सब देखकर मुझे डर है कि ये लोग मेरे पति की हत्या का प्रयास कर सकते हैं, या उनको किसी और फर्जी मुकदमो में फंसाने का कुचक्र कर सकते हैं। उन्होंने कहा मेरे पति का गुनाह सिर्फ इतना है कि वो निर्भीक हैं, आपकी (जनता) लड़ाई में उन्होंने कभी समझौते नहीं किये। उन्होने बिना रुके, बिना थके जौनपुर के लोगों की सेवा की है और जब जनता आवाज को सदन तक पहुंचाने के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया तो उनके ऊपर फर्जी मुकादमे कायम कराये गए। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को और रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि अभी जब उच्च न्यायालय ने बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था तो भी ये लोग बौखलाहट में उनकी जेल बदल दी। इन लोगो के अंदर उच्च न्यायालय के फैसले का भी इंतजार करने का या उसका सम्मान करने का साहस नहीं। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे और मेरे पति को न्यायालय पर पूरा भरोसा है। अंत मे उन्होंने कहा कि आज वक्त है कि हम सब साथ मिलकर वोट के सौदागरों को जवाब दें, पैसे और ताकत से लड़ाइयां नहीं जीतीं जाती उसके लिए लोगों का साथ और आशीर्वाद की जरुरत होती है। जो आज मेरे साथ है, आपके बेटे धनंजय सिंह के साथ हैं।

कुकी उग्रवादियों के...

सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक संयुक्त बल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान चलाया। तीन संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कुकी उग्रवादियों ने विभिन्न गांवों पर हमला करना शुरू कर दिया है। पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मुख्य पुल को उड़ा दिया गया था, जिससे राज्य देश के बाकी हिस्सों से कट गया था और शुक्रवार को भारी हथियारों से लैस कुकी आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों पर हमला किया।

आतंकवाद, नक्सलवाद...

तो कोई भी पाकिस्तान से देश में प्रवेश कर सकता था और बम विस्फोट कर सकता था। उन्होंने कहा, 'जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उरी में आतंकवादी हमले किए, तो वह भूल गया कि उस समय मोदी प्रधानमंत्री थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकवादियों को खत्म करने के लिए 10 दिन में सर्जिकल और हवाई हमले किए। शाह ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने के लिए लोगों से नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सुरक्षित करने और इसे समृद्ध बनाने के लिए काम किया है। कंाग्रेस पार्टी अपने शासन के 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर ले आई थी। प्रधानमंत्री मोदी केवल 10 वर्ष में इसे पांचवें स्थान पर ले आए। मैं आपको गारंटी देता हूं कि उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए और भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।''

कन्नौज सीट के...

तिवारी, रियाजुउद्दीन, मुन्नालाल, तुराब अली, सोनेश्री, गीता देवी, राम नरेश है। हरदोई (सु.) लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें किसी भी प्रत्याशी का नामांकन पत्र खारिज नहीं हुआ। मिश्रिख (सु.) सीट के लिए 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा एक प्रत्याशी भरतलाल का नामांकन पत्र खारिज हुआ। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें अभी छेदीलाल यादव, अरविन्द कुमार पटेल, महेन्द्र कुमार, धनीराम, शिव शंकर, अजय कुमार, दुर्गा प्रसाद, मुन्नी लाल, राम खेलावन, रूक्सार अहमद हैं। फर्रूखाबाद सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें रंजीत सिंह, विक्रांत सिंह, मानसिंह यादव, नरेन्द्र सिंह, यदुनाथ सिंह, संतोष, इरशाद, दीपक कुमार हैं। इटावा (सु.) लोकसभा सीट के लिए 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा सात प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें हरीश कुमार, राजरानी, वीर सिंह, रवि शास्त्री, बसंत लाल, रूपेश, श्रीपति सहाय नागर हैं। कानपुर लोकसभा सीट के लिए 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें पंकज पटेल, प्रीती राठौर, संजय कुमार त्रिवेदी, अरविन्द कुमार, अरूण कुमार, जयप्रकाश पाण्डेय, मोहित कुमार साहू, रमेश चन्द्र अवस्थी, राकेश सिंह गिहार, राजू भारती, सुभाष चन्द्र, सुरेन्द्र बाजपेयी, डा. विजय नारायण पाल हैं। अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें दिनेश कुमार पटेल, प्रदीप, कुलदीप कुशवाहा, रंजना दीक्षित, डा. विजय नारायण पाल हैं। बहराइच लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें प्रभुनाथ, रामरूप, वृक्षराम हैं। ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें किसी भी प्रत्याशी का नामांकन पत्र खारिज नही हुआ।

ईडी ने बेहद...

ईडी के पास और विकल्प नहीं बचा था। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री धामी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन देश-प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान

राजधानी में चल रही 16वीं सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड के बहुउद्देशीय हॉल में रोल बाल फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 16वीं सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड और हिमाचल के बीच आयोजित मैच का आनंद लिया। इससे पहले सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया और खेल के क्षेत्र में देश-प्रदेश का नाम रौशन करने का आह्वान किया। देशभर की 28 टीमें ले रहीं भाग- उल्लेखनीय है कि 25 से 28 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में देशभर की 28 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप के प्रेसिडेंट पंकज भारद्वाज, सेकेट्री चिरतानजी नेगी, अमित भाटिया, आशीष नेगी, डॉ. वरुण प्रताप सिंह, प्रियांक शर्मा, प्रमोद कुमार आदि खेल प्रेमी थे।

तेलंगाना में भाजपा की बड़ी जीत होने वाली है: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में चुनाव संपन्न होने के बाद तेलंगाना में प्रचार करने गए थे। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि देश भर के साथ ही तेलंगाना में भी भाजपा उम्मीदवारों की बड़ी जीत होने वाली है।

मुख्यमंत्री धामी पिछले दिनों तेलंगाना में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में स्टार प्रचार के रूप में रोड शो और नामांकन सहित विभिन्न चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रचार किया था। प्रचार से लौटने के बाद देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हैदराबाद, तेलंगाना और आसपास के मतदाताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जो विश्वास दिख रहा है, उससे भाजपा को निश्चित ही लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार मतदाता 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को लेकर एक बड़ा उत्साह है। भाजपा के पक्ष में दोनों चरणों में मतदान पड़ा है। पार्टी की ओर से जहां-जहां भी उन्हें प्रचार के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी उस पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा।

मुख्यमंत्री ने वन विकास निगम के अध्यक्ष के स्वास्थ्य की ली जानकारी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अध्यक्ष, उत्तराखंड वन विकास निगम के कैलाश चंद्र गहतोड़ी से उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पहुंच कर मुलाक़ात की। उनकी कुशल क्षेम पूछी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुये उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके परिवार जनों को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

संक्षिप्त समाचार

विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार की जनता को राहत देने के प्रशासन को दिए निर्देश

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने क्षेत्र के नागरिकों के लिए विशेष कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शनिवार को बताया कि गर्मी का प्रकोप बढ़ने से कोटद्वार के जनता को हो रही समस्याओं से प्रशासन को अवगत हुए संबंधित विभागों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कोटद्वार में हो रही जल समस्या को ध्यान में रखते हुए जल संस्थान को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने जनता और समाचार पत्रों के माध्यम से मिली सूचनाओं पर अमल करते हुए विभाग को पत्र लिखकर जवाब मांगा। उन्होंने बताया कि देवी रोड पर पनियाली गदेरे के ऊपर से गुजर रही 12 इंची पाइप लाइन पर लीकेज होने के कारण नजीबाबाद रोड क्षेत्र में बने घरों में पानी कम प्रेशर से पहुंच रहा है। इसके अतिरिक्त नजीबाबाद रोड पर दो पेयजल नलकूप फूंकने से आसपास की कई मोहल्ले में पिछले कई दिनों से पेयजल की किल्लत हो रही थी, जिससे संबंधित अधिशासी अभियंता जल संस्थान को पत्र लिखकर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि पूरे उत्तर भारत में इस वक्त गर्मी से बुरा हाल है। ऐसे मौसम में पानी की उचित व्यवस्था होनी ही चाहिए। उन्होंने बताया कि विभाग को पानी की आपूर्ति करने के लिए पहले से ही नलकूप की व्यवस्था कर दी गई थी, कोटद्वार में पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए हमने कई नए नलकूप पिछले माह ही उपलब्ध कराये हैं। इसके अतिरिक्त विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार नगर आयुक्त को पत्र लिखकर गोखले मार्ग पर हो रही जनता की शिकायतों पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। गोखले मार्ग शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। इससे अनधिकृत कब्जों से राहगीरों का पैदल चलना दुश्वार हो गया है। जनता के हित में मार्ग को तुरंत सुगम करने के लिए प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने की हिदायत दी है।

18 करोड़ की ज्वैलरी चोरी करने वाले गैंग के दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने ठक ठक गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से एक मुख्य आरोपित है। विकासपुरी के सनसनीखेज 18 करोड़ रूपए की ज्वैलरी की चोरी के मामले में इनकी पुलिस को काफी अरसे से तलाश थी। इनके पास से भारी मात्रा में ज्वैलरी बरामद की गई है, जिसकी कीमत एक करोड रुपए बताई जा रही है। इसमें सोने और हीरे की ज्वैलरी शामिल है। गैंग का मास्टरमाइंड दीपक उर्फ आरडीएक्स है, जो पहले से ही 37 मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार लगभग डेढ़ साल पहले सितंबर, 2022 में हुई 18 करोड़ रुपए के आभूषणों की चोरी के मामले में इन लोगों की तलाश थी। डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि उक्त मामले में क्राइम ब्रांच की टीम भी काफी समय से लगी हुई थी।आखिरकार इन दोनों को पकड़ने में कामयाब हुई। एसीपी सुशील कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, एसआई श्याम बिहारी, मनोज कुमार की टीम ने इन दोनों को संगम विहार इलाके से दबोचा है। दोनों की पहचान मदनगीर के रहने वाले दीपक और संगम विहार के रहने वाले दीपक उर्फ आरडीएक्स के रूप में हुई। आरडीएक्स पहले से हत्या, चोरी, छीना-झपटी और आर्म्स एक्ट इत्यादि के 37 मामलों में शामिल है जबकि उसका साथी दीपक भी 20 मामलों में आरोपित है।

अचानक बदला मौसम का मिजाज, बौछार से भीगा देहरादून

देहरादून। इन दिनों सूरज के तल्ख तेवर से धूप की तपिश झेल रहे देहरादून को शनिवार को बारिश की बौछारें भीगा गईं। सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और राजधानी देहरादून सहित कई इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश थमने के बाद लगातार बादलों के बीच लुका-छिपी जारी है। कई दिनों से सता रही गर्मी से बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई। मौसम विभाग ने पहले ही पर्वतीय इलाकों में बारिश की चेतावनी दी थी। मौसम विज्ञान केंद्र निदेशक बिक्रम सिंह ने पर्वतीय इलाकों में तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश और झोंकेदार हवाएं चलने के आसार बताए थे। पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को सुबह आसमान में गर्जन के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई। मौसम के बदलते मिजाज से लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई।

नैनीताल में सैन्य प्रतिष्ठान के पास तक पहुंची आग, हेलिकॉप्टर से पाया गया काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएं अप्रैल माह में ही भयावह स्वरूप में नजर आ रही हैं। खासकर नैनीताल में जहां खास तौर पाइंस क्षेत्र के जंगलों में लगी आग ने शुक्रवार को एक पुराने घर को अपनी चपेट में ले लिया था और उच्च न्यायालय की आवासीय कॉलोनी के पास सड़क तक पहुंच गयी थी। इससे भारतीय सेना के लड़ियाकांठा पहाड़ी पर स्थित संवेदनशील क्षेत्र तक पहुंचने की आशंका भी पैदा हो गयी थी। इसके बाद यहां भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर को आग बुझाने के कार्य में लगा दिया गया है। शनिवार सुबह से सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर भीमताल झील से करीब 5000 लीटर क्षमता की बतायी जाने वाली बॉम्बी बकेट से पानी लेकर करीब 20 चक्कर लगाकर यहां पानी की बौछारें छोड़ीं गयीं। तब जाकर आग पूरी तरह बुझी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि इसके बाद सेना, वन विभाग एवं जिला प्रशासन इस तरह आग बुझाने के प्रयोग की प्रभावशीलता का आंकलन कर रहे हैं। यहां आग बुझाने के बाद वन विभाग की जरूरत के आधार पर अन्य स्थानों पर भी हेलीकॉप्टर के उपयोग पर निर्णय लिया जाएगा। नैना रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर के 5 प्रयासों यानी 5 बार पानी डालने के बाद लड़ियाकांठा स्थित सैन्य प्रतिष्ठान के आसपास के क्षेत्रों में लगी आग को बुझा लिया गया है। बताया जा रहा है इसके बाद हेलीकॉप्टर भवाली के सेनिटोनियम क्षेत्र में आग बुझाने में लगाया गया है। उधर भीमताल झील से हेलीकॉप्टर द्वारा पानी लिये जाने की वजह से झील में नौकायन सहित पर्यटन गतिविधियां रोक दी गयी हैं। बताया गया है कि शनिवार को अब तक नैनीताल जनपद में केवल 3 नई वनाग्नि की घटनाएं हल्द्वानी वन क्षेत्र के जौलासाल क्षेत्र के भरगोट के कंपार्टमेंट नंबर 20 व 21 और लबार के कंपार्टमेंट नंबर 37 में होने की बात सामने आयी है। वर्ष 2019 में उत्तराखंड में वनाग्नि की 2158 घटनाएं हुईं। इनमें कुल 2981.55 हेक्टेयर वन प्रभावित हुआ, 6 पशुओं की मौत हुई और 55.93 लाख रुपये की संपदा का नुकसान हुआ। वहीं 2020 में जंगलों में आग लगने की केवल 135 घटनाएं रिकॉर्ड हुईं और इनमें 172.69 हेक्टेयर वन भूमि पर आग लगी। इस दौरान 44.41 लाख रुपये की संपदा का नुकसान हुआ। इसी तरह 2021 में 3943.89 हेक्टेयर वन भूमि में आग लगने की 2813 घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में 29 पशुओं की मौत हुई और 1.06 करोड़ रुपये की वन संपदा का नुकसान हुआ। जबकि 2022 में 3425.05 हेक्टेयर वन भूमि पर वनाग्नि की 2186 घटनाएं हुईं और 89.26 लाख रुपये की संपदा वनाग्नि की भेंट चढ़ीं। जबकि 2023 में 933.55 हेक्टेयर वन भूमि पर वनाग्नि की 773 घटनाएं हुईं।

चारधाम यात्रा : ट्रांजिट कैंप और आईएसबीटी परिसर का नगर आयुक्त और एसडीएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा 2024 के दृष्टिगत नगर आयुक्त नगर निगम, ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी और उपजिलाधिकारी, ऋषिकेश कुमकुम जोशी ने संयुक्त रूप से ट्रांजिट कैंप और आईएसबीटी परिसर का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान शौचालय, पार्किंग, पेयजल, अतिक्रमण, रेन बसेरा आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही आईएसबीटी स्थित रैन बसेरा की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की निर्देश दिए गए। आईएसबीटी और ट्रांजिट कैंप में चार धाम यात्रियों की सुविधा के लिए नगर निगम ऋषिकेश की ओर से मोबाइल टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराने और नगर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ठगी के मामले में महिला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को भारत के अलग-अलग शहरों और नेपाल के पीड़ितों की तरफ से कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने की 53 शिकायत मिली थी। इन शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ईओडब्ल्यू ने रैकेट की मास्टरमाइंड एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। ये रैकेट अब तक 150 से ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना चुका है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने नौकरी लगाने के नाम पर करीब 4 से 5 करोड़ रुपये लोगों से ठगे हैं। ईओडब्ल्यू के डीसीपी विक्रम के. पोरवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली, राजस्थान, उप्र, पंजाब, हरियाणा, तमिलनाडु समेत देश के अलग-अलग हिस्सों से 23 पीड़ितों की ओर से कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने की ज्वाइंट कंप्लेट मिली थी। इसके बाद 29 नेपाल मूल के पीड़ितों की भी एक ज्वाइंट शिकायत मिली। इसमें एक महिला की तरफ से धोखाधड़ी किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। अब पुलिस ने उक्त अपराध कराने वाली महिला और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है। महिला की पहचान दीपिका (बदला हुआ नाम) के रूप में की गई। उस पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को फंसाकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं। इस धोखाधड़ी से करीब 4 से 5 करोड़ रुपये की ठगी करने का अनुमान लगाया गया है। धोखाधड़ी की शिकायतें मिलने के बाद मार्च, 2024 में ईओडब्ल्यू थाना, नई दिल्ली में आईपीसी की धारा 420/120 (बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। डीसीपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों को पकड़ने के लिए टेक्नीकल सर्विलांस से लेकर मुखबिरों को अलर्ट किया गया। मुखबिरों से सूचना मिली कि दिल्ली ऑफिस को बंद करने के बाद आरोपितों ने चंडीगढ़ में नया ऑफिस, नए नाम से खोला है और वहां पर ठगी का गोरखधंधा शुरू किया गया है। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने इस रैकेट की मास्टरमाइंड आरोपित महिला दीपिका को पंजाब के जीरकपुर स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया। परिसर में तलाशी लेने पर 02 लैपटॉप, 10 से ज्यादा मोबाइल फोन और 03 पासपोर्ट के साथ अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

प्रदेश के 38 विधायक गैरसैंण विरोधी आप नेता रविंद्र ने फोड़ा लेटर बम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी नेता एवं मंडी समिति देहरादून के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद ने प्रदेश के 38 विधायक गैरसैंण विरोधी हैं। पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद ने शनिवार को प्रेस क्लब में एक लेटर बम फोड़ा। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी 2024 को देहरादून में हुए विधानसभा सत्र जो गैरसैंण में प्रस्तावित था। इसको गैरसेंण में न कराए जाने के लिए 38 विधायकों का समर्थन था। इसमें कांग्रेस, निर्दली और भाजपा के विधायक भी शामिल थे। रविंद्र के अनुसार 14 विधायकों के नाम इस सूची से छिपाए जा रहे हैं। उनका मानना है कि इन नामों में वरिष्ठ मंत्री और मुख्यमंत्री भी हो सकते हैं। जिन 24 नामों का उन्होंने खुलासा किया है, उनमें कांग्रेस के सुमित हृदयेश, तिलकराज बेहड़, निर्दलीय उमेश कुमार का नाम भी शामिल हैं। इसी कड़ी में भोपाल राम टम्टा, अरविंद पांडे, बिशन सिंह चुफाल, प्रदीप बत्रा, सविता कपूर, दिलीप रावत, सरदार त्रिलोक सिंह, उमेश शर्मा काऊ जैसे नाम भी शामिल है जो गैरसैंण में सत्र के पक्ष में नहीं थे। आप नेता रविंद्र के अनुसार 26 फरवरी 2024 को विधानसभा देहरादून के बाहर किए गए प्रदर्शन के उपरांत उन्होंने गैरसैंण में सत्र न कराए जाने वाले विधायकों और माननीयों के नाम के खुलासे के लिए विधानसभा कार्यालय में आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी, लेकिन प्रथम आरटीआई में जानकारी न देते हुए तथ्यों को छुपाने का प्रयास किया गया।

टीएचडीसी और एसजेवीएन ने टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स में हाई-पर फॉर्मेंस अकादमी के विकास को एमओयू पर किए हस्ताक्षर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। भारत में वाटर स्पोर्ट्स के विकास में क्रांति लाने के उद्देश्य से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएन फाउंडेशन ने एक विशेष समारोह में टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स, उत्तराखंड में टीएचडीसीआईएल हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आरके विश्नोई ने इस ऐतिहासिक कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एमओयू इंगित करता है कि हाइड्रो परियोजनाएं न केवल देश को 24ड्ड7 किफायती विद्युत उपलब्ध करवा सकती हैं, बल्कि विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए देश में खेल की शक्ति को भी बढ़ावा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि हाइड्रो परियोजनाओं में न केवल ऊर्जा के दोहन में नए मानक स्थापित करने की क्षमता है अपितु बुनियादी ढांचे के निर्माण और क्षेत्र की उभरती एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने के लिए मंच प्रदान करने और वाटर स्पोर्ट्स को अगले क्षितिज पर ले जाने में भी मदद प्रदान कर सकती हैं, जिससे भारत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल परिदृश्य पर भी गौरवान्वित किया जा सकता है। विश्नोई ने कहा कि इस दूरदर्शी पहल के मूल में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की समग्र राष्ट्रीय विकास के प्रयासों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता निहित है, जिसका उदाहरण वर्ष 2022 और 2023 में टिहरी, उत्तराखंड में दो राष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स के सफल आयोजनों से मिलता है। यह महत्वपूर्ण पहल वाटर स्पोर्ट्स की कयाकिंग और कैनोइंग स्ट्रीम्स के लिए प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक सहयोगात्मक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, ताकि हमारे युवाओं को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जा सके। महाप्रबंधक (एसजेवीएन) अवधेश प्रसाद और महाप्रबंधक (टीएचडीसीआईएल) अमरदीप ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर, एसजेवीएन एवं निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड शैलेन्द्र सिंह, और एसजेवीएन और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एसजेवीएन कार्यालय, दिल्ली में इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन गीता कपूर ने कहा कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ यह साझेदारी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी आयोजनों के लिए हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पावर पीएसयू की एक साथ आने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हाई-परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने और भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अनुकूल माहौल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह एक सहयोग की शुरुआत है जो देश के युवाओं को नवीनतम खेल बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाने में मदद करेगा एवं उन्हें अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारत की खेल उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करेगा। निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसीआईएल शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ पावर पीएसयू द्वारा प्रतिभा को पोषित करने, खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों का एक नया अध्याय आकार ले चुका है। खेल के बुनियादी ढांचे के विकास में कॉर्पोरेट तालमेल के लिए एक मिसाल कायम करने वाली इस परिवर्तनकारी साझेदारी के साथ, अन्य प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी इसी तरह की परिवर्तनकारी पहल को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ हाथ मिला रहे हैं, जो भारत को खेल उत्कृष्टता और वैश्विक मान्यता की ओर ले जा रहे हैं।

इस दूरदर्शी साझेदारी के तहत, एसजेवीएन फाउंडेशन, एसजेवीएन लिमिटेड की सीएसआर विंग, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही कयाकिंग और कैनोइंग हाई-परफॉर्मेंस अकादमी में एक अत्याधुनिक उन्नत जिम्नेजियम की स्थापना के लिए 1.00 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इस परियोजना को टीएचडीसीआईएल द्वारा प्रायोजित गैर-लाभकारी पंजीकृत सोसायटी सेवा-टीएचडीसी के माध्यम से विकसित और कार्यान्वित किया जा रहा है, इस परियोजना को एमओयू पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 12 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063